Page 11 | खेल
हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
Page 10 | देश



मनिका बत्रा ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद मान्यु को हराया


दिल्ली के रण में उतरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं मनोज तिवारी, दूसरे नंबर पर बिधुड़ी



शुक्ल पक्ष कृतिका संवत 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 08 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 147 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72,380 | ₹85,000 |



## आज का इतिहास

- 2008 : भारतीय मूल के 69 वर्षीय लार्ड स्वराजपाल ब्रिटेन के चौथे सबसे बड़े विश्व विद्यालय ब्रिटिश यूनिवर्सिटी के कुलपति नियुक्त।
- 1962 : रणबिंद्र भारती विश्वविद्यालय की स्थापना 8 मई को कोलकाता में की गई थी, जो भारतीय कवि रवींद्रनाथ टैगोर की जन्मशती के रूप में चिह्नित किया गया था, जो साहित्य के पहले गैर-यूरोपीय नोबेल पुरस्कार विजेता थे।

## न्यूज बाइट्स

### कश्मीर के कुलगाम में 2 आतंकी ढेर

**जम्मू-कश्मीर (ए.)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। मारा गया पहला आतंकी लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार है। बासित पर 10 लाख रुपए का इनाम था। वह कश्मीर में कई लोगों की हत्या में शामिल रहा है। मारे गए दूसरे आतंकी का नाम फहीम अहमद है। वह ओवर ग्राउंड वर्कर था, जो आतंकियों की मदद करता था।

### हाईकोर्ट के 26 हजार नौकरियां रद्द करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया स्थगनादेश

**नईदिल्ली (ए.)।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एसएससी मामले में 25 हजार 753 नौकरियां रद्द कर दीं थी। जिसके बाद राज्य ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने नौकरी रद्द करने के फैसले को फिलहाल निलंबित कर दिया। चीफ जस्टिस ने कहा, अभी नौकरी रद्द नहीं की जा रही है। रोक की वजह बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, अगर योग्य और अयोग्य को अलग करना संभव है।

# लोकसभा चुनाव : तिसरे चरण में सबसे अधिक हुआ मतदान

एजेंसी | नयी दिल्ली

लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव में मंगलवार को 11 राज्यों और केन्द्र शासित दादर-नगर हवेली तथा दमन एवं दीव की कुल 93 सीटों पर शाम पांच बजे तक 60.19 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग की सूचना के अनुसार असम में सबसे अधिक 74.16 प्रतिशत मतदाता वोट डाल चुके थे जबकि पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत और गोवा में 72.52 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र में मतदान की गति सबसे धीमी थी और शाम पांच बजे तक 53.40 प्रतिशत वोट पड़े थे।

तीसरे चरण में एक-दो घटनाओं को छोड़कर अभी तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है और कहीं से कोई अप्रिय रिपोर्ट नहीं मिली है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) उम्मीदवार मोहम्मद सलीम ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मतदाताओं को मतदान केंद्र में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया और इस संबंध में चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आयी है, जहां मतदान करने आये एक बुजुर्ग मतदाता की अचानक गिरने से मौत हो गयी। मृतक के पहचान पत्र से पता चला कि उसका नाम तारसियुस टोप्पो था। जशपुर जिले में मतदान केन्द्र में मधुमक्खियों के हमले में आठ लोग पीड़ित हुये। पीड़ितों का जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। इसके अलावा अभी तक कहीं से भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आयी है। बिहार में सुपौल लोकसभा क्षेत्र में मतदान से पूर्व मतदान केन्द्र संख्या 158 के प्रथम पीठासीन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार की हृदय गति रुक जाने से मौत हो गयी। वहीं बिहार के मधेपुरा में मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया। शाम 5 बजे तक 54.92% वोटिंग हुई है। उदाकिशुनगंज में पहली बार मतदान करने निकले युवा मतदाताओं में उत्साह दिखा। युवाओं ने वोट देने के बाद कहा कि देशहित में मतदान किया। वहीं, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### आयोग के अनुसार राज्य वार मतदान प्रतिशत

असम 74.86, बिहार 56, छत्तीसगढ़ 66.87, दादर-नगर हवेलीऔर दमन एवं दीव 65.23, गोवा 72.52, गुजरात 55.22, कर्नाटक 66.05, मध्य प्रदेश 62.28, महाराष्ट्र 53.40, उत्तर प्रदेश 55.13, पश्चिम बंगाल 73.93

### बिहार में 5 बजे तक 56 प्रतिशत हुआ मतदान

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत बिहार की पंक सीटों पर वोटिंग जारी है। यहां 5 बजे तक कुल 54.35 फीसद वोटिंग हुई है. जिसमें झंझारपुर में 53.29%, सुपौल में 58.91%, अररिया में 58.57%, मधेपुरा में 54.92% और खगड़िया में 54.35% वोटिंग हुई है। लोकसभा आम चुनाव के तहत मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के बिहारीगंज विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 151, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विष्णुपुर (बिहारीगंज प्रखंड) शाम 5.30 बजे ही मतदाताओं से खाली हो गया. यहां के पीठासीन पदाधिकारी ने बताया कि कुल 311 पुरुष एवं 364 महिला मतदाताओं ने मतदान किया है.

### खगड़िया में दो गांव के लोगों के बीच झड़प, ईवीएम तोड़ा

बिहार के खगड़िया में दो गांव के ग्रामीणों में झड़प हो गयी। लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा अंतर्गत पौरा पंचायत के प्रयागी गांव और सहरौंन गांव के ग्रामीणों के बीच झड़प हो गयी। वहीं आक्रोशित लोगों ने दो ईवीएम मशीन को तोड़ दिया। जिससे मतदान कार्य थोड़ी देर के लिए बाधित हो गया। बताया जाता है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर पोरा पंचायत के सहरौन गांव के निवासी वोट बहिष्कार कर रहे थे। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं धारा 144 लागू कर दी गयी।

### बिहार के सुपौल में वोट बहिष्कार

सुपौल के वीरपुर अंतर्गत सीतापुर वार्ड 10 स्थित मतदान केंद्र संख्या 76 पर आधे घंटे तक मतदान का बहिष्कार दिखा। उसके बाद एसडीएम नीरज कुमार की पहल पर लोग माने और मतदान के लिए बूथों पर कतार में लगे। बता दें कि यहां सड़क निर्माण की मांग पर लोगों ने वोट का बहिष्कार किया था। सुपौल के ही छातापुर प्रखंड क्षेत्र में बूथ संख्या 194 पर एक वोट गिरने के बाद मतदाताओं के वोट बहिष्कार करने की सूचना बीडीओ को मिली।

# विश्वविद्यालयों की गतिविधियों की होगी पोर्टल से निगरानी

- पोर्टल के जरिये रखे जाएंगे परीक्षाओं के आंकड़े सुरक्षित

निज संवाददाता | पटना



राज्य के विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक, प्रशासनिक और अकादमिक गतिविधियों पर शिक्षा विभाग के पोर्टल से अब सीधी नजर रखी जाएगी। अब राज्य के विश्वविद्यालय समर्थ पोर्टल का उपयोग करेंगे। इसमें विश्वविद्यालयों से जुड़ी तमाम सूचनाओं अपडेट रहेंगी। इस पोर्टल के जरिये परीक्षाओं के आंकड़े भी सुरक्षित रख सकेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से यह कदम उठाया गया है। इसके लिए विभाग ने शिक्षा मंत्रालय से एमओयू किया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक, वर्तमान में राज्य के विश्वविद्यालय अलग-अलग आउटसोर्सिंग एजेंसी की सेवा लेकर परीक्षाओं के आंकड़े तैयार करते हैं और उसे सुरक्षित रखते हैं। इससे विश्वविद्यालयों को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है। वहीं एजेंसी की सेवा पूरी तरहविश्वसनीय भी नहीं होता। कभी-कभी तो एजेंसी बीच में काम छोड़कर चली जाती है। इससे संबंधित विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी काम अधर में लटक जाता है। विभाग ने जो समर्थ पोर्टल लांच किया है उस पर विश्वविद्यालयों से जुड़ी तमाम सूचनाएं उपलब्ध होंगी। शिक्षा विभाग के समर्थ पोर्टल पर सभी विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का डाटा अपलोड कर उसे सुरक्षित रखा जाएगा। यहां तक कि विद्यार्थियों का नामांकन, पंजीकरण, परीक्षाफल संबंधी सारी सूचना पोर्टल पर अपलोड होगी। विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्य और वित्तीय प्रबंधन की भी अपडेट सूचनाए उपलब्ध करायी जाएगी। विद्यार्थियों को एक साथ अधिक कॉलेज का चुनाव करने का अवसर मिलेगा। साथ ही पंजीकरण कराने के बाद मनपसंद पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकेंगे। शिक्षा विभाग ने इस पोर्टल के उपयोग को लेकर विश्वविद्यालयों को गाइडलाइन जारी किया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 12 मई को पटना में होगा रोड शो

निज संवाददाता | पटना



लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर बिहार आ रहे हैं। अबकी बार अहम यह होगा कि बिहार में 24 घंटे रहेंगे भी। पहले दिन पटना में प्रधानमंत्री 12 मई को रोड शो करेंगे। इस रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद एवं रामकृपाल यादव के लिए वोट मांगेंगे। बता दें कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह पहला मौका होगा, जहां वह अपने किसी प्रत्याशी के लिए रोड शो करते हुए सड़कों पर नजर आएंगे। दूसरे दिन यानी 13 मई को हाजीपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर एवं सारण में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें वैशाली एवं मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए पताही हवाई अड्डा मैदान में प्रधानमंत्री की संयुक्त सभा होगी। अभी तक तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो आयकर गोलंबर से डाक बंगला चौराहा होते हुए कदम कुआं में संपन्न होगा। इस बीच उनका काफिला जेपी गोलंबर बाकरगंज होते हुए ठाकुरबाड़ी की तरफ से गुजरेगा। हालांकि अभी रोड शो के रूट मैप में बदलाव की संभावना है।

# बिहार में लापरवाही बरतने वाले 504 पदाधिकारियों पर कार्रवाई

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में मिड डे मील योजना की निगरानी व्यवस्था की अवहेलना करने वाले 504 पदाधिकारियों का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है। यह वह अधिकारी हैं जिन्होंने मध्याह्न भोजन वितरण से संबंधित विशेष रिपोर्ट के लिए लगाए गए एक कॉल का जवाब नहीं दिया। वेतन में यह कटौती तीन से सात दिनों के लिए की गई है। मध्याह्न भोजन निदेशालय द्वारा यह निर्देश जारी किया गया है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक संबंधित प्राथमिक और मध्य विद्यालय के 328 प्रधानाध्यापकों के वेतन में से सात दिन की कटौती , 146 प्रखंड साधन सेवियों के वेतन में से पांच दिन और 30 जिला कार्यक्रम प्रबंधक या जिला समन्वयकों के वेतन में से तीन दिन कटौती के आदेश जारी हुए है। जिन पदाधिकारियों या कर्मियों का अप्रैल में वेतन भुगतान कर दिया गया हो, वैसे पदाधिकारियों का मई के वेतन में कटौती की जायेगी। मध्याह्न भोजन के प्रभारी उप निदेशक बालेश्वर प्रसाद यादव ने इस आशय के जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिये हैं।

# सरकार बनते ही पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा : राहुल गांधी

निज संवाददाता | रांची



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को झारखंड में दो चुनावी रैलियां को संबोधित करते हुए लोगों से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जीत दिलाने का आह्वान किया। श्री गांधी ने गुमला के बसिया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधते हुए आदिवासी, बेरोजगारी, अग्निवीर समेत कई मुद्दों पर उसे घेरा। उन्होंने देश में नईस रकार बनते ही सरना धर्म कोड लागू करने, गरीब किसानों का कर्ज माफ करने और गरीब परिवार की महिला के खाते में सालाना एक लाख रुपए यानी साढ़े आठ हजार रुपए महीने देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा।

# छह जिलों में झमाझम बारिश, आकाशीय बिजली का भी अलर्ट

निज संवाददाता | पटना

मंगलवार को मौसम ने करवट ली है। तेज धूप और लू से लोगों को राहत मिली है। गोपालगंज, मोतिहारी, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर और बगहा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। दिन में रात सा नजारा देखने को मिला। अंधेरा छा गया। पटना समेत कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को उत्तर बिहार के अधिकतर हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान मेघगर्जन और आकाशीय बिजली के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। बिहार में 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस के साथ अररिया जिला का रहा। वहीं प्रदेश का सबसे गर्म 40 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। कटिहार, पूर्णिया,अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा के यलो अलर्ट जारी किया गया है।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ी



**नयी दिल्ली (ए.)।** दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को 20 मई तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने श्री केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। राजधानी में राउस एवेन्यू की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने श्री केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया। मुख्यमंत्री की हिरासत की अवधि समाप्त हो रही थी। इस बीच, 'आप' के संयोजक को अंतरिम जमानत पर छोड़ने की एक याचिका उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है।

# सेना के कमांडेंटों ने भविष्य की रक्षा रणनीतियों पर चर्चा की

**नयी दिल्ली (नि.सं.)।** सेना के कमांडेंटों का छठा सम्मेलन मंगलवार को सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे में हुआ जिसमें भविष्य की रक्षा रणनीतियों की रूपरेखा पर विस्तार से मंथन किया गया। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के तत्वावधान में आयोजित किये गये इस सम्मेलन में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ प्रतिष्ठित सशस्त्र बल प्रशिक्षण संस्थानों और युद्ध कॉलेजों के कमांडेंटों ने भाग लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### कक्षा संचालन पर रोक का आदेश 14 तक विस्तारित

**गया।** जिले में भीषण गर्मी व लू की स्थिति के चलते बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए शैक्षणिक गतिविधियां संचालन को लेकर डीएम ने आदेश किए हैं। गया जिला के सभी निजी, सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों, कोचिंग संस्थानों सहित) में 10 वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां 10.30 बजे से शाम 04.00 बजे तक वहीं कक्षा 11वीं व 12वीं की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर सुबह 11.30 बजे से शाम 04.00 बजे तक प्रतिबंध लगाया गया था। जिसे सात से 14 मई तक विस्तारित कर दिया गया है। साथ ही स्कूलों को ऑनलाइन मोड में कक्षा संचालन की सलाह दी गई है।

### दुष्कर्म मामले में तीन को उम्रकैद

**मानपुर।** मानपुर गया पास्को कोर्ट द्वारा पहली बार सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दस दोषियों को एक साथ सजा सुनाई। पास्को कोर्ट के विशेष जज असिताभ कुमार द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुरहरी निवासी क्रमशः चन्द कुमार, गुड्डू मांझी और जहानाबाद जिले के रंजीत कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। जबकि सुरहरी निवासी प्रकाश रविदास , पिंटू रविदास , बबलू रविदास , सौरव कुमार , बीकू कुमार उर्फ राहुल , संजय कुमार , भूषण रविदास को 20 साल की सजा सुनाई गई । कोर्ट ने अभियुक्तों को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत सात हजार रुपया आर्थिक दंड भी लगाया। धारा-376 डी में 20 साल एवं पांच हजार रुपए , 323 भादवि में एक साल एवं पांच सौ रुपए , 354 डी में तीन साल और पांच सौ रुपए , 342 भादवि में एक साल एवं पांच सौ रुपया ,भादवि 452 में पांच साल एवं पांच सौ रुपया का आर्थिक दंड लगाया । सभी सजा साथ-साथ चलेगी । अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कैर सरफुद्दीन एवं कमलेश कुमार सिन्हा ने बहस की। जबकि बचाव पक्ष से चार अधिवक्ताओं ने बहस की थी । इस मामले में अभियोजन द्वारा पीड़िता सहित उसके परिजन, डॉक्टर, चार पुलिस पदाधिकारी की गवाही हुई थी वही बचाव पक्ष द्वारा एक कि गवाही कराई गई।घिनौने करतूतों को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को सजा दिलाने में तत्कालीन थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कमलेश कुमार शर्मा की अहम भूमिका रही। दैनिक भास्कर से बात करते हुए तत्कालीन थानाध्यक्ष ने अभियुक्तों को सजा मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सजा मिलने में लगभग साढ़े पांच वर्ष लग गए। क्या था मामला 25 अगस्त 2018 रक्षा बंधन का दिन था। पीड़िता अपने प्रेमी के साथ बाहोरा बिगहा स्थित प्रेमी के रिश्तेदार के अर्ध निर्मित मकान पर गई थी। जहां तीन अभियुक्तों ने घिनौनी वारदात को अंजाम दिया और वहीं सात अन्य अभियुक्त भी सहयोगी के भूमिका में थे। गैंगरेप के बाद अभियुक्तों ने दरिंदगी की सारी सीमाएं लांघ दी थी। घटना के लगभग डेढ़ महीने बाद वीडियो वायरल हुआ था। जिसके आधार पर एसआई राकेश कुमार के लिखित तहरीर पर 13 अक्टूबर 2018 को मामला दर्ज किया गया था। सनद रहे की पीड़िता मूल रूप से नवादा जिला के निवासी थी और टनकुप्पा थाना क्षेत्र स्थित ननिहाल में रह कर पढ़ाई कर रही थी।

### धड़-पकड़ अभियान में 39 को जेल, शराब व हथियार बरामद

**गया।** गया पुलिस की ओर से रविवार को जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी सहित अवैध खनन व शराब तस्करी पर लगाम को लेकर धर पकड़ अभियान चलाया गया। इसमें 39 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। वहीं वाहन जांच में एक लाख 71 हजार रुपए शमन राशि वसूली गई। इस अभियान में हत्या के प्रयास कांड में दस, दुष्कर्म कांड में एक, आर्म्स एक्ट में एक, एनडीपीएस एक्ट में दो, चोरी के कांड में पांच, वारंट की कार्रवाई में तीन व शराब कांड में 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अभियान के दौरान 21 वारंट का निष्पादन किया गया। जिलेभर में चलाए गए वाहन जांच में एक लाख 71 हजार रुपए शमन राशि वसूली गई। अवैध खनन, शराब तस्करी व अन्य मामलों में चार ट्रैक्टर, 13 बाइक, एक टेम्पू जब्त किया गया। अभियान में पांच मोबाइल, एक एटीएम कार्ड, दस हजार रुपए, 120 लीटर महुआ शराब, एक सौ लीटर चुलाई शराब, 28.160 लीटर विदेशी शराब, एक देशी कट्टा व एक जिंदा गोली बरामद किया गया है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अपराधियों को गिरफ्तार करने, अवैध खनन व शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए सभी अनुमंडल, अंचल व थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 39 अभियुक्तों को पकड़ा गया। अधिक से अधिक संख्या में अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पटवा टोली में फायरिंग कर मोबाइल की हुई छिनतई

**मानपुर।** बुनियादगंज थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन बदमाश वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वहीं पुलिस उद्भेदन अथवा रोक लगाने की जगह शिद्दत से मामले को दबाने में जुटी है। ताजा मामला पटवा टोली के बैजनाथ सहाय लेन स्थित आरा मिल के सामने फायरिंग कर मोबाइल छीनने का है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग 7.30 बजे आधा दर्जन हथियार बंद बदमाशों द्वारा मस्जिद गली निवासी आलोक कुमार को रोककर मारपीट की गई और उसका मोबाइल छीन लिया। जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ दो फायर करते हुए मौके से भाग खड़े हुए। अचानक हुई इस घटना से लोगों में दहशत फैल गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी में तैनात पुलिस मौके पर पहुंची।

### हाजत में तबीयत बिगड़ने से नालंदा के युवक की मौत, दहेज प्रताड़ना का था आरोपी, जहर खाकर थाने पहुंचने की आशंका

**नालंदा।** नालंदा के हिलसा थाना में सोमवार को दहेज प्रताड़ना के आरोपी एक युवक ने सरेंडर किया था। हाजत में ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बढ़नपुरा गांव निवासी भोला ठाकुर के बेटे नीरज कुमार उर्फ तुलसी के रूप में की गई है। दहेज प्रताड़ना के एक मामले में सोमवार को पुलिस ने उसके पिता को गिरफ्तार किया था। इसके बाद नीरज ने थाने में सरेंडर किया था। हाजत में ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। चर्चा है कि उसने जहर खा लिया या पहले से ही जहर खाकर थाना पहुंचा था। तबीयत बिगड़ने पर पुलिस ने उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। पटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, इस मामले में थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि तबीयत खराब होने पर युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

### रिटायर्ड सैनिक के घर से 5 लाख की डकैती, चाकू के बल पर घर वालों को बनाया बंधक

**गया।** गया शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामबाग स्थित भूतपूर्व सैनिक संजय सिंह के घर में सोमवार की रात डकैती की गई है। बताया जाता है कि 12 की संख्या में बदमाश आए थे। इस संबंध में भूतपूर्व सैनिक के पुत्र सागर कुमार ने बताया कि रात्रि को लगभग 3 बजे घर की खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर घर में घुसे और चाकू दिखाकर घर में मौजूद लोगों को एक रूम में बंद कर दिया। उसके



बाद सोने चांदी के जेवरात लेकर चले गए। सागर कुमार ने बताया कि उनकी माता जो सोने का कान में पहने हुए थे उसको भी डकैतों ने खुलवा लिया। घर वालों के मुताबिक 5 लाख के जेवरात डकैत ले भागे। गृह स्वामी भूतपूर्व सैनिक संजय सिंह रात्रि को घर पर नहीं थे। डकैती की सूचना मिलने के बाद वह अपने घर पहुंचे। वहीं वजीरगंज सीडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि डकैती की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एनडीए प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार ने किया नामांकन

## कहा- आरक्षण पर बयानबाजी गलत है, हमारी संवैधानिक व्यवस्था से देश चलता है

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 7वें चरण के चुनाव को लेकर पहले दिन मंगलवार को एनडीए समर्थित जदयू के उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार ने अपना नामांकन का पर्चा समाहरणालय में दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद कौशलेंद्र कुमार का फूल-माला पहना कर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं, समाहरणालय से पैदल ही श्रम कल्याण केंद्र के मैदान पहुंचे जहां आशीर्वाद यात्रा में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जब से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। तब से विकास हो रहा है और प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार नहीं हुआ। देश को आगे ले जाने में उनकी अहम भूमिका है। आरक्षण पर अगर कोई बयान बाजी कांग्रेस वाले कर रहे हैं तो वह गलत कर रहे हैं। पूरी दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में है और भारत में जो संविधानिक व्यवस्था है। उससे देश चलती है। किसी के कह देने से ना तो संवैधान पर खतरा है न लोकतंत्र पर, हमारी जो संवैधानिक व्यवस्था है उससे देश चलता है।

**मुख्य धारा के साथ जुड़ता नहीं देखना चाहते:** लोजपा (रा) लोजपा रामविलास सुप्रीमो चिराग पासवान ने आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिन्होंने 1975 में देश में आपातकाल लगाने का काम किया वो लोकतंत्र की हत्या की बात कह रहे हैं। आरक्षण और संविधान का डर दिखाते हैं। मैं अपने पिता स्व. रामविलास पासवान के संघर्षों की कसम खाकर कहता हूं कि जब तक चिराग पासवान जिंदा है ना संविधान को खतरा है और ना आरक्षण का कोई खतरा है। अगर खतरा है तो इन लोगों से, महागठबंधन के लोग हम लोगों को मुख्य धारा के साथ जुड़ता नहीं देखना चाहते हैं।

**सारी योजनाएं बंद कर देंगे:** चिराग ने कहा अगर महागठबंधन के लोग सत्ता में आए तो जो हम लोगों को 5 किलो अनाज मिलता है, वह हमसे छीन लेंगे। ये लोग आएंगे तो आयुष्मान से जो 5 लाख का स्वास्थ्य लाभ मिलता है, खत्म हो जाएगा। उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना समेत तमाम योजनाओं को



महागठबंधन के लोग बंद करने की सोच रखते हैं। आप लोगों से यह आग्रह करने आया हूं कि 1 जून को ज्यादा से ज्यादा लोग घरों से बाहर निकल कर मतदान करें।

**2045 तक एक विकसित देश का लक्ष्य:** चिराग ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने लक्ष्य रखा है 2045 तक एक विकसित देश बनाने का। भारत विकसित देश कब बनेगा। जब भारत का हर एक राज्य विकसित होगा। बिहार राज्य विकसित बनेगा। बिहार का हर एक जिला विकसित बनेगा। बिहार का हर नगर, बिहार का हर एक पंचायत, बिहार का हर एक गांव विकसित बनेगा। तब जाकर 2045 तक हम लोग भारत को विकसित बना देश बना सकते हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए शौचालय, महिलाओं की रसोई के लिए उज्ज्वला योजना, गरीब परिवार को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज कराने का भी काम किया है। आप तमाम लोगों से आग्रह है कि 1 जून को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी की चुनाव चिह्न तीर छाप पर बटन दबाकर प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार को भारी मतों से विजयी बनाएं।

**14 मई तक नॉमिनेशन होगा:** नामांकन की प्रक्रिया 14 मई तक होगी। हालांकि, इस बीच जिस दिन छुट्टी होगी उस दिन नामांकन का कार्य नहीं होगा। प्रत्याशी अधिकतम 4 सेट में नामांकन पर्चा भर सकेंगे। 7 मई से 14 मई तक छुट्टी के दिन छोड़कर नाम निर्देशन किया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को होगी। जबकि 17 मई तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है।

# सड़क हादसे में जख्मी बुजुर्ग की हुई मौत

## ईंट भट्ठा से घर लौटने के दौरान कार ने रौंद डाला था

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में निर्माणाधीन एनएच-20 पर सड़क हादसे में जख्मी बुजुर्ग की सोमवार की रात मौत हो गई। मामला गिरीयक थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव के समीप की है। जहां 13 अप्रैल को कार की टक्कर से बुजुर्ग जख्मी हो गए थे। मृतक पुरैनी गांव निवासी स्व. रघु गोप के (65) वर्षीय पुत्र महावीर गोप है। मंगलवार की सुबह परिजन पुलिस की मदद से शव पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि 13 अप्रैल को ईंट-भट्ठा पर काम करके महावीर गोप घर लौट रहे थे। इसी बीच चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के क्रम में सोमवार की रात उनकी मौत पटना में हो गई। महावीर गोप गांव के समीप ही ईंट भट्ठा पर मजदूरी करते थे।

**पीएमसीएच रेफर किया गया:** गिरियक थाना अध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि जख्मी को इलाज के लिए हादसे के बाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद तबीयत में सुधार होने के बाद वे घर चले गए थे। अचानक सोमवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है।

# नालंदा में भूमि विवाद में हुई गोलीबारी में 6 गिरफ्तार, छापेमारी में 4 देसी रायफल, दो देसी कट्टा बरामद

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के इसलामपुर थाना क्षेत्र के सुहावनपुर सुढ़ी गांव में भूमि विवाद के कारण 2 पक्षों के बीच गोलबारी हो गई थी। इस दौरान गोली लगने से 1 व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने सुहावनपुर सुढ़ी गांव मे छापेमारी कर गोलीबारी की घटना में शामिल 6 लोगों को 4 देसी राइफल, दो देसी कट्टा, 20 जिंदा कारतूस और 6 खोखा और एक पिलेट को बरामद किया है।

**गोलीबारी में इनकी हुई गिरफ्तारी:** हिलसा-2 डीएसपी इसलामपुर गोपाल कृष्ण ने बताया कि इसलामपुर थाना क्षेत्र के सुहावनपुर सुढ़ी गांव मे भूमि विवाद के कारण दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में नरेश प्रसाद की गोली लगने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना




पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर इस घटना में शामिल सुहावनपुर सुढ़ी गांव निवासी बिंदेश्वर महतो का बेटा शिव कुमार महतो, राजेंद्र चौधरी का बेटा हिरा चौधरी, चंदेश्वर मोची का बेटा सुनील कुमार उर्फ सुनील रविदास, स्व. ईश्वर महतो का बेटा अर्जुन महतो उर्फ गुरू महतो, शिव कुमार महतो का बेटा प्रेम कुमार, राजेन्द्र चौधरी का बेटा राजू चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने छापेमारी के दौरान चार देसी राइफल, दो देसी कट्टा, बीस जिंदा कारतूस, 6 खोखा के साथ एक पिलेट को बरामद किया है।

**12 लोगों के खिलाफ कराई गई प्राथमिकी:** डीएसपी ने बताया कि इस मामले में मृतक नरेश प्रसाद के पिता बहादुर महतो द्वारा उनके बेटे को गोली मारकर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए 12 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए इसलामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

**छापेमारी में ये रहे शामिल:** छापेमारी में हिलसा 2 डीएसपी इसलामपुर गोपाल कृष्णा, पुलिस इंस्पेक्टर सम्राट दीपक, इसलामपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, दारोगा रवि कुमार, खुर्शीद अंसारी,हरिनंदन कुमार समेत सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

**क्या था मामला:** इसलामपुर थाना क्षेत्र के सुहावनपुर सुढ़ी गांव मे रविवार को दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना में 3 लोगों को गोली लग गई थी। जिसमें नरेश प्रसाद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि राजू चौधरी और प्रेम कुमार गोली लगने के कारण बुरी तरह से घायल हो गया था। मारपीट की घटना में उदय कुमार और सुनील कुमार घायल है।

# छिपकली गिरी दूध पीने से महिला समेत 5 बच्चे बीमार

## नालंदा में जी-मिचलाने पर बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंची मां, डॉक्टर बोले-नहीं होता ज्यादा नुकसान

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में छिपकली गिरी दूध को पीने से महिला समेत घर के 5 बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। मामला बिहारशरीफ प्रखंड के गोड़धोबा गांव का है। तबीयत खराब होने पर महिला समेत सभी 5 बच्चों को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहरीला दूध पीने से गोड़धोबा गांव निवासी बलम यादव की पत्नी रंजू देवी और उसके 5 बच्चे सिंपी कुमारी, शिवम कुमार, शिवानी कुमारी, खुशी कुमारी और आशीष कुमार की तबीयत बिगड़ गई। रंजू देवी ने घटना के बारे में बताया कि छिपकली दूध में गिरी हुई थी। उन्होंने दूध को गर्म कर स्कूल जा रहे बच्चों को पिला दिया और खुद भी पी गई। बच्चे पढ़ने चले गए और



वह घर के कामों में लग गई। थोड़ी देर बाद जब बचे हुए दूध पर नजर गई तो पाया कि मरी हुई छिपकली उसके ऊपर दिख रही है। रंजू देवी आशंका व्यक्त कर रही है कि रात में ही छिपकली दूध में गिर गई होगी। अचानक जब तबीयत खराब होने लगी और जी मिचलाने लगा तो बच्चों को लेकर वह इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंची, जहां इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर हैं।

**क्या कहते हैं डॉक्टर:** फिजीशियन डॉक्टर दीनानाथ वर्मा ने बताया कि छिपकली गिरी दूध पीने से ज्यादा नुकसान नहीं होता है। रेयर मामलों में ही ज्यादा साइड इफेक्ट्स देखे जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति भूल से छिपकली गिरी दूध का सेवन कर लेता है, तो उसे 2 घंटे के अंदर वोमेटिंग करा देनी चाहिए। उसे ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाना चाहिए ताकि शरीर से पेशाब के माध्यम से अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकल जाए और अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से इलाज करवाना चाहिए।

# बच्चे के गले से सोने का चेन काटा

निज संवाददाता। गया

गया में 8 साल के बच्चे के गले से चेन स्नैचर ने सोने का लॉकेट काट लिया। जिसका सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि बच्चा अपने घर के पास सड़क किनारे खेल रहा। इसी बीच एक बदमाश आया और उसके गले से लॉकेट का धागा काटने लगा। बच्चा उसके चंगुल से निकलने की खूब कोशिश करता है, पर बदमाश उसे छोड़ नहीं रहा। अंत में बदमाश लॉकेट लेने के बाद बच्चे को छोड़ देता है और पैदल ही निकल जाता। जिसके बाद बच्चा रोते हुए घर में गया और सारी बात अपने परिजनों को बताई। घटना डेल्हा थाना क्षेत्र की है। बच्चा रंजीत कुमार का बेटा है। जब उसने अपने घर वालों को सारी जानकारी दी तो परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, पर वहां कोई नहीं मिला। घटना की जानकारी घर वाले अपने



♦ सीसीटीवी आया सामने, घर के पास सड़क पर खेल रहा था, बच्चे ने खुद को चंगुल से छुड़ाने की काफी की कोशिश

वार्ड पार्षद को देते हैं। वार्ड पार्षद गुड्डू यादव घटना की जानकारी डेल्हा थाना अध्यक्ष इंद्रदेव इंद्र को देते हैं। सीसीटीवी भी उपलब्ध करवाते हैं। पर अभी तक बदमाश का कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि वार्ड पार्षद ने अपने वार्ड के वाट्सएप ग्रुप में सीसीटीवी फुटेज और बदमाश का फोटो शेयर किया है।

# बिजली के खंभे में टकराने से 2 युवकों की मौत

निज संवाददाता। गया


गया में बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मारने वाले बाइक सवार दो युवक की जान चली गई। दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। घटना अतरी थाना क्षेत्र के टेउसा पेट्रोल पंप के पास की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। सड़क हादसे में मारे गए दोनों युवकों की पहचान कर ली गई है। घटना शाम साढ़े 4 बजे की बताई जा रही है। सड़क हादसे में एक ही साथ 2 लोगों की हुई मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मिश्र बिगहा के रहने वाले राम प्रवेश मांझी, होरीडीह के रहने वाले एमपी मांझी दोनों बाइक से टेउसा मुख्य मार्ग से होते हुए कहीं तेजी से जा रहे थे। रास्ते में पाली गांव के सामने बाइक अनियंत्रित हो गई और बिजली के लोहे के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार दोनों युवक इधर-उधर झटके के साथ गिर गए। बाइक चला रहे युवक और उसके पीछे बैठने वाला युवक का सिर बिजली के खंभे से टकरा गया। इससे दोनों लहूलुहान हो गया। सड़क हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने की कोशिश की। इस बीच दोनों युवकों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

मौके पर पहुंची अतरी पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने में जुट गई है। अतरी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मृतकों के घर वालों को दे दी गई है। हादसा बिजली के खंभे में टक्कर लगने से हुआ है। पोस्टमॉर्टम कराए जाने के लिए बॉडी को भेजा जा रहा है।

# सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों में 4 बजे तक नहीं होगी पढ़ाई, 14 मई तक 10.30 बजे से नहीं चलेगा स्कूल

निज संवाददाता। गया

गया में भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों को सुबह 10.30 बजे बंद करने का फरमान एक बार फिर से जारी किया है। पूर्व में 26 अप्रैल को जारी आदेश में 6 मई तक प्रभावी था। लेकिन अब उसे 14 मई तक के लिए डीएम डॉ.त्यागराजन SM ने प्रभावी कर दिया है। डीएम की ओर से जारी किए गए फरमान में न सिर्फ सरकारी स्कूल बल्कि गैर सरकारी स्कूल भी शामिल है। खास बात यह है कि डीएम डॉक्टर त्यागराजन ने प्री-नर्सरी से लेकर 11वीं-12वीं तक के कक्षाओं के संचालन पर 10:30 बजे के बाद प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि 10:30 बजे से लेकर 4 बजे तक कोई भी



स्कूल संचालित नहीं होंगे। इसी तरीके से 11-12वीं कक्षाओं का संचालन 11:30 बजे से लेकर 4 बजे तक नहीं होगा। डीएम ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि आदेश के पालन में कोताही बरतने वाले संस्थान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम के इस कदम ने बच्चों के अभिभावकों की चिंता बहुत हद तक दूर कर दी है। डीएम का आदेश 7 मई से 14 मई तक सरकारी, गैर सरकारी सभी स्कूलों पर प्रभावी होगा।

डीएम ने अपने आदेश में हवाला दिया है कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार गया में भीषण गर्मी और लू की स्थिति बनी रह रही है। ऐसी स्थिति में बच्चों के सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। लिहाजा दंड प्रक्रिया 1973 की धारा 144 का प्रयोग करते हुए सभी स्कूलों के शैक्षणिक गतिविधियों पर अग्रिम आदेश तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।

विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आठ स्थलों पर की गई दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल की नियुक्ति

# 14 मई तक भरे जाएंगे नामांकन पत्र एक जून को होगा मतदान : डीएम

काराकाट लोकसभा क्षेत्र के नामांकन के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था

- 11 और 12 मई को नहीं लिए जाएंगे नामांकन पत्र
- 15 मई को की जाएगी नामांकन पत्रों की जांच
- 17 मई तक अभ्यर्थी नामांकन ले सकेंगे वापस



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र से नामांकन का कार्य मंगलवार से आरंभ हो गया। नामांकन जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन कार्यालय में होगा। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम नवीन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नामांकन कार्यक्रम की जानकारी दी। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट के पास विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 8 स्थलों पर दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल की नियुक्ति की गई है। कलेक्ट्रेट मुख्य प्रवेश द्वार, पोस्ट आफिस चौक, करगहर मोड़, रौजा रोड मोड़, कलेक्ट्रेट के आंतरिक द्वार, कलेक्ट्रेट के हेल्प डेस्क के पास और निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष के सामने मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्त की गई है। साथ ही अभ्यर्थी को हेल्प डेस्क से निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में ले जाने के लिए भी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात किए गए हैं। प्रेसवार्ता में डीएम ने नामांकन की तैयारी की पूरी जानकारी दी। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि 7 मई से 14 मई तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। 11 और 12 मई को नामांकन पत्र नहीं लिए जाएंगे। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 17 मई तक अभ्यर्थी नामांकन वापस ले सकेंगे। काराकाट क्षेत्र में 1 जून को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को जिला मुख्यालय स्थित बजार समिति में कराई जाएगी। निर्वाचन प्रकिया पूरी कर लिए जाने की तिथि 6 जून है।

### नामांकन को लेकर बनाए गए चार गश्ती दल

नामांकन को लेकर 4 गश्ती दल बनाए गए हैं। जिसमें मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। चारों गश्ती दल का क्षेत्र निर्धारित कर दिया गया है। प्रथम दल पोस्ट ऑफिस चौक से बेदा नहर तक, दूसरा दल ऑफिस चौक सेबौलिया मोड़ तक, तीसरा दल ऑफिस चौक से लालगंज नहर तक और चौथ दल ऑफिस चौक से शेरशाह रौजा गश्ती करेगा।

## बाइक सवार पिता-पुत्र को ट्रक ने मारी टक्कर, पुत्र की मौत, पिता घायल

निज संवाददाता




**काराकाट (रोहतास)।** रोहतास के काराकाट थाना क्षेत्र के NH-120 पर डेहरी की तरफ से आ रहे बाइक सवार पिता-बेटे को जयश्री अड्डा के पास एक ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार पिता घायल हो गया। वहीं, बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची काराकाट की पुलिस ने मंगलवार शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि मोहनपुर गांव निवासी LIC एजेंट अजय सिंह और उनके 20 साल के बेटे डेहरी से अपने घर बिक्रमगंज बाइक से जा रहे थे। इसी क्रम में जैसे ही वे जयश्री अड्डा के पास पहुंचे की एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें स्वर्गीय सीता सिंह के बेटे अजय सिंह घायल हो गए। वहीं, अजय सिंह के बेटे अमरेश कुमार(20) उर्फ गोलू कुमार की दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की खबर सुन मोहनपुर गांव में मातमी माहौल है। LIC एजेंट अजय सिंह अपने पूरे परिवार के साथ बिक्रमगंज में मकान बना कर रहते हैं। जो किसी कार्य से डेहरी ऑन सोन अपने बेटे गोलू के साथ गए थे। डेहरी से वापसी के दौरान जयश्री आड़ा के पास ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। इसमें अजय सिंह घायल हो गए। जिनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं, अजय सिंह के बेटे गोलू कुमार का सड़क हादसा में मौत हो गई। घटना के बाद से ही गोलू की मां और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## ट्रेन से गिरकर एक युवक की हुई मौत

निज संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** बक्सर जिले दादुरा गांव के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। युवक बाहर में मजदूरी करता था जहां से छुट्टी मिलने पर घर लौट रहा था। ट्रेन के गेट से सिर निकाल कर देखने के दौरान पंडित दिन दयाल-बक्सर स्टेशन के बीच चंदौली जिला के पटपरा गांव के नजदीक सिर रेलवे के खंभे से टकरा गया और युवक ट्रेन से नीचे गिर गया। जिससे मौके पर मौत हो गई। जिसकी सूचना अलीनगर थाना पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के बाद परिजनों को दिया। जिसके बाद से घर में कोहराम मच गया।

## श्री राम कथा कथा सुनने व उसके अनुशरण करने मात्र से ही लोगों को मिलती है पाप से मुक्ति

निज संवाददाता

**किंजर (जहानाबाद)।** किंजर पुनपुन नदी तट स्थित किंजर ठाकुरबाड़ी में आयोजित श्री राम कथा के प्रसंग में भगवान श्री रामचंद्र का जन्म की प्रसंग कथा वाचिका गोदांबा वैष्णवी ने सुनायी। उन्होंने कहा कि कथा सुनने व उसके अनुशरण करने मात्र से ही लोगों को पाप से मुक्ति मिलती है। लोग भगवान के नवजात बाल रूप का भी दर्शन किया। इस मौके पर कथावाचिका कर्नप्रिय बाल जन्मोत्सव पर गाए जाने वाले, श्री राम भजन का सुंदर संगीतमय प्रस्तुति की। उपस्थित महिला बच्चे बच्चियां बुजुर्ग पुरुष सभी इस संगीतमय भजन पर झूमते नाचते नजर आए। वही आरती मंगल के साथ, प्रसाद वितरण कर श्री राम कथा का अगले कड़ी के लिए विश्राम दी गई। वहीं राम कथा में राजनीतिक दल के सदस्य भी शामिल हो रहे हैं। सोमवार को जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार भी किंजर पहुंच राम कथा वाचिका गोदांबा वैष्णवी के आर्शीवाद प्राप्त करने पहुंचे। बता दें कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्रीराम कथा सुनने के लिए किंजर ठाकुरबाड़ी में पहुंच रहे हैं।

### चोरों ने की बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**अकोढीगोला (रोहतास)(नि. सं.)।** बिहारी बिगहा स्कूल के समीप से आज्ञात चोरों ने एक बाइक की चोरी कर ली। थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया कि औरंगाबाद हसपुरा थाना क्षेत्र वडौखर निवासी शांतिभूषण कुमार अपनी बाइक को बिहारी बिगहा सरकारी स्कूल के समीप खड़ा किया था। उसी दौरान चोरी हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सभी महिला-पुरुष घायलों को भर्ती कर सदर अस्पताल में कराया इलाज

## जिले के विभिन्न गांवों में मारपीट में नौ लोग घायल

- कैमूर पुलिस मामले की जांच करते हुए कर रही है कानूनी कार्रवाई

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** जिले के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में एक महिला सहित नौ लोग घायल हो गए।

घायलों में जिले के नुआंव थाना क्षेत्र के अखिनी गांव के रामअवतार राम, मोहन राम, कविता देवी, अजय कुमार व इसी गांव के दूसरे पक्ष के प्रवीण कुमार, रोहन कुमार, प्रमोद कुमार, मनीष कुमार व सासाराम के अभिषेक चौधरी शामिल हैं। घटना के बाद अखिनी गांव के घायलों को नुआंव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। वहां के चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

परिजनों द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाकर जांच कराई गई। इमरजेंसी वार्ड के चिकित्सक द्वारा उन्हें भर्ती कर उनका इलाज किया गया। घटना की सूचना पर घायलों के रिश्तेदार भी सदर अस्पताल में पहुंचे थे। कैमूर पुलिस मामले की जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई कर रही है। बताया गया है कि इस घटना के बाद से दोनों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। लेकिन, पुलिस की नजर इस घटना पर है।

## महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत, ससुराल वाले फरार

निज संवाददाता



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी में एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। जब मृतका के मायके वाले अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे तो मृतका के शव को छोड़ ससुराल वाले फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दी है। घटना आदापुर थाना क्षेत्र के सेखवा टोला की है। मृतका की पहचान आदापुर थाना क्षेत्र के सेखवा टोला निवासी राजकुमार साह की पत्नी श्रीपति देवी(30) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतका के पिता नेपाल के परसा जिला निवासी रामानंद साह ने बताया कि सुबह से फोन पर सूचना मिली की मेरी बेटी आंख नहीं खोल रही है। आप आ जाइए, यह सुन कर मैं जब बेटी के घर पहुंचा तो उसका शव पुआल पर लेटाया हुआ था। उसके ससुराल वाले घर छोड़ कर फरार है। इसके बाद आदापुर पुलिस को इस बात की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका श्रीपति देवी की शादी 8 साल पहले आदापुर थाना क्षेत्र के सेखवा टोला निवासी मोहन साह का बड़ा बेटा राजकुमार से किया था। शादी के बाद दो बच्चा हुआ। एक लकड़ा विशाल(6) है और एक बेटी निशा कुमारी(2) है। शादी के बाद सब कुछ ठीक था। रात में बेटी का फोन आया था, जिसमें सुनाई दे रहा था कि मार दो काट दो फिर फोन कट गया। रात होने के कारण कुछ कर भी नहीं सके। सुबह में सूचना मिली की उसकी मौत हो गई है। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरी बेटी की हत्या की गई है। आदापुर थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस टीम भेज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि आखिर मौत उसकी कैसे हुई है। मृतका के मायके वाले की तरफ से कोई आवेदन नहीं मिला है।

### आपसी विवाद को लेकर युवक के साथ मारपीट

**डेहरी (रोहतास) (नि. सं.)।** सासाराम स्थित होटल रोहित इन्टरनेशनल के सामने चाय पीने आए युवक राकेश कुमार ने मारपीट की प्राथमिकी एससी-एसटी थाना में दर्ज कराई है। पुलिस को बताया कि वह चाय पी रहा था तभी पूर्व से चले आ रहे रास्ता के विवाद को लेकर ओमप्रकाश कुमार पिता ठाकुर दयाल सिंह, मोहल्ला गांधीनगर सासाराम, रंजीत पटेल पिता भुनेश्वर चौधरी, मोहल्ला बलदेव नगर, सासाराम अन्य तीन सहयोगियों के साथ आए और गाली गलौज देने लगे।

## शराब के साथ चार धंधेबाजों गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भभुआ(कैमूर)।** उत्पाद विभाग की पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद कर चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में सोनहन थाना क्षेत्र के सखवा गांव निवासी 62 वर्षीय लालू बिंद, चैनपुर थाना क्षेत्र के मदुरना गांव निवासी राधेश्याम सिंह के पुत्र अंकित कुमार, रामसूरत सिंह के पुत्र बबलू कुमार व एक अन्य जमालुद्दीन शाह के पुत्र कासिम शाह शामिल हैं। चारों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उत्पाद विभाग के पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि कुल्हड़िया मोड़ से 43 पीस देसी व विदेशी शराब के साथ लालू बिंद को गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर यूपी से आ रही एक सवारी गाड़ी को रोकवाकर जांच की गई। वह झोला में शराब लेकर यूपी से आ रहा था।उधर, निबी गांव के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस ने 82 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब के साथ अंकित, बबलू व कासिम को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी उपेंद्र चौधरी, रोशन कुमार, मदन पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यूपी से आ रहे तीनों बाइक सवार को रोककर जांच की गई तो उनके पास शराब मिली।

## बाल विवाह रोकथाम को ले चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

निज संवाददाता




**मोतिहारी(पूर्वी चम्पारण)।** शहर के लक्ष्मीपुर स्थित मनोकामना मंदिर परिसर में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान बाल विवाह न करने की शपथ महिलाओं व लोगों को दिलाई गयी। कार्यक्रम को प्रयास जुवेनाइल सेंटर व बाल विकास परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रयास जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी ने उपस्थित मंदिर के पूजारी, दुकानदार व अन्य लोगों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद व लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करना है।

इसके पहले शादी करते हुए पकड़े जाने पर बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी। वही सीडीपीओ कुमारी राखी ने बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने सेविकाओं को बताया कि यदि कई बाल विवाह होते दिखे तो संस्था के हेल्पलाइन नम्बर 9289692023 पर इसकी जानकारी दे। मौके पर स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह, मंदिर के पूजारी लालबाबू ओझा, महिला पर्यवेक्षिका मारिया बेगम, ज्योति रानी, मंजू कुमारी, सेविका मणिमाला शर्मा, नमिता कुमारी, उषा शर्मा, उषा देवी, नमिता श्रीवास्तव, विजन देवी, अनिता देवी, लालसा देवी, रंजू देवी, प्रयास संस्था के राज गुप्ता, किरण वर्मा, विजय कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## नेपाल से हथियार लेकर आ रहे एक अपराधी को एसएसबी जवानों ने किया गिरफ्तार, दूसरा फरार

निज संवाददाता



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** रक्सौल में नेपाल से हथियार लेकर आ रहे अपराधी को एसएसबी ने हिरासत में लिया है। पूरा मामला भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कस्टम पुल के पास का है। मिली जानकारी के अनुसार नेपाल के तरफ से दो अपराधी हथियार के साथ आ रहे थे। जहां कस्टम पुल के पास एसएसबी के जवानों को देख दोनों असहज हो गये और भागने की कोशिश करने लगे। जिसके बाद हरकत में आयी एसएसबी की टीम ने एक अपराधी को पकड़ लिया। जबकि दूसरा अपराधी ट्रांसपोर्ट एरीया के तरफ भागने में सफल रहा। भागने के दौरान एक पिस्टल का मैग्जीन व एक बैग छोड़ कर फरार हो गया। इस पूरे मामले की खबर मिलने पर रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा व हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। इस दौरान डंकन रोड में जलान कैंपस की झाड़ी से दो पिस्टल और दो मैगजीन को बरामद किया गया है। हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि अभी छापेमारी की जा रही है, इस संबंध में बाद में जानकारी दी जायेगी। लोकसभा चुनाव के बीच नेपाल से अपराधी हथियार लेकर किस मंसुबे से भारत में आए थे, पुलिस इसकी वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान कर रही है। एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मारपीट एवं छिनतई के आरोपी की हुई पहचान

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जिले के पर्यटक स्थल वानावर में पूजा एवं दर्शन करने गए महिला श्रद्धालु के साथ मारपीट कर छिनछोर करने वाले अपराधी की पहचान हो गई है। अपराधी के शिनाख्त होने के बाद पुलिस उसे पकड़ने में जुट गई है। फिलहाल वह पुलिस की नजरों से छिपकर भाग फिर रहा है। एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया है कि श्रद्धालु के साथ मारपीट करने वाला व्यक्ति पास के ही एक गांव का है, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पूर्व में भी गांव के लोगों के साथ इस तरह के घटना को अंजाम दिया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे मारपीट कर भगा दिया था। तब से वह बनवार इलाके में शरण ले रखा है, जिसे पुलिस गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी है।

### उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन की सुरक्षा की होगी जांच

**जहानाबाद (नि.सं.)।** उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन की सुरक्षा जांच होगी। यह जांच सिलेंडर ब्लास्ट व अगलगी की घटना को रोकने के उद्देश्य से की जाएगी। गैस कंपनियों के प्रशिक्षित कर्मी घर जाकर गैस कनेक्शन,रेगुलेटर,पाइ प,चूल्हे आदि की जांच करेंगे। किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर तत्काल उसे दुरुस्त किया जाएगा। पुराने उपकरणों को बदला भी जाएगा। इसके लिए सार्वजनिक तेल कंपनियों जिले की सभी गैस एजेंसियों को निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि रख-रखाव नहीं होने से गैस सिलेंडर फटने व लिकेज होने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जिससे जान-माल की क्षति हो रही है। इसलिए सुरक्षा जांच करने का निर्णय लिया गया है।

## ग्राहक बनकर आए तीन अपराधियों ने किराना दुकान से 13 हजार रुपए लेकर फरार

निज संवाददाता



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी के पताही थाना क्षेत्र में बीती रात एक किराना दुकान में चोरी हो गई। घटना बखरी बाजार की है, जहां पर बाइक से आए अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना के बारे में पीड़ित दुकानदार अशोक साह ने बताया कि एक बाइक पर तीन अपराधी ग्राहक बन कर आए और हथियार दिखाकर गल्ला में रखा 13 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि बाइक सवार अपराधियों ने किराना दुकान से लूट की घटना को अंजाम दिया है। मौके पर थानाध्यक्ष कैलाश कुमार को भेजा गया था फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही सभी को पकड़ लिया जायेगा।

## रक्सौल में 30 मिनट तक पड़ी पानी की बौछार ने गर्मी से हलकान हो रहे लोगों ने ली राहत की सांस

निज संवाददाता



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** रक्सौल में तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। दोपहर 2 बजे के बाद तेज आंधी ने मौसम का रुख ही बदल दिया। देखते ही देखते तेज होती गई हवा ने अंधेरे का रूप ले लिया व शहर धूल के गुबार में बदल गया। वहीं आधे घंटे के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब 30 मिनट तक पड़ी बौछार ने गर्मी से हलकान हो रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम में हुए बदलाव के कारण पिछले कुछ दिनों में तेजी से बढ़े तापमान से बर्दाश्त से बाहर होती गर्मी से राहत मिली है। पिछले दिनों सीमावर्ती क्षेत्र का तापमान कई बार 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आंधी व बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली गई। वहीं बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सीमावर्ती क्षेत्र में इन दिनों जल संकट भी देखने को मिल रहा था, इस बारिश से कुछ हद तक जल संकट से लोगों को निजात भी मिकेगी। बता दे कि करीब एक महीने से सीमावर्ती क्षेत्र में कई जगह चापाकल का पानी सूख रहा है। सीजन के पहली बारिश से किसानो के चेहरे पर खुशी ला दी है। गन्ना, सब्जी और दलहन के साथ आम लीची के फसल के लिए यह बारिश अमृत की तरह है। इस बारिश से उन्हे काफी फायदा होगा।

## ड्यूटी में लापरवाह डॉक्टरों के वेतन में होगी कटौती : चिकित्सा प्रभारी

**कलेर (जहानाबाद) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलेर के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नंद बिहारी शर्मा में ड्यूटी से लापरवाह चिकित्सकों को नियमानुकूल वेतन काटे जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलेर में तैनात चिकित्सक अगर रोस्टर के हिसाब से ड्यूटी नहीं करते हैं तो नियमानुकूल उनका पेमेंट काटा जाएगा। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी मात्र दो ही चिकित्सक मौजूद हैं। इसको लेकर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक से भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी कराई जाती है जो रोस्टर के हिसाब से होता है। उन्होंने एक चिकित्सक धीरज कुमार का नाम लेते हुए बताया कि धीरज कुमार प्रखंड के हृदयचक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात हैं।

## गया से आनंद विहार के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार, चलाए जाएंगे और तीन-तीन फेरे

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा गया और आनंद विहार के मध्य चलायी जा रही 03639/03640 तथा 03653/03654 गया-आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेषल के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। अब इन दोनों स्पेषल के और तीन-तीन फेरे परिचालित किए जाएंगे जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 03639 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल अब 08, 10 एवं 12 मई, 2024 को भी गया से 18.00 बजे खुलेगी और सासाराम, डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते अगले दिन 09.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 03640 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल अब 09, 11 एवं 13 मई, 2024 को भी आनंद विहार से 12.00 बजे खुलेगी और कानपुर, प्रयागराज, डीडीयू, सासाराम के रास्ते अगले दिन 05.00 बजे गया पहुंचेगी। 3. गाड़ी संख्या 03653 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल अब 09, 11 एवं 13 मई, 2024 को भी गया से 18.00 बजे खुलेगी और सासाराम, डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते अगले दिन 09.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 03654 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल अब 10, 12 एवं 14 मई, 2024 को भी आनंद विहार से 12.00 बजे खुलेगी और कानपुर, प्रयागराज, डीडीयू, सासाराम के रास्ते अगले दिन 05.00 बजे गया पहुंचेगी।

# रजौली और हिसुआ बीसीएम का वेतन हुआ बंद

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** को हटाने की दी गयी चेतावनी 09 मई 2024 को एएनसी चेकअप को लेकर चलाया जायेगा अभियान पदाधिकारियों को दिये कई आवश्यक निर्देश नवादा प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में आज डीआरडीए सभागार में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति, टीकाकरण, आकांक्षी जिला, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डेवलपमेंट पार्टनर, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केन्द्र एवं विभिन्न स्तर के अस्पताल तथा अन्य सभी मापदंडों की समीक्षा किया गया। उन्होंने एएनसी जॉच की समीक्षा के दौरान पाया कि बीसीएम हिसुआ और बीसीएम रजौली के द्वारा गर्भवती महिलाओं का चेकअप का कार्य बहुत ही कम किया गया है।



जिसको लेकर जिला पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण के साथ वेतन बंद करने का दिया निर्देश। बीसीएम रजौली का कार्य संतोषप्रद नहीं रहने के कारण उन्हें कार्य में सुधार लाने के लिए एक महीने का समय दिया गया। यदि एक महीने में कार्य में सुधार नहीं लाया जायेगा तो इन्हें हटाने का प्रस्ताव भेज दिया जायेगा। एमओआईसी को इसपर विशेष ध्यान देने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बीसीएम, बीएचएम और एमओआईसी के साथ मैं प्रत्येक हफ्ते कार्य प्रगति के बारे में भीसी करूंगा। उन्होंने लक्ष्य के अनुसार कार्य का निष्पादन करने का दिया निर्देश और कहा कि कार्य में शिथिलता कतिपय बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गलतियों को सुधार करने के लिए ही बैठक की जाती है। दिये गए निर्देश के अनुसार कार्यों का सम्पादन करेंगे। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता, बीसीएम, एएनएम और डॉक्टर अपने जाकर गर्भवती महिलाओं का सर्वे करेंगे। उन्होंने कहा कि एक भी गर्भवती महिला एएनसी जॉच से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी में कार्य अपडेट रहना चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान कमी पाये जाने पर बख्से नहीं जायेंगे। 09 मई 2024 को सभी पीएचसी में कैम्प लगाकर गर्भवती महिलाओं की होगी जॉच। गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जॉच बहुत जरूरी होता है। इसका लाभ हर गर्भवती महिला को उठाना चाहिए। जिसके लिए तैयारी पूर्णरूपेण कर लेंगे। आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका से भी सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। चेकअप का सभी तैयारियां कैम्प में रहेगी। कैम्प में डॉक्टर्स भी उपस्थित रहेंगे। उस दिन ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं का जॉच किया जायेगा। जिलाधिकारी ने डेवलपमेंट पार्टनर से अपेक्षा किया कि खासकर पिछड़े क्षेत्रों में वर्क आउट करेंगे। अपना रणनीति बनाकर एनएनसी जॉच के लिए जायेंगे और वहां के लोगों को जागरूक करेंगे। सिविल सर्जन नवादा ने कहा कि सभी पीएचसी में एएनएम और आशा के साथ महीने के दूसरे शनिवार और चौथे शनिवार को बैठक होती कहै, जिसमें एएनसी के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाते हैं। प्रसव के पहले चार एएनसी की जॉच होती है। सुरक्षित और सामान्य प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं की एएनसी की जॉच जरूर होनी चाहिए। इससे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य रहता है साथ ही गर्भवती महिलाओं को उचित सलाह भी दिया जाता है। बैठक में श्री दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, डॉ0 रामकुमार प्रसाद सिविल सर्जन नवादा, डॉ0 अशोक कुमार डीआईओ, डॉ0 बीबी सिंह एमबीबीएस, कुमारी रिता सिंहा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस नवादा, सभी प्रभारी पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवादा, डीसी यूनिसेफ, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक नवादा, जिला योजना पदाधिकारी नवादा के साथ सभी बीसीएम, बीएचएम आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चापाकल मरम्मति के लिए टॉल फ्री नम्बर पर करें सम्पर्क

निज संवाददाता

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा के आदेश के आलोक में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि आपदा/सुखाड़ के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-210036 है, जिसपर पेयजल से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के मोबाइल नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है, जो निम्नवत है:- सहायक अभियंता ज्योतिस्ना सिंह मोबाइल नंबर 7992280893, कनीय अभियंता प्रखंड नवादा के लिए -प्यारेलाल मंडल मोबाइल नंबर 9199636016, नरहट के लिए - शिव कुमार मोबाइल नंबर 8989163374, हिसुआ के लिए - प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 एवम नारदीगंज के लिए - प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 है। सहायक अभियंता आशुतोष कुमार मोबाइल नंबर 8544428800, वारिसलीगंज और काशीचक के लिए कनीय अभियंता शिव कुमार, मोबाइल नंबर 8989163374, कौआकोल एवं पकरीबरामा के लिए कनीय अभियंता प्यारेलाल मंडल, मोबाइल नंबर- 9199636016 है। सहायक अभियंता सौरभ कुमार राय, मोबाइल नंबर- 8544428654, गोविंदपुर, रोह एवं अकबरपुर के लिए कनीय अभियंता प्रिंस कुमार जिनका मोबाइल नंबर- 8544428871 है। सहायक अभियंता राजेश कुमार सिंह मोबाइल नंबर-7033879021, मेसकौर, रजौली और सिरदला के लिए कनीय अभियंता चंदन कुमार मोबाइल नंबर- 9955229286 है। दिनांक 05 मई 2024 को चापाकल की मरम्मति का प्रखंडवार प्रतिवेदन निम्नवत है:- नरहट-दर्ज शिकायत की संख्या 01 एवं मरम्मति की संख्या 03, नवादा- दर्ज शिकायत की संख्या 11 एवं मरम्मति की संख्या 03, नारदीगंज- दर्ज शिकायत की संख्या 02 एवं मरम्मति की संख्या 04, हिसुआ- दर्ज शिकायत की संख्या 11 एवं मरम्मति की संख्या 03, अकबरपुर- दर्ज शिकायत की संख्या 15 एवं मरम्मति की संख्या 06, गोविंदपुर- दर्ज शिकायत की संख्या 01 एवं मरम्मति की संख्या 03, रोह- दर्ज शिकायत की संख्या 06 एवं मरम्मति की संख्या 05, कौआकोल- दर्ज शिकायत की संख्या 03 एवं मरम्मति की संख्या 04, काशीचक- दर्ज शिकायत की संख्या 05 एवं मरम्मति की संख्या 02, वारिसलीगंज- दर्ज शिकायत की संख्या 03 एवं मरम्मति की संख्या 06, पकरीबरावां- दर्ज शिकायत की संख्या 04 एवं मरम्मति की संख्या 04, रजौली- दर्ज शिकायत की संख्या 01 एवं मरम्मति की संख्या 11, मेसकौर- दर्ज शिकायत की संख्या 08 एवं मरम्मति की संख्या 05 एवं सिरदला- दर्ज शिकायत की संख्या शून्य एवं मरम्मति की संख्या 05, है। कुल प्राप्त शिकायतों की संख्या-74 एवं चापाकल मरम्मति की संख्या-64 है।

# सुदूरवर्ती पंचायत के गांवों में पेयजल समस्या के निवारण को पहुंची टीम, बीडीओ

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के विभिन्न गांवों में पेयजल की समस्या को दूर करने को लेकर मंगलवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार ने पीएचईडी के एक्सक्यूटिव इंजीनियर अरुण प्रकाश, असिस्टेंट इंजीनियर राजेश कुमार सिंह एवं जूनियर इंजीनियर चन्दन कुमार के साथ निरीक्षण किया। बीडीओ ने कहा कि भीषण गर्मी में पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों में हुई पेयजल समस्या के निवारण हेतु पीएचईडी की टीम के साथ बाराटांड़, सपही, चटकरी, सिरिसियाटांड़, टिटहियांटांड़, फगुनी पहाड़ी, सिमरातरी समेत आसपास के गांवों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों से जरूरी जानकारियां ली गई। इस दौरान



कुछ चापाकल खराब पड़े मिले। बीडीओ ने कहा कि खराब चापाकलों की मरम्मती का कार्य आगामी दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। वहीं पेयजल की समस्या से निवारण हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए सपही स्थित पम्प हाउस को चालू करवाया गया। साथ ही कहा कि पंचायत के सिमरातरी एवं चटकरी गांव में नए रूप से बोरिंग के लिए स्थानों को चिन्हित किया गया है। बीडीओ ने कहा कि आगामी दो से तीन दिनों में सवैयाटांड़ पंचायत के ग्रामीणों की पेयजल समस्या का निवारण कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि शेष पंचायतों में विद्यमान पेयजल समस्या को दूर करने को लेकर पीएचईडी के जेई एवं अन्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## बच्चों को कुपोषण से दूर करने के लिए दे पौष्टिक आहार

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण मंगलवार को सीडीपीओ मंजू कुमारी ने की। इस दौरान उन्होंने नौ आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका को दिया। निरीक्षण के क्रम में बडेसरा जोराबर बिगहा, विलायचक जोराबर बिगहा, बडेसरा कुझा, दामोदर पुर, भदौर एक व दो के अलावा सभड़ी दो का निरीक्षण किया। कहा गया कि केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को कुपोषण से बचायें, उन्हें पौष्टिक आहार अवश्य दे। नाश्ता में दूध, मौसमी फल दीजिये। यह पौष्टिक भोजन है। बिस्कुट, कुरकुरे नहीं देना है। विभाग के माध्यम से आप सभी को गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिया गया है। केंद्र पर गैस चूल्हे पर भोजन बनाने का निर्देश दिया, चूल्हे पर लकड़ी या गोइठा से भोजन बनाने वाली सेविकाओं पर कार्रवाई होगी।

# ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 8 साइबर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के गोसपुर गावं से साइबर अपराध में लिप्त आठ युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। बता दें की नवादा जिला साईबर क्राईम का सुरक्षित जोन बन गया है। लगातार यहां से साइबर क्राइम की घटना सामने आ रही है। देश भर के लोगों के साथ नवादा में रहकर साईबर फ्रॉड किया जा रहा है। नवादा में बैठकर साइबर ठग देश के हर राज्यों के लोगों का चूना लगा रहे हैं जिसको लेकर जिला प्रसाशन अलर्ट है और लगातार छापेमारी कर सैकड़ों लोगों क़ो गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। बावजूद साइबर क्राइमर विभिन्न नए तरीके से ठगी में लगे हैं। जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के गोसपुर ग्राम का है। मंगलवार को वारिसलीगंज थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि गोसपुर ग्राम में कुछ साईबर क्राईमर इकट्ठा हुए हैं जिनके द्वारा भोले-भाले जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। सूचना मिलने पर तुरंत थानाध्यक्ष ने नवादा पुलिस अधीक्षक को सूचना दिया, जिसके बाद एक टीम गठित कर



उक्त स्थान की घेराबंदी कर छापेमारी किया। पुलिस ने गोसपुर हॉल्ट से सौ मीटर दूर उतर दिशा में वाल्मीकि सिंह के अर्धनिर्मित मकान में कुछ साईबर अपराधी अपराध कारित कर रहे हैं। पुलिस क़ो देखते ही साईबर अपराधी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने कुल 08 साईबर अपराधी क़ो धर दबोचा , जिनके पास से 13 मोबाईल फोन, 05 एटीएम कार्ड, 1,83,670 रुपए नगद बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि एक साईबर अपराधी दीवार कूदकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने सभी अपराधी को स्थानीय थाना लाकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों द्वारा एक योजना के तहत फेसबुक पर धनी फाईनेंस एवं अन्य विश्वसनीय संस्था क़े नाम से फर्जी आईडी बनाई जाती है। कस्टमर से नंबर निकालकर धनी फाईनेंस के नाम से ऑनलाईन लोन दिलाने के लिए ग्राहक को फोन करते हैं। जब कोई ग्राहक इनके जाल में फंस जाता है तो उनको विश्वास दिलाने क़े लिए उनके डॉक्यूमेंट जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं ईमेल आदि की छायाप्रति की मांग की जाती है। इसके बाद एनओसी क़े नाम पर ग्राहक से छोटी रकम मांगी जाती है। उसके बाद डॉक्यूमेंट अप्रूव होने के नाम पर प्रोसेसिंग शुल्क की मांग की जाती है। इसी तरह ग्राहकों से हजारों की ठगी कर ली जाती है। पुलिस ने वारिसलीगंज थाने में गिरफ्तार सभी साईबर अपराधी क़े विरुद्ध कांड संख्या 173/24 दिनांक 07 अप्रैल दर्ज कर अनुसंधान में जुटी गयी है। पुलिस ने एटीएम कार्ड, मोबाईल और नगद राशि क़ो जप्त कर गिरफ्तार सभी लोगों क़ो न्यायालय भेज रही है। इस बाबत पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। इन साईबर ठगों की हुई गिरफ्तारीः- पुलिस ने जिन 08 साईबर ठगों क़ो गिरफ्तार किया है, उनमें दिलखुश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मनोज सिंह, त्रिपुरारी कुमार उम्र 28 वर्ष पिता संजय कुमार, प्रशांत कुमार उम्र 28 वर्ष पिता योगेन्द्र सिंह, बिट्टू कुमार 28 वर्ष पिता वाल्मीकि सिंह, अंकुर कुमार उम्र 26 वर्ष पिता शंभू शरण सिंह, खिखर सिंह उम्र 29 वर्ष पिता स्व। परमानंद सिंह, रोहित कुमार उम्र 27 वर्ष पिता राजेश सिंह सभी वारिसलीगंज थाना क्षेत्र क़े गोसपुर ग्राम क़े निवासी हैं, वहीं एक अन्य नालंदा जिले क़े कतरीसराय थाना क्षेत्र के कटौना ग्राम निवासी गौतम कुमार उम्र 35 वर्ष पिता भूषण सिंह शामिल है।

# मौसमी फलों व सब्जियों के सेवन से दूर कर सकते हैं कुपोषण : सीडीपीओ

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड में स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। अध्यक्षता सीडीपीओ मंजू कुमारी ने की। इस मौके पर मौसमी फलों व सब्जियों के सेवन पर चर्चा की गईं।सीडीपीओ ने कहा कि मौसमी फलों व सब्जियों का नियमित सेवन करने से आप अपने बच्चों को कुपोषण से बचा सकते हैं। इसके लिए केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए मां बनना होगा। जिस तरह से आप अपने बच्चों को पालन पोषण करते हैं, और उन्हें पौष्टिक आहार देते हैं, तो आप केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को पौष्टिक आहार दें, उसे मौसमी फल के साथ सब्जियों भी पर्याप्त मात्रा दे। ताकि बच्चे स्वस्थ्य रह सके। भोजन में सहजन व टमाटर का जूस,करी पत्ते का भी उपयोग अवश्य करें। इसके अलावा अन्य मौसमी फल व सब्जियां आहार में दीजिये। सीडीपीओ ने कहा सहजन जिसे हम ड्रम स्टिक या मोरिंगा के नाम से भी जाना जाता है। जो सभी जगहों पर उपलब्ध है। इसमें औषधीय गुण मौजूद हैं। इसके सेवन से कई तरह के बीमारियों को दूर किया जा सकता है। इसका सेवन प्रत्येक व्यक्ति कर सकते है, चाहे वे बीमारियों से ग्रसित भी है। इसे अपने हर दिन के भोजन में शामिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा इसके सेवन करने से ब्लड शुगर, कब्ज, बुखार उतारने, दमा आदि रोग में फायदेमंद साबित होता है। इसके सेवन करने से बच्चे में न्यूट्रिशन लेबल को ठीक किया जा सकता है। यह किडनी रोग में भी फायदेमंद है। अगर बच्चे सहजन की सब्जी खाना पसंद नहीं करते हैं, तो सूप बनाकर दें। बच्चे स्वस्थ्य रहेंगे,और कुपोषण से भी उसे बचाया जा सकता है। यह स्वास्थ्य व सेहत के लिए फायदेमंद है। इसके लिए माताओं व आसपास के लोगों को जागरूक होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में दूध, वयस्क मशीन, वजन मशीन का वितरण सेविकाओं के बीच किया गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी आशा रानी, शबा प्रवीण, सेविका उर्मिला कुमारी, बासमती देवी, रेणु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिता साव, रेखा कुमारी समेत अन्य आंगनबाड़ी सेविका मौजूद रहे।

## पिछले सप्ताह कुल 174 गिरफ्तारियांः एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर 29 अप्रैल से 5 मई तक नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं जिसमें हत्या में 1, डकैती में 3, अनुसूचित जाति/जनजाति में 9, हत्या के प्रयास में 13, पुलिस पर हमला में 2, मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 7, अन्य गंभीर आरोप में 15 एवं अन्य गिरफ्तारी 124 कुल 174 गिरफ्तारियां की गई हैं। 1650 लीटर देशी शराब एवं 32.3 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन अन्तर्गत मोटरसाईकिल 17, ट्रैक्टर 20, कार 1, ट्रक 1 एवं जेसीबी 1 बरामद किया गया।

## अपराधियों ने युवक के हाथ में मारी

**नवादा (नि.सं.)।** अपराधियों ने युवक के हाथ में मारी नवादा में पुराने विवाद में एक शख्स को गोली लगने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस ने गोली लगने की बातों को इनकार कर दिया है। परिजनों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के बदलू बीघा गांव निवासी स्व चंदेश्वर प्रसाद का पुत्र उपेंद्र यादव के रूप में हुई है। बताया जा हा कि दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने कोई राउंड फायरिंग भी की। गोली उसके बाएं हाथ के बांह में लगी है। बताया जा रहा कि होली में बदलू बीघा और नवादा बीघा गढ़पर गांव के बच्चों के बीच लड़ाई हुई थी। उस समय मामले को शांत कर दिया गया। आज शाम उपेंद्र यादव गांव के बधार में पशु चरा रहे थे, तभी पड़ोसी गांव नवादा बीघा गढ़पर के कुछ बदमाशों ने उसे अकेले में पकड़ कर जमकर मारपीट की। जब मारपीट से मन नहीं भरा तो बदमाशों ने उसे गोली मारकर चलते बना।

# नगर परिषद क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराये धड़ल्ले से बन रहें मकान

निज संवाददाता

**नवादा।** नगर में ऊंची-ऊंची बिल्डिंग बना दी गयी हैं, जहां न तो आग या किसी हादसे से बचाव का कोई साधन उपलब्ध है और न ही वहां तक दमकल या एंबुलेंस की गाड़ियों को पहुंचने के लिए कोई रास्ता ही है। ऐसे में अगर यदि अगलगी की कोई घटना या कोई हादसा हुआ तो भारी जान- माल का नुकसान हो सकता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व बसे नवादा शहर की कोई प्लानिंग नहीं की गयी थी। इस कारण जहां, जिसे जैसे उचित लगा, लोगों ने मकान बना लिये। हालांकि पुराने -जमाने में ज्यादातर मकान कच्चे या- फिर खपड़ैल के होते थे। पक्के भवन गिने-चुने ही थे। वह भी पहले एक, दो या अधिकतम तीन तल्ला ही बनाया जाता था। अब उसकी जगह बड़ी-बड़ी बिल्डिंगो ने ले ली है, जहां कार तो दूर -रिक्शा और ऑटो भी नहीं जा सकते। पुराने बसे मुहल्लों की तो ऐसी स्थिति है ही, पिछले साढ़े तीन दशक से जो भी नये मुहल्ले शहर के आसपास में बसाये गये हैं उनकी भी कमोबेश वैसी ही हालत है। शहर का नहीं हो कोई प्लानिंगः- शहर में पिछले साढ़े तीन दशक से नये मुहल्ले बसाये जा रहे हैं। गांव से शहर में बसने की आपाधापी में तो लोग गांव छोड़कर शहर के आसपास की खेती वाली जमीन खरीद कर नये मकान बना रहे थे। इन नये मुहल्लों में सुरक्षा मापदंडों का कोई ख्याल नहीं रखा गया। शहर में नये-नये जमीन के ब्रोकर आ गये जिन्होंने जमीन की बिक्री तो की किंतु उनकी प्लानिंग सही तरीके से नहीं की। इन ब्रोकरों ने अपनी ओर से बीच में रास्ता या तो छोड़ा ही नहीं या तीन या चार फुट का रास्ता दिखा कर खरीददारों के वसीयत में लिखवा दिया कि वे तीन-तीन फीट जमीन छोड़ेंगे। खरीददार कहीं पर तो जमीन छोड़े ही नहीं और कहीं छोड़े भी तो उसमें घर में प्रवेश करने के लिए प्लेटफॉर्म या पायदान बना लिया, जिसके बाद गली में आने-जाने के लिए कहीं तीन फुट तो कहीं चार-पांच फुट रास्ता ही बचा है। नहीं बन रहा नक्शाः- ज्यादातर नये मकान बगैर नक्शा के शहर में पिछले साढ़े तीन दशक से बनाये जा रहे नये मुहल्लों में भी ज्यादातर मकान बगैर नक्शा पास कराये ही बनाये गये हैं। पुराने मुहल्लों में बने मकान तो बगैर नक्शा के हैं ही, ऐसे में इन मुहल्लों के अंदर आने-जाने के लिये न तो पर्याप्त जगह है और न ही पानी के निकास के लिए नालियां। इस कारण नाले का गंदा पानी गलियों में ही जमा रहता है। बरसात में ऐसे मुहल्लों की स्थिति नारकीय हो जाती है। ऐसे में इन मुहल्लों तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचना बड़ा मुश्किल है। अग्निशामक विभाग के पास आग बुझाने के लिये वाहन उपलब्ध हैं। दो वाहन छोटी, जबकि दो बड़े वाहन है। इतना होने के बावजूद शहर के जिम्मेवार नगर पर्षद के पदाधिकारी हाथ पर हाथ रख कर बैठे हुए है। कहते है पदाधिकारीः- चुनाव हो जाने के बाद इस तरह के बने मकानों पर नोटिस भेज कर कार्यवाई की जायेगी। बिना नक्शा बनाये मकानों की जांच की जायेगी।

# बेहतर पोषण से गर्भवती महिलाओं में मातृ शिशु दर में होती है कमी : सीडीपीओ

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के कुझा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 82 पर मंगलवार को गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रस्म की गई। यह कार्यक्रम सीडीपीओ मंजू कुमारी व प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार के देखरेख में हुआ। मौके पर सेविका सुनीता कुमारी सहायिका मुनेश्वरी देवी समेत अन्य मौजूद रहे। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को गुड़, चना, हरी सब्जियों, आयरन की गोली, पोषक फल और पोषण की थाली देकर गोद भराई की गईं। सीडीपीओ ने कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि गर्भवती महिलाओं और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य देना है,और स्वास्थ्य व प्रसव के दौरान होने वाली प्रसव की जटिलता को भी कम करना है। उन्होंने कहा बेहतर पोषण से स्वास्थ्य बच्चे का जन्म होता है, और गर्भवती महिलाओं में मातृ शिशु मृत्यु दर कम होता है। कहा कि गर्भावस्था में खान पान व स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। सही पोषण होना चाहिये, इस अवस्था मे कम से कम दो घंटे आराम भी जरूरी है, पौष्टिक आहार लें, और अधिक पानी पीने में सेवन करें, तभी जच्चा बच्चा स्वस्थ्य रहता है। इस दौरान बच्चों को तरबूज खाने को दिया गया। बच्चे बड़े चाव से तरबूज का सेवन किया।

## गोलीबारी में जख्मी युवक के मामले में दर्ज हुई प्राथमिकी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के बदलू बिगहा में सोमवार की शाम में मारपीट व गोलीबारी में जख्मी हुए चंदेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र उपेन्द्र यादव के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह जानकारी थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने दिया। उन्होंने बताया जख्मी का भावज जितेन्द्र कुमार की पत्नी सुचिता देवी के बयान पर मामला दर्ज हुआ है।उन्होंने दर्ज प्राथमिकी में गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के नवादा बिगहा के नरेश यादव समेत दस नामजद व 15 अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराई है।

## सात महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने की। इस दौरान उन्हें प्रखंड के विभिन्न गांवों के सात महिलाओं को बंध्याकरण किया गया। जिसमे एक दिव्यांग महिला का भी बंध्याकरण हुआ। कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में शामिल महिलाओं को खून जांच, फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

# 15 मई को मिशन दक्ष में शामिल बच्चों की परीक्षा कक्षा तीसरी से 8वीं तक के बच्चे लेंगे भाग

निज संवाददाता

**नवादा।** में मिशन दक्ष की कक्षाओं का संचालन सभी प्रारंभिक स्कूलों में दिसंबर 2023 से किया जा रहा है। इससे 52 हजार कमजोर विद्यार्थियों को दक्ष बनाया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मिशन दक्ष के तहत अंतिम कक्षा का संचालन 14 मई को किया जाएगा। इसके बाद 15 मई को सभी छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। मालूम हो कि मिशन दक्ष के तहत कक्षा तीसरी से 8वीं तक के बच्चों को चिह्नित कर पढ़ाई के लिए बुलाया जा रहा था। वहीं विशेष परीक्षा को लेकर विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। मिशन दक्ष के तहत होने वाली विशेष परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र और कॉपी को राज्य शिक्षा




शोध व प्रशिक्षण संस्थान की ओर से स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिला को प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रश्नपत्र सह उतर पुस्तिका को बनाने की जिम्मेवारी जिला स्तर पर दी जाएगी। इनकी छपाई डिमांड के हिसाब से जिला स्तर पर कराया जाएगा। डीपीओ की ओर से प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका की सॉफ्ट और हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। इसी के आधार पर जिला में प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका की छपाई की जाएगी। परीक्षा संबंधी गोपनीयता को ध्यान रखते हुए विशिष्ट पासवर्ड के साथ सब कुछ दिया जाएगा।

# स्कूल गाड़ी की चपेट में आने से सफाई कर्मी की हुई मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

- स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी और चालक को पकड़ लिया गया है। पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मौत की खबर मिलते ही परिवार वाले का रो-रो कर बुरा हाल है।

निज संवाददाता




**नवादा।** नवादा के रोह थाना क्षेत्र के मनीयो चक गांव के पास तेज रफ्तार स्कूल के पिकअप ने एक युवक को टक्कर मार दिया। इसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। गांव के ग्रामीणों द्वारा घटनास्थल के पास ही सड़क को जाम कर दिया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बूझाकर जाम हटाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। मामला मंगलवार का है। जहां मृतक की पहचान अमीराख महतो का बेटा शंकर कुमार (32) के रूप में की गई है। मृतक के भाई राजेश कुमार ने कहा कि मेरा भाई लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत अपने गांव के क्षेत्र में सफाई कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार एक स्कूल गाड़ी ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। इसके बाद घटनास्थल पर मेरी भाई की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी और चालक को पकड़ लिया गया है। पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मौत की खबर मिलते ही परिवार वाले का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक युवक को दो बेटा और एक बेटी है। पति की मौत सुनने के बाद पत्नी आरती देवी की तबीयत बिगड़ गई है। रोह थाना प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि चालक को गिरफ्तार किया गया है। स्कूल गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। मृतक के परिजन के आवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली की चिनगारी और पराली जलाने से इस वर्ष अगलगी की घटनाओं में वृद्धि

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेजों में चार वर्षीय पाठ्यक्रम स्नातक सेमेस्टर वन सत्र, 2024-28 में नामांकन के लिए आवेदन लिए जा रहे है। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार करीब 40 हजार अभ्यर्थियों ने नामांकन के लिए आवेदन भी कर दिया है। अभ्यर्थी नामांकन के लिए अंगीभूत कॉलेजों का चयन पहले कर रहे है। इधर, छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय अंतर्गत भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले में 69 संबद्ध कॉलेज और 19 अंगीभूत कॉलेज है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। पहले नामांकन पोर्टल पर 19 अंगीभूत और 31 संबद्ध कॉलेजों की सूची अपलोड थी। अब इसकी संख्या में इजाफा हो गया है। वर्तमान में 48 संबद्ध कॉलेजों की सूची नामांकन पोर्टल पर अपलोड हो गई है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे सरकार से संबद्ध कॉलेजों को मान्यता मिल रही है। वैसे वैसे कॉलेज का नाम नामांकन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 12 मई तक ऑनलाइन आवेदन लेने के लिए पोर्टल खोला गया है। ऑनलाइन आवेदन शुल्क 300 निर्धारित किया गया है। एक अभ्यर्थी को पांच कॉलेज चयन करने का मौका दिया गया है।

### दो बाइक में टक्कर, तीन लोग घायल, दो पटना रेफर

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के आरा-पटना मुख्य मार्ग पर अहिरपुरवा मोड़ के समीप दो बाइक आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें तीन घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के सदर अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर हालत में दो युवकों को पटना रेफर कर दिया गया।घायलों में टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी कुंदन कुमार पिता शैलेंद्र कुमार, शिवगंज मोहल्ला निवासी राजा कुमार पिता सुरेश प्रसाद और दूसरे बाइक पर सवार धनुपुरा निवासी धर्मेंद्र कुमार पिता राजेंद्र पासवान है। घायल कुंदन के परिजनों ने बताया की राजा अपने दोस्त के साथ घूमने के लिए गांव आया था। जबकि घायल धर्मेंद्र नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला अपनी दीदी के घर आया था ।

### स्नातक पार्ट टू की परीक्षा में दो नकली परीक्षार्थी पकड़ाए

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत 46 कॉलेजों में सोमवार को स्नातक पार्ट टू सत्र, 2022-25 की परीक्षा हुई। डॉ अरविंद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दुलारपुर से दो परीक्षार्थी निष्कासित हुए। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इनाम ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी विषयों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रतिदिन ग्रुप वार दो पाली में परीक्षाएं संचालित की गई है। ऑनर्स विषय की परीक्षा 4 मई से 9 मई तक होगी। सहायक विषय और जनरल विषय की परीक्षा 10 मई से 21 मई तक होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 से शाम 5:00 बजे तक हो रही है। गौरतलब हो कि ग्रुप ए में भौतिकी, बॉटनी, जंतुविज्ञान, गणित(विज्ञान व आट्र्स) कॉमर्स एंड आईएफएफ, ग्रुप बी में राजनीतिक विज्ञान, एआई एंड एएस, एलएसडब्लू, लोक प्रशासन, बुद्धिष्ट स्टडीज और समाजशास्त्र एवं ग्रुप सी में मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र, म्यूजिक, अर्थशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी और गृहविज्ञान को रखा गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर चला सघन वाहन जांच

**कोईलवर।** लोकसभा चुनाव को लेकर कुलहड़िया टोल पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। लगभग दो घंटे तक चले इस अभियान में इस रास्ते गुजर रहे सैकड़ों बड़े व छोटे वाहनों को रोक जांच की गई।हालांकि इस क्रम में कुछ भी नही पाया गया।गौरतलब रहे की कुलहड़िया टोल पर मल्टी टास्किंग चेक पोस्ट बनाया गया है जहां खनन, परिवहन, मद्य निषेध व स्थानीय पुलिस लगातार वाहनों की जांच कर रही है। आज भी सभी विभागों के कर्मी जांच करते नजर आए। संबंधित अधिकारियों ने बताया की लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों में बड़ी मात्रा में नोट, शराब के साथ-साथ चोरी के वाहन व अवैध बालू परिचालन पर ले जाए जाने की शिकायतें मिलती हैं जिसके परिप्रेक्ष्य में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### महिला ने दुकान से 1.5 लाख के गहने की चोरी की, एफआईआर


**बक्सर।** शहर के पुराना चौक स्थित आरके ज्वेलर्स की दुकान में एक महिला ने ग्राहक के रुप में डेढ़ लाख के सोने का गहना उड़ा लिया। दुकानदार ने मामले को लेकर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के मदद से महिला के पहचान कर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। टाउन थाना पुलिस के मुताबिक शहर के पुराना चौक के समीप आरके ज्वेलर्स की दुकान है। शनिवार की सुबह करीब दस बजे एक महिला ग्राहक के वेष में दुकान में पहुंची। महिला ने दुकानदार से गहने दिखाने को बोली। दुकान के कर्मी महिला को गहने दिखाने लगे। उसी दौरान महिला ने कर्मियों की नजर से छुपाकर एक जोड़ी झुमका और एक सोने की सिकड़ी उड़ा ली। कुछ समय के बाद महिला दुकान से बगैर कुछ खरीदारी किए निकल गई। काफी देर के बाद दुकानदार को दुकान से गहनों के चोरी होने का आभास हुआ। दुकानदार ने तत्काल सीसीटीवी फुटेज देखा तो उसमें महिला के द्वारा गहनों को चोरी करते हुए दिख गई। दुकानदार ने तत्काल घटना की सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। दुकानदार के मुताबिक महिला ने करीब डेढ़ लाख के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार के बयान पर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपित महिला के गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

### जनवितरण दुकान पर लगा मतदाता जागरुकता पोस्टर

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को जिले के पीडीएस विक्रेताओं के दुकानों पर मतदाता जागरुकता को लेकर बैनर लगाया गया। ताकि लोग लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग के प्रति प्रेरित हो सके। बताते चलें कि जिले में 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। डीएम ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। जिला प्रशासन ने यह तय किया गया है कि कम से कम जिले का मतदान प्रतिशत 70% हो सके। ऐसा लक्ष्य लेकर चला जा रहा है। इसीलिए डीएम के निर्देश पर जिले के सभी पीडीएस विक्रेताओं के यहां मतदाता जागरुकता को लेकर पोस्टर लगाया जा रहे हैं। ताकि जन वितरण प्रणाली पीडीएस के जितने भी लाभुक हैं। यदि राशन लेने के लिए पहुंचे तो मतदाता जागरुकता के बारे में बताया जा सके।

### 10 फीट नीचे गड्ढे में गिरी बाइक, शख्स की मौत, बक्सर में अनबैलेंस होकर गिरी

**बक्सर।** बक्सर के नियाजीपुर में एक्सीडेंट में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक बाइक टर्निंग के पास सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे गड्ढे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची तिलक राय हाता थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। नियाजीपुर गांव के अभिलाख यादव के डेरा निवासी लाल जी बिंद सुबह में बाइक लेकर अपने खेत की तरफ जा रहे थे। तभी बाइक सड़क किनारे बने लगभग 10 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरी। आसपास के लोगो ने दौड़कर युवक को गड्ढे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां मृत होने की पुष्टि कर दी गई। ग्रामीण सुनील कुमार ने बताया कि घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लालजी बिंद को तीन छोटे-छोटे लड़के और एक लड़की है। उसका भरण पोषण वह खेती कर के करता था। तिलकराय हाता थाना के प्रभारी लाल बाबू सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा इसकी पुष्टि करते हुए बताया की खुद की बाइक से गिरकर युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

# बक्सर में पूर्व IPS आनंद मिश्रा ने किया नामांकन

## जन आशीर्वाद यात्रा आयोजित, भाजपा के बागी नेता कार्यकर्ता हुए शामिल

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर 33 लोकसभा सीट से नामांकन के पहले दिन पहला नामांकन पूर्व IPS आनंद मिश्रा ने किया। इनके द्वारा नामांकन पहले किला मैदान में जुटी समर्थकों की भिड़ को संबोधित करते हुए बक्सर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां अपने प्रस्तावक के साथ नामांकन के बाद कहा कि बहुत लोगों द्वारा अटकलें लगाई जा रही थी कि आनंद मिश्रा नामांकन से पहले मैदान छोड़कर भाग जाएंगे। इनके मन को अब शांति मिल जाएगी की आनंद मिश्रा सीरियस आदमी हैं, इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

**नामांकन के बाद निकाला गया जन आशीर्वाद यात्राः** पूर्व IPS आनंद मिश्रा द्वारा दोपहर 2 बजे बक्सर कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी



के सामने अपना नाम निर्देशन का कार्य सम्पन्न कराने के साथ किला मैदान में पहुंचे। जहां से जन आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। यह यात्रा किला मैदान से शुरू होकर पीपी रोड होते हुए मुनीम चौक के रास्ते गर्ल्स हाई स्कूल, बड़ी देवी मंदिर, माखन भोग, मेन रोड के बाद यह यात्रा किला मैदान में पहुंच सम्पन्न हुआ। इस दौरान आनंद मिश्रा ने अपना विजन बताते हुए कहा कि बक्सर के डिजिटल और फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉ एंड ऑडर , शिक्षा स्वास्थ्य और स्पोर्ट पर काम करना बताया।

**भाजपा के बागी नेता कार्यकर्ता हुए शामिलः** पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा के नामांकन के बाद भाजपा का प्रत्याशी की टेंशन बढ़ गई है। आनंद मिश्रा के नामांकन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से समर्थक के साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष माधुरी कुंवर मौजूद रही। इनके द्वारा मीडिया से शायराना अंदाज में बात करते हुए कहा कि तूफान से कश्ती निकाल कर बक्सर के लोग लाना चाहते हैं। इसको बचा के आगे मीडिया ने जब भाजपा से मोह भंग होने का सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि इस सवाल को अभी यही रहने दीजिए आगे इस पर बात होगी।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, विजयवाड़ा से बक्सर लौट रहा था

## बाहर देखने के दौरान खंभे से टक्कराया था सिर

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के दादुरा गांव के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है की युवक बाहर में मजदूरी करता था, जहां से छुट्टी मिलने पर घर लौट रहा था। इसी दौरान ट्रेन के गेट से सिर निकाल कर देखने के दौरान पंडित दिन दयाल-बक्सर स्टेशन के बीच चंदौली जिला के पटपरा गांव के नजदीक उसका सिर रेलवे के खंभे से टकरा गया और युवक ट्रेन से नीचे गिर गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना अलीनगर थाना पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के बाद परिजनों को दिया। जिसके बाद से घर में कोहराम मच गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के हरपुर पंचायत अंतर्गत ददुरा गांव निवासी राम प्रवेश चौधरी का पुत्र सोनू कुमार (28) आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर में जाकर किसी निजी कंपनी में काम कर रहा था। पिछले छह माह पहले गांव आया था जो अपने परिजनों से मिलकर काम पर वापस लौट गया था। शनिवार के दिन छुट्टी मिलने पर वह ट्रेन से गांव लौट रहा था। आज सुबह 8:00 बजे के लगभग जैसे ही ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से बक्सर के लिए चली। ट्रेन खुलने के कुछ दूर आगे जाने के बाद यह ट्रेन के दरवाजे से बाहर झांकने लगा।जैसे ही ट्रेन चंदौली जिला के पटपरा गांव के नजदीक पहुंची तभी अचानक इसका सर बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर लगते ही यह क्षतिग्रस्त होकर रेल की पटरी के पास गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही इसकी दर्दनाक मौत हो गई। जांच के दौरान उसके पास पुलिस ने मोबाइल बरामद किया। तभी एक घंटे बाद उसके दूसरे भाई ने इसके पहुंचने की खबर के लिए इसके मोबाइल पर फोन किया। जिस पर पुलिस ने फोन रिसीव कर बताया कि इसकी दुर्घटना हो गई है। खबर सुन परिजन घटनास्थल पर पहुंचे शव की पहचान कर पंचनामा तैयार करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया।

# बक्सर में आज से नामांकन शुरू, 14 मई तक समय

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर लोकसभा सीट के लिए आज मंगलवार से नामांकन की प्रकिया शुरू हो गई। इसको लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। समहरणालय परिसर से अंबेडकर चौक, इटाढी रोड आदि चार जगहों पर ड्रॉप गेट बनाया गया है। नामांकन के दौरान कार्य में लगाए जाने वाले कर्मियों, अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारी की ड्यूटी भी लगा दी गई है। इसके सात ही ट्रैफिक पुलिस भी जगह-जगह तैनात किए गए है। जानकारी के अनुसार आज निर्दलीय उम्मीदवार पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा के अलावा पूर्व मंत्री ददन पहलवान नामांकन कर सकते है। प्रत्याशी अधिकतम चार सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल कर सकते है। नामांकन करने वाले सामान्य प्रत्याशी को 25 हजार, अनुसूचित जाति-जन जाति के उम्मीदवार को 12 हजार 500 रुपए का नाजिर रसीद कटाना होगा। नामांकन से संबंधित सभी कार्य कलेक्ट्रेट में



ही होंगे। नामांकन के लिए प्रत्याशी सुबह 11 से 3 बजे तक आ सकते है। छुट्टी के दिन नामांकन कार्य नहीं होगा। जिले में सातवें चरण में 1 जून को मतदान होगा। उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि को कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन शाखा पहुंचकर राशि जमा कर नाजिर रसीद कटाना होगा। नाजिर रसीद की मूल कॉपी नामांकन के समय जमा करनी होगी। अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवार को जाति प्रमाणपत्र की मूल प्रति भी जमा करनी होगी। बता दें कि 7 से 14 मई तक विभिन्न दलों के प्रत्याशियों व निर्दलीय उम्मीदवारों की ओर से भी नामांकन पर्चा दाखिल किया जा सकेगा।

## ओपीडी में बनाए जा रहे पांच रजिस्ट्रेशन केबिन

निज संवाददाता। आरा

मॉडल सदर अस्पताल के नए ओपीडी में रजिस्ट्रेशन काउंटर एवं दवा वितरण केंद्र छोड़कर लगभग सभी सेवा सुचारु रूप से काम करने लगे है। अस्पताल प्रशासन भी मरीजों को पहले से अब बेहतर सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। नए ओपीडी में रजिस्ट्रेशन काउंटर शिफ्ट करने के लिए नए भवन के मुख्य द्वार के समीप ही रजिस्ट्रेशन के लिए पांच रजिस्ट्रेशन केबिन बनाए जा रहे है। जिसमे एक नंबर केबिन पुरुष के लिए, दो नंबर केबिन वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के लिए, तीन नंबर केबिन पुरुष के लिए , चार नंबर केबिन महिला के लिए एवं पांच नंबर केबिन ऑनलाइन एवं एक्सरे के लिए होगा। केबिन बनाने का काम शुरू हो चुका है। फिलवक्त पुराने भवन में ही ओपीडी का रजिस्ट्रेशन काउंटर चल रहा है।नए ओपीडी में ही दवा वितरण केंद्र को भी शिफ्ट किया जाएगा। दवा वितरण केंद्र के लिए काउंटर बन गए है। दवा वितरण केंद्र के समीप शेड देने का काम भी जारी है। ताकि तेज धूप एवं बारिश में भी दवा लेने आये मरीज एवं उनके परिजनों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। अत्याधुनिक सुविधा युक्त मीटिंग हॉल में हुई सफाई कर्मियों की मीटिंग मॉडल सदर अस्पताल के नए भवन में हीं अत्याधुनिक सुविधा युक्त मीटिंग हॉल का भी शुभारंभ सोमवार को हुआ। मीटिंग हॉल में पहली बैठक सफाई कर्मियों के साथ हुई। सफाई कर्मियों को सदर अस्पताल प्रबंधक शशिकांत कुमार, उपाधीक्षक डॉ अरुण कुमार व डॉक्टर रिचा अस्पताल की नई व्यवस्था के तहत सफाई कर्मियों को विशेष रूप से सफाई पर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सफाई कर्मियों की समस्याओं को भी सुना और उसका त्वरित निदान किया। सफाई कर्मी सदर अस्पताल के नए मीटिंग हॉल में नई सुविधाओं और अधिकारियों के साथ बैठक होने से काफी खुश दिखे।

# विजय सिन्हा बोले-राम कृपाल यादव से लालू चप्पल उठवाते थे

- सम्राट ने कहा-क्रिकेटर नहीं बन पाया, पानी ढोता रह गया तेजस्वी, आरके सिंह ने किया नामांकन

निज संवाददाता। आरा

NDA समर्थित भाजपा पार्टी से आरा लोकसभा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने मंगलवार को नामांकन किया। नामांकन से पहले वे लोगों से मिले। जनता से पूछा नामांकन करूं या नहीं। जानता ने समर्थन देते हुए कहा हां, बिल्कुल नामांकन करें। दो लाख वोट से विजयी बनाएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं। जिनके साथ आरके सिंह नामांकन से पहले मां आरण्य देवी मंदिर भी पहुंचे, जहां भाजपा महिला मोर्चा ने उनका और उनकी पत्नी का तिलक लगाकर स्वागत किया। आरके सिंह ने मां आरण्य देवी की आरती की। आरण्य देवी मंदिर परिसर में केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में समर्थक मंदिर में पहुंचे हुए हैं। आरण्य देवी मंदिर परिसर से माता की आरती के बाद आरके सिंह नामांकन के लिए निकल गए हैं। आरके सिंह ने कहा कि मां आरण्य देवी का आशीर्वाद है कि विजय हमारी होगी, मोदी की होगी। यह देश महाशक्ति बनेगा। नरेंद्र मोदी पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे। यह देश पुनः महाशक्ति बनेगा। हम लोग आरा का कायाकल्प कर रहे है। भोजपुरी में कहा कि हमनी आरा के अइसन जिला कर देम कि लोग कही कि आरा ऐगो जिला बा।

**'ना MY समीकरण काम आएगा, ना बाप समीकरण काम आएगा':** नामांकन सभा में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि यह चुनाव बिहार का भविष्य बनाने के लिए है, जिस जंगलराज ने जातीय लहर के कहर से डरा दिया था। बिहारी शब्द को जिसने बदनाम किया। परिवारवाद को बढ़ाता हो। आज नोटों के ढेर पर बैठने वाला, बिहारी को लूटने वाला नहीं बल्कि बिहारी की सेवा करने वाला सेवक चाहिए। राम कृपाल यादव राजद छोड़कर भाजपा में क्यों आए ? लालू का चप्पल-जूता उठाते थे,



बेटी का चप्पल उठाने के लिए बोलते थे। ये भष्टाचारी लोग नोटों की ढेर पर सोते हैं। यही वो बिहार था, जो सम्मान से जीना चाहता था तो अपराधियों की गोली खाता था। ना MY समीकरण काम आएगा, ना बाप समीकरण काम आएगा।

**पानी ढोता रह गया तेजस्वी, अब मुख्यमंत्री बनना चाह रहे हैंः सम्राट चौधरीः-** बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस भारत को नरेंद्र मोदी श्रेष्ठ बना रहे हैं। पहले 12वें स्थान पर थे और अब 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यहां तो लाल झंडा वाला मुड़ी काटता रहा तो मुड़ी कटवा पार्टी को वोट देना है क्या ? लोगों को पक्का मकान मिल रहा है। 2019 में जैसे ही आरके सिंह जीते तभी 2020 में राम मंदिर बन गया। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी मुख्यमंत्री थे तो क्या किसी को आरक्षण मिला क्या ? जब 2015 में एनडीए की सरकार बनी तो महिलाओं को आरक्षण दिया। लालू यादव का बेटा क्रिकेट नहीं खेल पाया पानी ढोता रह गया तो इसको मुख्यमंत्री बनाओ। अब टूरिस्ट बेटी के रूप में पांचवा आरक्षण आ गया है । लालू बोल रहे हैं कि मुसलमान को आरक्षण मिलना चाहिए, तो अब वो सनातन का विरोध कर रहे हैं। चारा खाने वाला मटन कैसे खाने लगा ? बिहार में कानून का राज बनाना है। लालू यादव बोल रहे हैं पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित और सवर्ण समाज को मोदी ने 10% जो आरक्षण दिया है, वो आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को देने का काम करेंगे। एक तो सनातन का विरोध, आरक्षण का विरोध और तीसरा लोगों का अपमान करने का काम कर रहे हैं।

**राजद-कांग्रेस के लोग अनाज बंद कराना चाहते हैंः** चिराग पासवान ने कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान चल रहा है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। सांसद ऐसा व्यक्ति हो को प्रधानमंत्री के बगल में बैठकर आप लोगो के समस्याओं का काम करें, जो काम आरके सिंह करते रहे हैं। आज मेरे पिता रामविलास पासवान जीवित होते तो वो भी इस मंच पर मौजूद होते। उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब आरके सिंह यहां से तीसरी बार जीतेंगे। आज कुछ लोग हैं जो भारत के प्रधानमंत्री के बढ़ते विचारो को रोकने का काम करते हैं। ये वहीं लोग हैं, जिन्होंने आपातकाल लगाकर सही मायने में लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया। जब तक चिराग पासवान जिंदा है, तब-तक संविधान को कोई खतरा नहीं है। राजद और कांग्रेस के लोग आपका अनाज बंद कराना चाहते है।


**कई चौक-चौराहों से रोड शो करते हुए निकलेः** मंदिर से निकलने के बाद रोड शो करते हुए आरके सिंह शहर के शीश महल चौक, जेल रोड, बड़ी मठिया, महादेवा रोड, बाबू बाजार, रमना मैदान के रास्ते नामांकन केंद्र तक जाएंगे। रोड शो के दौरान ऊंट और सैकड़ों गाड़ियां केंद्रीय मंत्री के नामांकन में शामिल है। इस दौरान हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी हुई है। रोड शो के दौरान आरा की जनता अपनी छत से मंत्री पर फूलों की वर्षा कर रहे हैं।

**5 गुना ज्यादा काम आरके सिंह ने कर दियाः** वहीं एमएलसी जीवन कुमार ने बताया कि आरके सिंह को बिहार के लोग और आरा की जनता विकास पुरुष के नाम से जानते है। क्योंकि आजादी के बाद जितने भी सांसद हुए और जिन लोगों ने भी काम किया उनकी गिनती की जाए और आरके सिंह की गिनती की जाए तो इनके काम की जो चर्चा होती है। तो लोग ये कहते है कि सब को मिलाकर जितना काम हुआ। उससे 5 गुना ज्यादा काम आरके सिंह ने कर दिया है। इसलिए इनको विकास पुरुष का संज्ञा दिया हुआ है। एमएलसी ने कहा कि देश का बिजली का उत्पादन जितना होता है आज के डेट में दो गुना हो गया है। वहीं आरके सिंह जी ने मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आरा को जाम का शहर माना जाता था आरा से निकलना बहुत मुश्किल होता था, लेकिन आज आरा शहर जाम की समस्या से छुटकारा मिल चुका है। बक्सर के लोग आसानी से अब पटना जा सकते है। किसी मरीज को अगर पटना रेफर किया जाता था तो जाम की वजह से मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। कोईलवर छह लेन पुल का निर्माण समय से पहले कर दिया गया था, नीतीश कुमार भी हेलीकॉप्टर से आए थे देखने के लिए उनको विश्वास नहीं हो रहा था। वहीं नामांकन को लेकर जीवन कुमार ने भोजपुर की जनता से भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सफल बनाने की अपील की।

# डिवाइडर को तोड़ बनाए गए रास्ते व दुकानें

निज संवाददाता। कोईलवर

कोईलवर पटना-आर ा-बक्सर नेशनल हाईवे 922 पर कोईलवर से आरा के बीच विस्तारित और चौड़ीकरण का दुरुपयोग होने लगा है। इस हाइवे पर कोईलवर में जाम होना सामान्य बात हो गई है। इसका सबसे मुख्य कारण गीधा से लेकर कायमनगर तक सड़क के किनारे से लेकर बीच सड़क तक फैली सब्जी मंडी और अन्य दुकानें। जो सब्जी मंडी के कारण वहां लगती हैं। दुकानदार न केवल सड़क पर बल्कि डिवाइडर तक पर अतिक्रमण करके दुकान सजाते हैं और फिर चारों ओर से जाम लग जाता है। कई बार तो यह जाम ऐसी विकट परिस्थिती को जन्म



देता है कि कई-कई किलोमीटर तक लम्बी कतारें खड़ी हो जाती हैं। स्थानीय प्रशासन को जाम खुलवाने में पसीने छूट जाते हैं। सब्जी मंडी के कारण अहले सुबह लगने वाले जाम की समस्या को और बढ़ाते हैं वह वाहन चालक जो कि यातायात नियमों उल्लंघन करके डिवाइडर के इधर से उधर वाहन सहित पार करते हैं ताकि थोड़ा बहुत भी चक्कर न काटना पडे। इससे डिवाइडर पर लगे पौधे भी बर्बाद हो रहे हैं। कई जगह डिवाइडर को क्षतिग्रस्त करके इसके बीच से क्रासिंग मार्ग निकाल दिया गया है जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाओं को सिलसिलेवार क्रम बनता जा रहा है। डिवाइडर पर खड़े वाहन। डिवाइडर फांदने से आम नागरिकों को भी खतरा है : प्लानिंग मैनेजर पीएनसी के प्लानिंग मैनेजर विवेक कुमार ने बताया कि इन डिवाइडरों के बीच से अंडरग्राउंड बिजली, सीसीटीवी कैमरा व फोन के तार गये हैं जिनके कारण अतिक्रमण करने वालों, डिवाइडर फांदने व तोड़ने वालों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी खतरा है। इस संदर्भ में पीएनसी प्रोजेक्ट के जीएम मनीष सिंह ने बताया कि डिवाइडर तोड़कर रास्ता बनाने से लेकर सड़क पर सब्जी, अंडा, मछली व कई ठेला पर दुकानें लगने कि शिकायत हम लिखित रूप से गीधा थाने को दिया है। पर समस्या यथावत है। साथ ही उन्होंने ने कहा कि प्रति दिन पौधों में पानी डाला जाता है व पेट्रोलिंग टीम द्वारा पेट्रोलिंग भी किया जाता है व लोगों को जागरूक भी किया जाता है कि पौधों को नष्ट ना करें व दूसरों को समझाइये। पर लोग नहीं मानते हैं। इस बाबत गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शीला ने कहा कि हमारे स्तर से लगातार पेट्रोलिंग किया जाता है। जब भी डिवाइडर पार करते किसी वाहन को देखा जाता है तो फाइन निश्चित रूप से होता है। मामले में लोगों को जागरूक भी किया जाता है कि डिवाइडर से वाहन को नहीं पार करें व न किसी को पार करने दें।

# 60 करोड़ में यूपी से खरीदा गया था नीट का प्रश्न पत्र

निज संवाददाता



**पटना।** नीट (नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका में डीएवी स्कूल, बोर्ड कालोनी से गिरफ्तार अभ्यर्थी आयुष राज ने चौंकाने वाला राजफाश किया है। इससे प्रश्न पत्र लीक की पुष्टि हो गई है और तार झारखंड से जुड़ गए हैं। पटना पुलिस ने शास्त्री नगर थाने में प्रश्न पत्र लीक की प्राथमिकी की है। इसमें अब तक एक अभ्यर्थी की मां, राजफाश करने वाले आयुष के पिता समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में दानापुर नगर परिषद का कनीय अभियंता सिकंदर यादवेंदु भी शामिल है। इनके पास से झारखंड नंबर की डस्टर कार एवं मोबाइल बरामद हुए हैं। प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने वाला राकी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है, पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही किंग पिन का पता चलेगा, जिसने प्रश्न पत्र उड़ा कर गुर्गों के बीच बांटे। पुलिस को अब तक मिली जानकारी में पता चला है कि नालंदा के नगरनौसा प्रखंड की भूतहाखार पंचायत के बलवा पर गांव निवासी कुख्यात परीक्षा माफिया संजीव कुमार ने रॉकी को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए थे। संजीव के पुत्र डॉ. शिव कुमार का नाम गत मार्च में बीपीएससी टीआरई 3 प्रश्न पत्र लीक में सामने आया था, उसे मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार किया गया था, अभी जेल में है। संजीव की पत्नी ममता देवी भूतहाखार पंचायत की मुखिया रही हैं। ममता 2020 में हरनौत से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं। वह विजेता की निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहीं थीं। अभ्यर्थी के अभिभावकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि प्रति अभ्यर्थी 40 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने वालों ने कहा था कि राकी ने संजीव के माध्यम से 60 करोड़ में उत्तर प्रदेश से प्रश्न खरीदा था। आयुष ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि परीक्षा से एक दिन पूर्व (चार मई) की रात ही उसे प्रश्न पत्र और उनके उत्तर मिल गए थे। परीक्षा माफिया के लोगों ने रामकृष्ण नगर के खेमनीचक स्थित लर्न ब्वायज हास्टल एवं लर्न प्ले स्कूल में रात भर रखकर प्रश्नों के उत्तर रटवाए थे। वहां उसके जैसे 20-25 अन्य छात्र भी थे। दूसरे दिन गिरोह के सदस्य सभी छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक लेकर गए थे। आयुष ने पुलिस की पूछताछ में दावा किया कि जिन प्रश्नों के उत्तर उसे रटवाए गए थे, वे ही प्रश्न परीक्षा में शत प्रतिशत मिले थे। ऐसे में पुलिस मान रही है कि प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही माफिया के माध्यम से अभ्यर्थियों तक पहुंच गए थे। रविवार को एक केंद्रीय एजेंसी की रांची (झारखंड) इकाई से एसएसपी को नीट का प्रश्न पत्र लीक होने की सूचना मिली। उन्हें डस्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच01बीडब्ल्यू-0019) के बारे में बताया गया कि इस गाड़ी में परीक्षा माफिया के लोग घूम रहे हैं। इसके बाद कार की खोज शुरू हुई। शास्त्री नगर थाना अध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में टीम ने रविवार की दोपहर 2:05 बजे राजवंशी नगर मोड़ के पास घेराबंदी कर पटेल भवन की ओर से आ रही कार को रोक लिया। उसमें सिकंदर यादवेंदु (पुसहौ, विधान थाना, समस्तीपुर), अखिलेश कुमार (सुल्तानपुर, दानापुर) और बिट्टू कुमार (बड़का गांव, गढ़ नोखा, रोहतास) सवार थे। तीनों सवारों समेत कार शास्त्री नगर थाने लाई गई। वहां पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो डैश बोर्ड के सेल्फ से चार नीट अभ्यर्थी अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार, आयुष राज और अनुराग यादव के एडमिट कार्ड मिले। सख्ती से पूछताछ करने पर सिकंदर ने बताया कि इन सभी विद्यार्थियों को उसने अलग-अलग सेंटरों पर परीक्षा देने के लिए पहुंचाया है। चूंकि, आयुष शास्त्री नगर थाने के समीप बोर्ड कालोनी स्थित डीएवी स्कूल में परीक्षा दे रहा था तो पुलिस वहां फौरन पहुंच गई। केंद्राधीक्षक ने एडमिट कार्ड देख कर पुलिस को बताया कि यह अभ्यर्थी कमरा नंबर 28 में परीक्षा दे रहा है। पुलिस सेंटर के बाहर ही खड़ी रही, जैसे ही आयुष निकला, उसे पकड़ लिया गया। आयुष ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसे शनिवार की रात प्रश्न पत्र व उत्तर रटवाए गए थे, इसके बाद वह परीक्षा देने आया था। गिरफ्तारी के बाद कनीय अभियंता सिकंदर ने संजीव सिंह, राकी, नीतीश और अमित आनंद के नाम बताएं, जिनके माध्यम से वह नीट में धांधली करवाता था। राकी प्रश्न पत्र उपलब्ध कराता था। शेष सदस्य रुपये देने वाले अभ्यर्थियों की तलाश करने से लेकर उत्तर रटवाने और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने व लाने का काम करते थे। पुलिस ने रविवार की देर रात खेमनीचक, कोतवाली, जक्कनपुर, राजीव नगर और दानापुर क्षेत्र में छापेमारी की। वहां से आठ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इनके नाम नहीं बताए हैं।

# बिहार इलेक्शन लाइवः जनशक्ति जनता दल को बांसुरी चुनाव चिह्न मिला

निज संवाददाता



**पटना।** जनशक्ति जनता दल को बांसुरी चुनाव चिह्न मिला है। पूर्व मंत्री और लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप के करीबियों ने इस पार्टी को बनाया है। जनशक्ति जनता दल ने हाजीपुर संसदीय सीट से एनडीए के चिराग पासवान और महागठबंधन के शिवचंद्र राम के खिलाफ बालेन्द्र दास को मैदान में उतारा है। तेजस्वी यादव के कमर का दर्द बढ़ा, चिराग बोले- लोगों को डराकर वोट हासिल करना चाहता है विपक्ष नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने कमर की दर्द से परेशान है। उनके स्पाइनल (रीढ़ की हड्डी) सेग्मेंट में लगातार 10 दिनों से दर्द है, जो बीते 4 दिन में और अधिक बढ़ गया है। इसे लेकर सोमवार देर शाम उन्होंने कमर में बढ़ते दर्द को लेकर पटना के हॉस्पिटल में करवाया। अभी वो पेन किलर खाकर चुनावी सभा में जा रहे हैं। दरअसल, तेजस्वी यादव पिछले शुक्रवार को अररिया, मधेपुरा, सुपौल समेत 5 जिलों के चुनावी दौरे पर थे। अररिया के फारबिसगंज में सभा के पहले उनके पैर में मोच आ गई। इसके बाद वो मंच पर ही लड़खड़ाते दिखे। सुरक्षाकर्मियों और सहयोगियों ने उन्हें सहारा देकर मंच से नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार, तेजस्वी यादव अररिया लोकसभा से राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम के पक्ष में सभा को संबोधित करने के लिए फारबिसगंज प्रखंड के सिमराहा मैदान पहुंचे थे। भाषण समाप्त होने के बाद तेजस्वी यादव मंच के बगल में बने टॉयलेट में गए। इसी क्रम में उनका पैर पत्थर पर पड़ गया। जब उन्हें थोड़ी देर के लिए दर्द का अनुभव हुआ तो एकदम से मंच पर ही लड़खड़ाने लगे। लोजपा (रा) सुप्रीमो चिराग पासवान ने विपक्ष पर निशाना साधा है। विपक्ष मुद्दे की बात नहीं करता। हर चीज में हिंदू-मुस्लिम आरक्षण खत्म हो जाएगा, संविधान खत्म होने की बात करते हैं। किसने बोला आरक्षण खत्म हो जाएगा, संविधान खत्म हो जाएगा, किसने बोला कि लोकतंत्र खतरे में है। जिन लोगों ने सही मायने में देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की, वह लोग लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। 2015 में भी इसी तरह से आरक्षण खत्म करने की बात कह कर हो-हल्ला मचाया था, एकतरफा चुनाव कर लिया था। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं, वह संविधान को खत्म करने का प्रयास करेंगे।

# ईडी के मामले में जदयू एमएलसी राधाचरण साह के बेटे को नौ महीने बाद मिली बड़ी राहत

निज संवाददाता




**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने बालू के अवैध कारोबार और उसके सिंडिकेट में आरोपित जदयू के एमएलसी राधाचरण साह के पुत्र कन्हैया प्रसाद को सोमवार को नियमित जमानत दे दी। कन्हैया प्रसाद पिछले नौ महीने से जेल में थे। न्यायाधीश डॉ. अंशुमान की एकलपीठ ने कन्हैया प्रसाद की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए इसे स्वीकृति दे दी। अधिवक्ता एसडी संजय एवं केंद्र सरकार के एडिशनल सालिसिटर जनरल डॉ. केएन सिंह और केंद्र सरकार के अधिवक्ता तुहिन शंकर की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले का अवलोकन कर पाया कि याचिकाकर्ता पिछले नौ माह से जेल में बंद है। इस मामले में जांच एजेंसी ने आरोप पत्र भी समर्पित कर दिया है। आरोप पत्र में कुल 56 गवाह हैं। जिसकी गवाही में काफी समय लग सकता है। जबकि, इस मामले में अधिकतम सात वर्ष की सजा हो सकती है। कन्हैया प्रसाद पर बालू के अवैध सिंडिकेट में आदित्य मल्टीकाम प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के साथ कारोबार करने का आरोप है, जिसमें इनकी भी हिस्सेदारी होने का आरोप लगाया गया है। आरा-बक्सर निकाय क्षेत्र से जदयू एमएलसी राधा चरण साह उर्फ सेठ के आवास पर 13 सितंबर को छापामारी हुई थी। इसके बाद, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद, ईडी ने उनके बेटे कन्हैया प्रसाद पर शिकंजा कसा था। हालांकि, राधा चरण साह को अब तक जमानत नहीं मिल पाई है।

## इतना बच्चा पैदा करता है बयान से भड़के लालू की नीतीश से बातचीत बंद

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पांच सीटों पर मंगलवार को चल रही वोटिंग के बीच पटना में बिहार विधान परिषद के 11 नए सदस्यों ने शपथ ली जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व सीएम राबड़ी देवी भी शामिल हैं। इस दौरान सबकी नजर लालू, राबड़ी और नीतीश की मुलाकात और बात पर थी लेकिन समारोह में दोनों पक्ष औपचारिक दुआ-सलाम पर सिमट गए। कुछ महीने पहले तक गलबहियां कर नेताओं में हाय-हैलो से बात आगे नहीं बढ़ी। नए सदस्यों की जो कुर्सी लगी थी उसमें नीतीश और राबड़ी के बीच में अब्दुल बारी सिद्दिकी को बिठाया गया था। नीतीश, राबड़ी और सिद्दीकी के अलावा मंगल पांडे, संतोष कुमार सुमन, अनामिका सिंह, उर्मिला ठाकुर, खालिद अनवर, शशि यादव, लालमोहन गुप्ता और फैसल अली ने भी शपथ ली।

# लालू ने कहा : मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए

निज संवाददाता



**पटना।** लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूरा रिजर्वेशन मिलना चाहिए। लालू ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं, ये बात जनता समझ गई है। लालू मंगलवार को एमएलसी के शपथ ग्रहण में विधान परिषद पहुंचे थे, जहां उन्होंने ये बयान दिया। मोदी ने मध्यप्रदेश के धार में चुनावी सभा के दौरान लालू के बयान पर पलटवार किया है। मोदी ने कहा, 'कांग्रेस चुप है, लेकिन आज उसके एक सहयोगी दल ने गठबंधन के इरादों की पुष्टि कर दी। उनके नेता जो चारा घोटाले के मामले में जेल में हैं और कोर्ट से सजा पा चुके हैं,अभी जमानत पर बाहर आए हैं। कांग्रेस ऐसे लोगों को माथे पर बिठाकर नाच रही है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए, सिर्फ आरक्षण नहीं, उनका कहना है कि मुसलमानों को मिलना चाहिए पूर्ण आरक्षण। इसका अर्थ क्या है ये लोग एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को मिला सारा आरक्षण छीनकर मुसलमानों को पूरा आरक्षण देना चाहते हैं। लालू ने सुबह 10 बजे पटना में पत्रकारों से कहा, वो (मोदी और भाजपा) तो संविधान ही खत्म करना चाहते हैं, लोकतंत्र को समाप्त करना चाहते हैं। जनता को यह बात समझ में आ गई है। साथ ही एनडीए के 400 पार के नारे पर कहा कि वो खुद ही पार हो गए हैं, इसलिए 400 पार बोल रहे हैं। वहीं लालू प्रसाद यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जंगल राज वाले बयान पर हमला करते हुए कहा कि ये देशवासियों को भड़का रहे हैं। इतना डर गए हैं कि भड़का रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए। हालांकि इस बयान पर विवाद बढ़ा तो लालू ने सफाई भी दी। चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष मुद्दे की बात नहीं करता। हर चीज में हिंदू-मुस्लिम आरक्षण खत्म हो जाएगा, संविधान खत्म होने की बात करते हैं। किसने बोला आरक्षण खत्म हो जाएगा, संविधान खत्म हो जाएगा, किसने बोला कि लोकतंत्र खतरे में है। जिन लोगों ने सही मायने में देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की, वह लोग लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि लालू यादव और पूरे इंडी गठबंधन के लोगों के लिए मुसलमानों का तुष्टीकरण पहली प्राथमिकता है। लालू प्रसाद के बयान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि इस देश में विपक्ष मुसलमानों के तुष्टिकरण और मुसलमान वोटों के ध्रुवीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में उल्लेख है कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। हालांकि अल्पसंख्यक और पिछड़े समुदायों के अलग-अलग अधिकार हैं। अगर किसी धर्म के लोग अल्पसंख्यक या पिछड़े वर्ग में आते हैं तो उन्हें आरक्षण मिल सकता है। तेलंगानाः 13% मुस्लिम आबादी है। यहां मुसलमानों को 4% आरक्षण मिलता है। राज्य के सीएम रेवंत रेड्डी ने पिछले महीने कहा था कि कांग्रेस सरकार मुस्लिमों को शिक्षा-रोजगार में 4% आरक्षण जारी रखेगी, वहीं भाजपा इसके खिलाफ है। अप्रैल 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने एससी के लिए कोटा 6% से बढ़ाकर 10% और मुसलमानों के लिए 4% से 12% करने के लिए एक बिल भी पास किया। हालांकि, इसे केंद्र सरकार ने मंजूरी नहीं दी। कर्नाटकः राज्य में 13% मुस्लिम आबादी है। राज्य की पिछली भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले मुसलमानों को मिलने वाला 4% आरक्षण रद्द करके इसे राज्य के लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के बीच 2-2% बांट दिया था। हालांकि एक हफ्ते पहले ही राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार सभी मुस्लिमों को ओबीसी कैटेगरी में शामिल करके आरक्षण दे रही है। 2005 में मुसलमानों को 5% आरक्षण देने का कानून दूसरी बार पारित किया गया था, लेकिन राज्य में आरक्षण की सीमा 51% को पार कर रही थी। इसलिए यह आरक्षण कोर्ट में टिक नहीं सका। तमिलनाडुः 90% मुस्लिम समुदाय आरक्षण की श्रेणी में आता है। राज्य में मुसलमानों और ईसाइयों के लिए 3.5% सीटें आवंटित की गई हैं। इससे ओबीसी आरक्षण 30 से 23% कर दिया गया, क्योंकि मुसलमानों या ईसाइयों से संबंधित अन्य पिछड़े वर्ग को इससे हटा दिया गया था। इसके पीछे सरकार की दलील थी कि यह उप-कोटा धार्मिक समुदायों के पिछड़ेपन पर आधारित है न कि धर्मों के आधार पर। राज्य में शिक्षा में 8% और नौकरियों में 10% सीटें मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षित हैं। ऐसा नहीं है कि ओबीसी कोटे के तहत सिर्फ कर्नाटक में ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाता है। ओबीसी कोटे में मुसलमानों की कुछ उप जातियों को उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और गुजरात जैसे राज्यों में भी आरक्षण दिया जाता है। इन राज्यों में भाजपा या उसके सहयोगी दल की सरकार है।

# कमर दर्द के बीच पटना के आईजीआईएमएस हॉस्पिटल पहुंचे तेजस्वी

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव फिलहाल कमर दर्द से जूझ रहे हैं। इस दर्द के बीच उन्हें पटना के IGIMS हॉस्पिटल में MRI टेस्ट कराते हुए देखा गया। सोशल मीडिया के माध्यम से जो वीडियो सामने आई है, उसमें देखा जा रहा है कि तेजस्वी को अस्पताल में व्हील चेयर से उठाकर एमआरआई मशीन में डाला जा रहा है। उनके साथ, कई लोग उपस्थित रहे। बताया जा रहा है कि तेजस्वी सोमवार को एमआरआई के अस्पताल में पहुंचे थे। बता दें कि भारी दर्द के बावजूद तेजस्वी चुनावी सभाओं ने नहीं बच रहे हैं। सोमवार को उन्होंने सारण और सिवान में चुनावी सभाएं कीं। दोनों जगहों पर उनके साथ मुकेश सहनी उपस्थित रहे। मंच पर भाषण के दौरान सहनी ने तेजस्वी को सहारा भी दिया। जिससे लोगों के बीच काफी अच्छा संदेश पहुंचा। रविवार को कमर दर्द में अचानक तेजी आने के बाद नेता प्रतिपक्ष को पटना एयरपोर्ट से व्हीलचेयर पर बाहर आते देखा गया था। मिली जानकारी के मुताबिक, तेजस्वी को उठने और बैठने में काफी तकलीफ हो रही है। फिर भी, वह चुनावी सभाओं को रद्द करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। तेज दर्द के बाद तेजस्वी ने रविवार की रात आराम किया। इसके बाद अगले दिन सोमवार को फिर चुनावी सभा के लिए निकल पड़े। सारण में तेजस्वी यादव ने अपनी बहन और इस लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रोहिणी आचार्य के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मंच पर खड़े होने में उन्हें दिक्कत हो रही थी। ऐसे में मुकेश सहनी ने उन्हें सहारा दिया।

## लालू यादव कितनी भी कोशिश कर लें मुसलमानों को विशेष आरक्षण नहीं मिलेगा

**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में आरक्षण को लेकर सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के मुस्लिमों को आरक्षण देने की बात पर अब बीजेपी हमलावर हो गई है। बिहार के डिप्टी सीएम एवं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आरजेडी पर पलटवार किया है। सम्राट ने कहा कि लालू यादव कितनी भी कोशिश कर लें मुसलमानों को विशेष आरक्षण नहीं दिया जाएगा। सम्राट चौधरी ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने मुसलमानों को आरक्षण देने की बात कही है, इसका हम विरोध करते हैं। अति पिछड़े, दलित, पिछड़ों, गरीब सवर्णों का आरक्षण बीजेपी कभी खत्म नहीं होने देगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा एनडीए कार्यकाल को राक्षसराज कहे जाने पर भी सम्राट ने हमला बोला।

# नाव से बूथ तक पहुंचे वोटर्स, महिलाओं का भी जोश हाई

निज संवाददाता



**पटना।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बिहार की 5 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग हो रही है। इसमें मधेपुरा, सुपौल, अररिया, खगड़िया और मिथिलांचल का झंझारपुर शामिल हैं। वोटिंग के दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने आई, जिसे लोकतंत्र की खूबसूरती से नवाजा जा सकता है। कई बूथ पर महिला वोटर्स की लंबी कतार नजर आई तो कहीं पहली बार मतदान की करने की खुशी नजर आई। कहीं दिव्यांगता को हरा मतदान के लिए बुजुर्ग महिला बूथ तक पहुंचीं। अररिया लोकसभा चुनाव की ताजा के लिए ऐप डाउनलोड करें। जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## मुख्यमंत्री के नाम बना नया रिकॉर्ड

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम मंगलवार को एक और नया इतिहास बन गया। नीतीश समेत 11 नव निर्वाचितों सदस्यों ने विधान परिषद सदस्य पद की शपथ ली है। विधान परिषद के सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर सभी को शपथ दिलाई। अध्यक्ष के साथ दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा के अलावा संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी भी उपस्थित थे।

# चुनाव के बीच अचानक नीतीश के साथ दिखीं राबड़ी देवी

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम मंगलवार को एक और नया इतिहास बन गया। नीतीश के साथ विधान परिषद में प्रतिपक्ष की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित 11 नवनिर्वाचितों ने विधान परिषद सदस्य के रूप में शपथ ली है। विधान परिषद के सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने सभी को शपथ दिलाई। वहीं, मौके पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव के साथ दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा मौजूद रहे। द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 में विधानसभा कोटे से निर्वाचित सदस्य ने शपथ ग्रहण की। जदयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं खालिद अनवर। भाजपा से मंगल पांडेय, लाल मोहन गुप्ता एवं अनामिका सिंह पटेल ने शपथ ली। राजद से विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, अब्दुलबारी सिद्दीकी, डॉ उर्मिला ठाकुर और फैसल अली ने शपथ ली। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन के अलावा भाकपा माले के शशि यादव ने शपथ ली। 2005 में जब बिहार में राजग की सरकार बनी तो नीतीश कुमार सांसद थे। उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद सांसद से इस्तीफा दिया और विधान परिषद के सदस्य बन गए। 2006 में नीतीश पहली बार विधान परिषद के सदस्य बने थे। इसके बाद 2012 और 2018 में भी विधान परिषद के सदस्य बने। अब 2024 में नीतीश लगातार चौथी बार बिहार विधान परिषद के सदस्य पद की शपथ ली है।

## लोकसभा चुनाव के बीच जदयू-बसपा को बड़ा झटका

**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव के बीच जदयू-बसपा को बड़ा झटका राज्य ब्यूरो, पटना। लोकसभा चुनाव के बीच मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी और जदयू के साथ ही राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कई सदस्य राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उन्हें सदस्यता प्रदान की। राजद की सदस्यता लेने वाले नेताओं में बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बबन सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोजपा के पूर्व प्रत्याशी शिवशंकर सिंह कुशवाहा, कैमूर जिला बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शोभनाथ राम, कैमूर जदयू जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जनार्दन निराला वे अन्य नेता हैं। इस दौरान जगदानंद ने कहा कि पूरे देश मे बदलाव की बयार चल रही है। बिहार ने हर बदलाव का नेतृत्व किया है चाहे 1977 हो या 1989 हो, इस बार भी बदलाव का नेतृत्व बिहार कर रहा है।

# मीसा भारती और रोहिणी आचार्य को लेकर राबड़ी देवी ने किया बड़ा दावा

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी ने चुनावी रण में उतरी अपनी दोनों बेटियों मीसा भारती और रोहिणी आचार्य के जीत का दावा किया है। राबड़ी देवी ने दावा करते हुए कहा है कि सारण लोकसभा सीट पर रोहिणी आचार्य की भारी मतों के अंतर से जीत हो रही है। जनता उनके साथ है। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट को लेकर भी राबड़ी देवी की ओर से जीत का दावा किया गया है। उन्होंने कहा है कि पाटलिपुत्र सीट पर भी हम हम भाजपा को धूल चटाने जा रहे हैं। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने दावा करते हुए कहा है कि पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर मीसा भारती चुनाव जीतने जा रही है। सारण से रोहिणी जीतेगी। बिहार में हम सभी चालीस सीट पर जीत हासिल करेंगे। गौरतलब है कि सारण लोकसभा सीट पर 20 मई को पांचवें चरण में वोटिंग होनी है। यहां से आरजेडी की प्रत्याशी के तौर पर रोहिणी आचार्य चुनावी मैदान में है। बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी से उनकी टक्कर होगी। वहीं पाटलिपुत्र सीट पर आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होना है। आरजेडी ने मीसा भारती को उतारा है, जहां एनडीए से बीजेपी उम्मीदवार रामकृपाल यादव से टक्कर मिलेगी।

# विजय सिन्हा बोले, राम कृपाल यादव से लालू चप्पल उठवाते थे

निज संवाददाता

**पटना।** समर्थित भाजपा पार्टी से आरा लोकसभा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने मंगलवार को नामांकन किया। नामांकन से पहले वे लोगों से मिले। जनता से पूछा नामांकन करूं या नहीं। जानता ने समर्थन देते हुए कहा हां, बिल्कुल नामांकन करें। दो लाख वोट से विजयी बनाएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं। जिनके साथ आरके सिंह नामांकन से पहले मां आरण्य देवी मंदिर भी पहुंचे, जहां भाजपा महिला मोर्चा ने उनका और उनकी पत्नी का तिलक लगाकर स्वागत किया। आरके सिंह ने मां आरण्य देवी की आरती की। आरण्य देवी मंदिर परिसर में केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में समर्थक मंदिर में पहुंचे हुए हैं। आरण्य देवी मंदिर परिसर से माता की आरती के बाद आरके सिंह नामांकन के लिए निकल गए हैं। आरके सिंह ने कहा कि मां आरण्य देवी का आशीर्वाद है कि विजय हमारी होगी, मोदी की होगी। यह देश महाशक्ति बनेगा। नरेंद्र मोदी पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे। यह देश पुनः महाशक्ति बनेगा। हम लोग आरा का कायाकल्प कर रहे है। नामांकन सभा में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि यह चुनाव बिहार का भविष्य बनाने के लिए है, जिस जंगलराज ने जातीय लहर के कहर से डरा दिया था। बिहारी शब्द को जिसने बदनाम किया। परिवारवाद को बढ़ाता हो। आज नोटों के ढेर पर बैठने वाला, बिहारी को लूटने वाला नहीं बल्कि बिहारी की सेवा करने वाला सेवक चाहिए। राम कृपाल यादव राजद छोड़कर भाजपा में क्यों आए लालू का चप्पल-जूता उठाते थे, बेटी का चप्पल उठाने के लिए बोलते थे। ये भष्टाचारी लोग नोटों की ढेर पर सोते हैं। यही वो बिहार था, जो सम्मान से जीना चाहता था तो अपराधियों की गोली खाता था। ना MY समीकरण काम आएगा, ना बाप समीकरण काम आएगा। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस भारत को नरेंद्र मोदी श्रेष्ठ बना रहे हैं। पहले 12वें स्थान पर थे और अब 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यहां तो लाल झंडा वाला मुड़ी काटता रहा तो मुड़ी कटवा पार्टी को वोट देना है क्या ? लोगों को पक्का मकान मिल रहा है। 2019 में जैसे ही आरके सिंह जीते तभी 2020 में राम मंदिर बन गया। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी मुख्यमंत्री थे तो क्या किसी को आरक्षण मिला क्या ? जब 2015 में एनडीए की सरकार बनी तो महिलाओं को आरक्षण दिया। लालू यादव का बेटा क्रिकेट नहीं खेल पाया पानी ढोता रह गया तो इसको मुख्यमंत्री बनाओ। अब टूरिस्ट बेटी के रूप में पांचवा आरक्षण आ गया है। लालू बोल रहे हैं कि मुसलमान को आरक्षण मिलना चाहिए, तो अब वो सनातन का विरोध कर रहे हैं। चारा खाने वाला मटन कैसे खाने लगा बिहार में कानून का राज बनाना है। लालू यादव बोल रहे हैं पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित और सवर्ण समाज को मोदी ने 10% जो आरक्षण दिया है, वो आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को देने का काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 510 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तीन लोग किए गए गिरफ्तार

**टेटिया बंबर।** गंगटा थाना अंतर्गत भीम बांध स्थित जंगल में अवैध शराब बनाने की सूचना पर सोमवार को गंगटा थाना पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 510 लीटर महुआ शराब के साथ तीन लोगों क्रमशः थाना गंगटा अंतर्गत लौढिया गांव निवासी मुन्ना कोड़ा, ढाबाटांड़ थाना सिकंदरा जिला जमुई निवासी नरेश कोड़ा एवं कजरा थाना सूर्यगढ़ा निवासी रणजीत कोड़ा को गिरफ्तार किया गया। साथ में एक मोटरसाइकिल, बर्तन एवं दो मोबाइल व अन्य उपकरण को भी बरामद किया गया। इसके अलावा छः भट्ठी एवं 9000 किलोग्राम सड़ा जावा महुआ को विनष्ट किया गया। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि भीम बांध के जंगल में बड़े पैमाने पर महुआ शराब बनाए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर जंगल में बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां यह सफलता हाथ लगी। इस मामले में गिरफ्तार तीनों व्यक्ति के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। तत्पश्चात तीनों को जेल भेजा जा रहा है। इधर कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शराब धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है।

### 12वीं में तीनों संकाय में बेटियों ने मारी बाजी, साइंस व आर्ट्स में माउंट असीसी अव्वल



**भागलपुर।** 12वीं के तीनों संकाय में बेटियों ने बाजी मारी है। 98 फीसदी अंक लाकर जोगसर भागलपुर की रहने वाली जीव विज्ञान की छात्रा माया वशू आईसीएसई 12वीं बोर्ड में की जिला टॉपर बनी है। माया के पिता प्रोमोद कुमार चिकित्सक माता माधुरी कुमारी वकील है। माया वशू ने कहा कि आगे नीट की तैयारी करनी है। माया वशू डॉक्टर बन्ना चाहती है। माया ने कहा कि मैं स्कूल के पढ़ाई के साथ सोशल मीडिया का सहयोग ली हूं। माया ने सफलता का क्षेय अपने अभिभावक व शिक्षकों दी। वहीं में विज्ञान संकाय के माउंट असीसी की रिचा कश्यप 97. 25 फीसदी अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त की है। कार्मेल स्कूल की सौम्या कुमारी 96.75 फीसदी अंक प्राप्त कर जीव विज्ञान में जिले में तीसरे स्थान हासिल की है। गणित में कार्मेल की छात्रा आदिवा कोहली को 955. % अंक मिला है। माउंट असीसी की आशी सिन्हा कला संकाय में 99 फीसदी अंक लाकर जिला में पहला स्थान हासिल की है। कार्मेल स्कूल की दिया अग्रवाल 96.5% के अंक हासिल कर कॉमर्स संकाय में जिला में पहले स्थान प्राप्त की है। दिया अग्रवाल आईएस बन्ना चाहती है। सेंट जोसेफ स्कूल में कॉमर्स संकाय में खुशी डिडवानियां ने 94.75 फीसदी अंक प्राप्त कर जिला में दूसरा स्थान, सिद्धी जैन ने तीसरा स्थान हासिल की है।

### 15 मई से 04 केंद्रों पर होगी बीएड की परीक्षा



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष, सत्र 2023-25 तथा द्वितीय वर्ष, सत्र 2022-24, परीक्षा- 2024 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा जहां 15 मई से 29 मई तक दूसरी पाली में 02 बजे से 05 बजे तक होगी। वहीं द्वितीय वर्ष की परीक्षा 15 मई से 27 मई तक प्रथम पाली में 10 बजे से 01 बजे तक होगी। बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा 15 मई से शुरू होकर 16, 21, 22, 27, 28 एवं 29 मई तक चलेगी। जबकि द्वितीय वर्ष की परीक्षा 15 मई से शुरू होकर 16, 21, 22 एवं 27 मई तक चलेगी। दोनों वर्ष की परीक्षा के लिए 04 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

### 57 वोटर ने अपने वोट डाले

**मुंगेर।** चौथे चरण में मुंगेर लोकसभा सीट-28 के लिए कुल 109 सर्विस वोटरों में से 57 वोटर ने अपने वोट डाले। मुंगेर में बैद्यनाथ गर्ल्स स्कूल में बने मतदान केंद्र में पिछले तीन दिनों में मुंगेर विधानसभा के 69 वोटरों में से 42 ने पोस्टल मतदान किया और जमालपुर विधानसभा के लिए कुल 40 सर्विस वोटरों में से 15 ने अपने मत डाले। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मुंगेर विधानसभा के 42 और जमालपुर विधानसभा के 15 सर्विस मतदाताओं ने डाक मतपत्र के द्वारा अपना वोट किया। उन्होंने बताया कि बैघनाथ बालिका प्लस-टू स्कूल कैंपस में सर्विस वोटरों के लिए फैसिलिटेशन सेंटर यानी मतदान केंद्र बनाया गया है। गौरतलब है कि इसमें वैसे मुंगेर संसदीय क्षेत्र में आने वाले जो नौकरीपेशा लोग जिनकी ड्यूटी चुनाव के दिन पोलिंग पार्टी के रूप में लगाया गया है, वैसे सर्विस वोटर अपना वोट किया। सर्विस वोटरों के लिए डाक मतपत्र के द्वारा मतदान की व्यवस्था की गई थी।

### पीजी की पढ़ाई और शोध के लिए लाइब्रेरी जरूरी, मुंगेर विवि में नहीं है सेंट्रल लाइब्रेरी

**मुंगेर।** मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय में पीएचडी के रिसर्च मेथोडोलॉजी की पढ़ाई मार्च से शुरू हो गई है। ऐसे में न तो विश्वविद्यालय में सेंट्रल लाइब्रेरी का कोई वजूद है और न ही स्नातकोत्तर विभागों में विभागीय लाइब्रेरी की स्थापना की गई। इस संबंध में बैठकें हुई। ई लाइब्रेरी के नोडल पदाधिकारी से प्रेजेंटेशन भी लिया गया। बैठक में बात तक हुई कि दो अलमारी और कुछ पुस्तकें दी जाएंगी। हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। मुंगेर विश्वविद्यालय में ई लाइब्रेरी को डेवलप करने के लिए दिसंबर, 2022 में इनफ्लीबनेट, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय के साथ एमओयू हुआ था। उसके बाद इनफ्लीबनेट के शोधचक्र, शोधगंगा, आइरिन्स सहित कई एप को एक्टिवेट भी किया गया। ई लाइब्रेरी डेवलप करने से पीजी के छात्रों एवं रिसर्च स्कॉलर को आगे बढ़ने में सुविधा मिलेगी। विवि ई लाइब्रेरी के नोडल ऑफिसर पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी बनाए गए हैं। प्रेजेंटेशन के दौरान डॉ प्रियरंजन तिवारी ने स्लाइड शो के जरिए सब कुछ दिखाया भी था। मगर इस दिशा में भी जड़ता की स्थिति बनी रही।

# अमृता ने आखिरी बार भोजपुरी एक्टर से की थी बात, मौत से पहले आधे घंटे तक हुई बातचीत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे की मौत की गुत्थी उलझती जा रही है। पहले मौत के कारण की दो रिपोर्ट में पुलिस की जांच उलझी, अब मामले में पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं। पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। जिसमें घटनाक्रम पूरी तरह से दिखाई दे रहा, हालांकि सीसीटीवी पुलिस ने अभी अपने तक ही रखा है। वहीं अभिनेत्री के कॉल डिटेल से पता चला है अमृता पांडेय ने मौत से पहले भोजपुरी कलाकार विजय से बात की थी। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक बात हुई थी। अमृता विजय को अमूमन कॉल नहीं करती थी। विजय को लगातार कॉल करने का रिकॉर्ड नहीं मिला है, लेकिन मौत से पहले लंबी बातचीत एक गुत्थी बनी है। 27 अप्रैल को मौत से पहले अमृता ने सुबह 10 बजे अपने पति चंद्रमणि झांझरे को फोन किया गया था। उसके बाद आखिरी कॉल भोजपुरी कलाकार विजय को किया गया था। 2 बजे अमृता ने विजय से आधे घंटे से अधिक बात की थी।

**दो दिन अपार्टमेंट पहुंची पुलिसः** पुलिस जांच के लिए रविवार और और सोमवार को अमृता के अपार्टमेंट गई थी। अमृता के मोबाइल कॉल डिटेल को खंगाला गया है। जिसमें परिवार के अन्य लोगों से भी बातचीत के रिकॉर्ड मिले हैं, पर अंतिम कॉल विजय को गया था। अब पुलिस पता लगा रही कि विजय और अमृता के बीच किस तरह का जुड़ाव था। इसके अलावा मेडिकल टीम से दोबारा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की समीक्षा कर ओपिनियन देने के लिए कहा गया है, जिसमें 10 दिन से अधिक का समय लग सकता है।

**दो रिपोर्ट में पुलिस की जांच उलझीः** भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे की मौत मामले में एक तरफ जहां पोस्टमॉर्टम



रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की बात कही गई है। वहीं,एफएसएल की जांच रिपोर्ट में आत्महत्या की बात कही गई है। ऐसे में पुलिस उलझन में है। सिटी एसपी मिस्टर राज ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। जो भी साक्ष्य मिलेगा उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

♦ **पुलिस के पास घटना का सीसीटीवी फुटेज**

**27 अप्रैल को फंदे से लटका मिला था अमृता का शवः** 27 अप्रैल को अभिनेत्री का शव आदमपुर के एक फ्लैट में फंदे से लटका मिला था। परिजनों ने पुलिस को बयान दिया था कि डिप्रेशन में अमृता ने खुदकुशी कर ली थी। परिवार ने दवाई के ओवरडोज की वजह से मौत की बात कही थी। अभिनेत्री की बड़ी बहन वीणा पांडेय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बारे में फिलहाल परिजनों को कोई जानकारी नहीं है। पिछले बुधवार को पुलिस अमृता के फोन का चार्जर लेने अपार्टमेंट आई थी। चार्जर लेकर वापस लौट गई। अमृता पांडे की मौत की दो रिपोर्ट आने के बाद पुलिस की जांच पूरे तरीके से उलझ गई है।

**मौत से पहले वॉट्सऐप पर लगाया स्टेटसः** मौत से पहले अभिनेत्री अमृता पांडेय ने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर लिखा था- दो नाव पर सवार थी, उसकी जिंदगी, हमने अपनी नाव डूबा के उसका सफर आसान कर दिया। यह लाइन बहुत कुछ कही रही है, लेकिन अमृता के परिवार से इस पर कोई बात नहीं करना चाहता है। अमृता ने सुसाइड क्यों किया फिलहाल पुलिस इसी एंगल पर जांच कर रही है।

**हाल ही में रिलीज हुई थी वेब सीरीजः** परिजनों का कहना है कि उसने भोजपुरी और हिंदी समेत कई फिल्मों, सीरियल, वेब सीरीज और विज्ञापन में भी काम कर चुकी है। हाल ही में अमृता की हॉरर वेब सीरीज 'प्रतिशोध' का पहला भाग रिलीज हुआ है। इसको लेकर वह काफी उत्साहित थी।

## 3000 से अधिक पोलिंग कर्मी को मिला प्रशिक्षण

निज संवाददाता। मुंगेर

चौथे फेज में मुंगेर लोकसभा सीट-28 के लिए 13 मई 2024 को चुनाव होना है। पिछले 4 मई से पोलिंग पदाधिकारी व कर्मी को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार ने बताया कि चुनाव पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके इसके लिए पोलिंग कर्मी को फाइनल प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को कुल 900 मतदान कर्मी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में पीठासीन अधिकारी के अलावा पी-वन, पी-टू और पी-थ्री पदाधिकारी शामिल है। मुंगेर लोकसभा सीट-28 में जिले के दो विधानसभा क्षेत्र शामिल है। मुंगेर विधानसभा-165 और जमालपुर विधानसभा-166 क्षेत्र में करीब 962 मतदान केंद्रों पर 13 मई को चुनाव कराया जाना है। अब सभी प्रशिक्षण प्राप्त पोलिंग पार्टी को डीजे कॉलेज में बने डिस्पैच सेंटर से चुनाव सामाग्री और ईवीएम वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारियों को हस्त पुस्तिका की जानकारी दी गई। वहीं पी-टू और पी-थ्री पदाधिकारियों को उनके कार्य व दायित्व के बारे में बताया गया और कार्य व दायित्व से संबंधित लीफलेट दिया गया। इसके अलावा सभी प्रशिक्षुओं को सभी प्रपत्रों को भरने के अलावा ईवीएम के हैंड्स ऑन करने की



पूरी जानकारी प्रदान करायी गई। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि डिस्पैच सेंटर आरडी एंड डीजे कॉलेज बनाया गया है। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद सभी पीठासीन पदाधिकारियों को बता दिया गया है कि 11 मई को डिस्पैच सेंटर डीजे कॉलेज पहुंचकर पार्टी मिलान और चुनाव सामाग्री प्राप्त करेंगे। इसके अलावा 12 मई को मतदान केंद्र पीठासीन पदाधिकारी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति पोलिंग एजेंट या मतदाता को मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने का प्रवेश वर्जित रहेगा। मालूम हो कि पोलिंग पार्टी की ट्रेनिंग शहर के 4 स्कूलों बैधनाथ बालिका हाईस्कूल के अलावा टॉउन स्कूल, मॉडल स्कूल और उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी में दिया गया। आब्जर्वर व पदाधिकारियों को आज मिलेगा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार ने बताया कि जिले में जमालपुर विधानसभा क्षेत्र में 345 मतदान केंद्र व मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में 347 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी के प्रशिक्षण के बाद मंगलवार को सभी 100 माइक्रो आब्जर्वर और 78 सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण उपेंद्र ट्रेनिंग स्कूल में दिया जाएगा। मालूम हो कि चुनाव आयोग के दिशानिर्देश के तहत 987 मतदाता पर एक बूथ का गठन किया गया है। जहां 1500 से ऊपर मतदाता हैं।

## उत्पाद विभाग पर शराब तस्करों ने किया हमला, एक मौत

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के धरहरा प्रखंड में शराब तस्कर को पकड़ने गई उत्पाद विभाग की टीम पर हमला होने का मामला सामने आया है। इसमें विभाग की गाड़ी चलाने वाले प्राइवेट चालक की मौत भी हो गई है।जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम धरहरा प्रखंड के विक्रमपुर दरियापुर गांव में मंगलवार की सुबह 8 बजे देसी शराब बनाने और बेचने की सूचना पर छापा मारने गई थी। गांव में टीम के पहुंचते ही ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इसके बाद शराब को छोड़कर सभी तस्कर भागने लगे। इस दौरान टीम तस्करों को पकड़ने के लिए गई और चालक को कुएं के पास बरामद शराब की रखवाली करने को कहा। इस बीच ग्रामीण और फरार तस्कर के साथी वहां पहुंच गए और चालक को लेकर एक ग्रामीण कुएं में कूद गया। कुएं से ग्रामीण तो बाहर निकल गया लेकिन चालक राकेश



नहीं निकल सका और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारी और थाने की पुलिस पहुंची। इसके बाद कुएं से उसके शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर के सदर अस्पताल में भेजा गया है। वहीं घटना के बाद उत्पाद विभाग के सहायक कमिश्नर विकेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शराब तस्करों को चिह्नित कर लिया गया है। किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। मृतक चालक की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के घसियार मोहल्ला निवासी सुबोध चौधरी के 25 साल के बेटे राकेश कुमार के रूप में हुई है।

# भागलपुर में TMBU कुलपति के खिलाफ ABVP का प्रदर्शन

## लैपटॉप और फोन का व्यक्तिगत इस्तेमाल करने का आरोप, नारेबाजी करते हुए मांगा इस्तीफा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगातार प्रमाणित हो रहे भ्रष्टाचार के आरोपों के खिलाफ ABVP ने कुलपति से स्थिति की मांग की है। जगह-जगह पर पोस्ट भी लगाया है। पोस्टर में गली-गली में शोर है, TMBU के कुलपति चोर है। कुलपति इस्तीफा दो और अन्य नारों को विश्वविद्यालय के दीवार पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने चिपकाए हैं।

**लैपटॉप और फोन का व्यक्तिगत इस्तेमाल करने का आरोपः** पूर्व से निर्धारित बिहार सरकार के सात निश्चय योजना के तहत एससी एसटी वर्गों के छात्र एवं सभी वर्गों की छात्रों का निशुल्क नामांकन प्रस्तावित है एवं बिहार के सभी विश्वविद्यालय में इसे लागू भी किया गया। लेकिन तिलकामांझी विश्वविद्यालय में पिछले सत्र में विद्यार्थी परिषद के आंदोलन को देखते हुए इसे लागू किया गया लेकिन फिर अगले सत्र से इसे हटा दिया गया जो की दुर्भाग्यपूर्ण है।वहीं, प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद एवं जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगातार वित्तीय अनियमित के आरोप सामने आ रहे हैं अब तो मुंगेर विश्वविद्यालय मैं प्रतिकुलपति रहते हुए जो आईफोन और लैपटॉप की सुविधा सरकारी कर्मचारी होने के नाते उन्हें उपलब्ध कराया गया था। वह तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति बनने के बाद लैपटॉप और फोन को अपने व्यक्तिगत इस्तेमाल के रख लिया यह पूर्ण रूप से चोरी ही नहीं यह खुले आम डकैती का मामला है। आज कुलपति के आवास से लैपटॉप और आईफोन प्राप्त हुआ है। जो मुंगेर विश्वविद्यालय का ऐसे कुलपति छात्रों के लिए क्या सीख देना चाहते हैं विश्वविद्यालय में कुलपति आने के बाद वह अपने आप को संविधान निर्माता से भी ऊपर समझने की भूल कर रहे हैं कई पदों का सीजन विश्वविद्यालय में आने के बाद उन्होंने किया है जो गैर संवैधानिक है जैसे मीटिंग ऑफिसर, PRO एवं अन्य कई ऐसे पदों का सीजन किया है जो संवैधानिक है ही नहीं इस पर कुलपति को जवाब देना पड़ेगा। अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अपने परिवार के लोगों की ही नियुक्ति क्यो? और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज से प्राण लिया है जब तक कुलपति इन सभी बातों का जबाब देना पड़ेगा। वहीं, विश्वविद्यालय के छात्र नेता कुणाल पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति छात्रों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान करने में लगे हुए हैं स्नातक के सभी खण्डों में छात्रों को परीक्षा देने के बाद भी अनुपस्थित कर दिया जाता है और जब हम लोगों ने इसके लिए आवाज उठाई तो उन्होंने कहा था 7 दिन में सभी मामला को ठीक कर लिया जाएगा। 4 महीने से अधिक हो चुके हैं। लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। जो की दुर्भाग्यपूर्ण पार्ट थर्ड की परीक्षा परिणाम आने से 6 महीने बीत चुके हैं। लेकिन विश्वविद्यालय उन छात्रों का अंक पत्र उपलब्ध नहीं कर पाई एससी एसटी छात्र एवं सभी वर्गों की छात्रों का निशुल्क नामांकन की व्यवस्था बिहार सरकार की सात निश्चय योजना में शामिल है।

### भागलपुर में आरोपी के घर से बंदूक समेत कारतूस बरामद, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध हथियार घर में छुपाए जाने की सूचना पर रेड किया। घर से बंदूक समेत 25 जिंदा कारतूस और दो चाकू के साथ विजय कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बखारपुर पूर्वी इलाके के निवासी स्व.परशुराम मिश्र के बेटे विजय शंकर मिश्र द्वारा अपने घर में अवैध हथियार और कारतूस छुपाए हुए है। प्राप्त सूचना को सत्यापन कर तुरंत कार्रवाई करते हुए कहलगांव एसडीपीओ टू अर्जुन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी के घर छापेमारी की गई। जहां से पुलिस ने एक अवैध लोहे और लकड़ी का बना 12 बोर का एक नाली बंदूक,12 बोर का 25 जिंदा कारतूस और दो चाकू के साथ विजय शंकर मिश्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बखारपुर पूर्वी निवासी स्वर्गीय परशुराम मिश्र के बेटे विजय शंकर मिश्र के रूप में की गई है। मामले को लेकर सोमवार को कहलगांव SDPO अर्जुन कुमार गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बखारपुर पूर्वी इलाके के रहने वाले विजय शंकर मिश्र के घर में हथियार छुपाने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के आलोक में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा उनके घर पर दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान उनके घर से बंदूक समेत कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। इधर, आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 06.05.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, सियालदह मंडल, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: टीएन-22-24-25। कार्य का नाम:** बेलवेडियर पार्क ऑफिसर्स एन्क्लेव में-सहायक अभियंता/वर्क्स/II / सियालदह के अधीन बाथरूम, रसोई घर, खिड़कियों, वाल कैबिनेट/आलमारी, जल आपूर्ति पाइपलाइन, स्टोरेज सर्विस टैंक की विशेष मरम्मत तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 86,59,445.09। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,73,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 (छः) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 31.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **31.05.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।**

(SDAH-45/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या : एनआईटी/02/24/25, दिनांक 06.05.2024।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि** और **निविदा खुलने की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1; 12245188;** ट्रैक मशीन कलपुर्जों की प्राप्ति; ₹ 0; ₹ 0 एवं 20.05.2024 को दोपहर 1.30 बजे। **2; 10245001;** डब्ल्यूएपी-7 के लिए मेन ट्रांसफॉर्मर 7775 केवीए आदि; ₹ 0; ₹ 20,00,000 एवं 22.05.2024 को दोपहर 1.30 बजे। **3; 05245018;** इंजन ऑयल एसएई 15 डब्ल्यू; ₹ 0; ₹ 0 एवं 23.05.2024 को दोपहर 1.30 बजे। **4; 10242514;** ईएलजीआई कम्प्रेसर के लिए आईओएच किट; ₹ 0; ₹ 3,80,900। **5;11241657;** एक्सल बॉक्स हाउसिंग फिनिश मशीण्ड की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 2,14,010 एवं 24.05.2024 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 4 और 5 प्रत्येक के लिए)। **6; 15245030;** विद्युत चालित रोटरी स्क्रू टाइप एयर कम्प्रेसर की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत, क्षमता: 500सीएफ़एम, 10 से 10.5 किग्रा./वर्ग सेमी. आदि; ₹ 0; ₹ 4,15,000 एवं 27.05.2024 को दोपहर 1.30 बजे। **7; 20241144;** 25 केवी एसी ईएमयू तथा एमईएमयू के लिए एनर्जी-सह-स्पीड मॉनिटरिंग यूनिट (ईएसएमओएन); ₹ 0; ₹ 1,13,950। **8; 20242187;** उच्च हॉर्स पावर ट्रैक्शन मोटर के लिए कॉम्प्लीट गियर केस की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,16,390 एवं 30.05.2024 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 7 और 8 प्रत्येक के लिए)। **9; 21241022;** कैसनब बोगी के लिए बोगी सेंटर पिवोट टॉप आदि; ₹ 0; ₹ 3,11,230। **10; 21245010;** उच्च क्षमता के ड्राफ्ट गियर अरेंजमेंट आदि; ₹ 0; ₹ 4,07,100 एवं 03.06.2024 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 9 और 10 प्रत्येक के लिए)। **11;15235157ए;** संलग्न अनुलग्नक ए के तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार एयर प्लाज्मा कटिंग इक्विपमेंट की आपूर्ति एवं शुरुआत; ₹ 0; ₹ 60,130 एवं 04.06.2024 को दोपहर 1.30 बजे। **12; 15235055;** केपीए स्पेसिफिकेशन संख्या केईएलडी: 0285-2019, ऑल्ट-ए के अनुसार बैटरी चालित फोर्क लिफ्ट ट्रक की प्राप्ति, क्षमता : 5 टन; ₹ 0; ₹ 69,890। **13; 15235099;** अनुलग्नक के अनुसार 3टी क्षमता के बैटरी चालित फोर्क लिफ्ट ट्रक की प्राप्ति; ₹ 0; ₹ 63,800 एवं 10.06.2024 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 12 और 13 प्रत्येक के लिए)। **14; 10242167;** 3 फेज के लिए इनर लबीरिंथ (डीई) का सेट आदि; ₹ 0; ₹ 82,910 एवं 27.06.2024 को दोपहर 1.30 बजे। **15; 10242478;** ट्रैक्शन मोटर के लिए हॉल इफ़ेक्ट एक्टिव स्पीड सेंसर आदि; ₹ 0; ₹ 0 एवं 01.07.2024 को दोपहर 1.30 बजे। **संशोधनी:** निम्नलिखित निविदा के लिए जारी की गई संशोधनी हेतु कृपया **www.ireps.gov.in** देखें: 20231317 निर्धारित तारीख 21.05.2024। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

(STORES-09/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मुश्किल चुनौती

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के लिए 2 मई बुधवार की सुबह असामान्य रही। जिस तरह से एक के बाद एक अलग-अलग स्कूलों में बम रखे होने की खबर आने लगीं, उससे न केवल स्कूल के स्टाफ, बच्चों और अभिभावकों में घबराहट फैली बल्कि इसे देख-सुन रहे सभी लोग सकते में आ गए। हालांकि, करीब 200 स्कूलों को चपेट में लेने वाली यह खबर पूरी तरह फर्जी निकली, लेकिन देश की राजधानी में अफरातफरी की स्थिति तो इसने बना ही दी। साजिश के शुरुआती संकेत है। यूं तो किसी आतंकी संगठन या ग्रुप ने अब तक इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन जो शुरुआती संकेत मिले हैं, उनके मद्देनजर इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश से इनकार नहीं किया जा रहा। सभी स्कूलों को एक ही कंटेंट ईमेल किया गया। ईमेल भेजने के लिए रूसी वीपीएन का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन सभी मेल एक ही आईडी से भेजे गए हैं। जिस तैयारी से ईमेल भेजी गई है, उसे देखते हुए विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इसकी ओरिजिन पता लगाना आसान नहीं होगा। ध्यान रहे, यह हाल के दिनों में अपने ढंग की सबसे बड़ी भले हो, पहली घटना नहीं है। मंगलवार को ही राष्ट्रपति भवन समेत कुल 103 सरकारी बिल्डिंगों में बम रखे होने की ईमेल भेजी गई थी। यह अलग बात है कि स्कूल, बच्चे और अभिभावक जैसे कारकों की गैरमौजूदगी में उससे अफरातफरी के हालात नहीं बने। लेकिन स्कूलों की ही बात करें तो भी यह पिछले तीन महीने में हुई तीसरी घटना है। अप्रैल की शुरुआत में कोलकाता के करीब 200 स्कूलों में इसी तरह बम रखे होने की अफवाह फैलाई गई थी। उससे पहले फरवरी में चेन्नै के 13 स्कूल निशाने पर आए थे। जाहिर है, सुरक्षा बलों की चौकसी और आतंकी तत्वों पर लगातार रखी जा रही नजर के कारण आतंकी वारदात को अंजाम देने के बजाय इस तरह की अफवाह फैलाना अपेक्षाकृत आसान है। लिहाजा, देश में अशांति, बेचैनी और घबराहट का माहौल पैदा करने की इच्छुक ताकतें इस तरह की हरकतें जारी रख सकती हैं। निश्चित रूप से सुरक्षा बलों को इस चुनौती से निपटने की बेहतर तैयारी करनी होगी। अंतरराष्ट्रीय जांच वाले पहलू की बात करें तो भारत की स्थिति बहुत अच्छी नहीं दिखती। पारस्परिक कानूनी सहायता सुनिश्चित करने वाली संधि (म्युचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी) भी भारत की सिर्फ 42 देशों के साथ है। बुडापेस्ट कन्वेंशन ऑन सायबर क्राइम पर भी भारत ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जिसके तहत विभिन्न देश संयुक्त जांच करते और आपस में सबूत साझा करते हैं।

## मणिपुर में जातीय संघर्ष और बेलगाम उपद्रवी

मणिपुर में अब भी जिस तरह लगातार हिंसा जारी है और उसमें आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों तक को निशाना बनाया जा रहा है, उससे यही लगता है कि सरकार की व्यवस्था नाकाम हो चुकी है, उपद्रवी तत्त्वों पर कोई लगाम नहीं है। मणिपुर के कांगकोपकी जिले में संघर्षरत दो समुदायों के बीच रविवार को गोलीबारी हुई और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों ने हमला किया था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हो गए। मानो हिंसा में शामिल समूहों को खुली अराजकता के लिए छोड़ दिया गया है या फिर सरकार के स्थिति पर काबू पाने के दावे खोखले हैं। यह विचित्र है कि राज्य में हिंसा की शुरुआत को एक वर्ष होने आया है, मगर अब तक न तो सरकार हिंसक तत्त्वों को थाम सकी है, न ही समस्या का हल निकालने में उसकी कोई रुचि दिखती है। गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। अभी देश भर में लोकसभा चुनाव का दौर है। माना जाता है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों के मुकाबले इतनी सख्त होती है कि किसी भी अवांछित और आपराधिक गतिविधि को अंजाम देना संभव नहीं होता। हिंसाग्रस्त राज्य होने के नाते मणिपुर में सुरक्षा इंतजामों के और बेहतर होने की उम्मीद की जाती है। मगर हालत यह है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच कहीं दो गुट आपस में सरेआम गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर देते हैं, तो कहीं सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके उनकी जान ले रहे हैं। ऐसे में समझना मुश्किल है कि समस्या का समाधान निकालने और हिंसा पर काबू पाने को लेकर सरकार की मंशा आखिर क्या है! सब ठीक कर देने या होने के दावों के बरक्स हकीकत अगर त्रासद है, तो कठघरे में सरकार है।

# विकास बनाम न्याय का सियासी विमर्श

**(बद्री नारायण, निदेशक, जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान)**

*इस बार अल्पसंख्यकों के संदर्भ में धार्मिक अस्मिता एवं सामाजिक न्याय के संदर्भ में जातीय अस्मिता कांग्रेस के घोषणापत्र के केंद्रीय तत्व बने हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इन जातीय एवं धार्मिक अस्मिताओं को न्याय-अन्याय जैसी शब्दावली में बार-बार उठाया है। कांग्रेस ने भाजपा के शासन में आने पर 'संविधान बदल दिया जाएगा', 'चुनाव नहीं होंगे'*

किसी भी जनतंत्र में चुनाव मात्र जीत-हार, सरकार बनाने-गिराने का माध्यम नहीं होते हैं, ये वस्तुतः राजनीतिक चेतना को प्रेरित करने का माध्यम होते हैं। चुनाव समाज में संवाद, विकास एवं राष्ट्र निर्माण के विमर्शों को प्रेरित करने का माध्यम होते हैं। चुनाव के दिनों में ये बहसें मूलतः राजनीतिक दलों द्वारा जारी किए गए घोषणापत्रों, रैलियों में नेताओं के दिए गए भाषणों और बयानों से बनती-बिगड़ती हैं। वैसे तो मेरा मानना है कि यह चुनाव 'छवियों के टकराव' का चुनाव है, जिसमें इस चुनाव के दौरान नेताओं द्वारा कही गई बातों से ज्यादा एक लंबे काल खंड में बनी-बिगड़ी उनकी छवियों का असर है। इस चुनाव में कथनी से ज्यादा 'करनी' की स्मृतियों एवं प्रभाव में जनता वोट डाल रही है। चुनाव में कुछ बहसें दीर्घकालिक परिवर्तन की दृष्टि से होती हैं, तो कुछ बहसें तात्कालिक लोकप्रिय प्रकृति की होती हैं। इस चुनाव में ऐसी कौन-सी बहसें हैं, जो तात्कालिक राजनीतिक लाभ या लोकप्रियता पाने की रणनीति से प्रेरित हैं। इन तमाम मुद्दों पर विचार इस चुनाव के संदर्भ में ही नहीं, वरन पूरे लोकतंत्र के विस्तार एवं उसे गहरा बनाने के लिए भी जरूरी है। इस चुनाव में दो प्रकार की बहसें हो रही हैं। एक तरफ, भाजपा देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को विमर्श का विषय बना रही है। वह भारतीय समाज में राज्य द्वारा संसाधनों के वितरण के लिए गरीब, युवा, नारी एवं किसान, चार आर्थिक वर्गों को केंद्र में रखकर योजनाओं को प्रचारित कर रही है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अपने घोषणापत्र में अन्य वादों के साथ समाज कल्याण कार्यक्रमों को आरक्षण आधारित जाति केंद्रित सामाजिक न्याय की अवधारणा के साथ मिलाकर लोकप्रिय वादे के रूप में प्रचारित कर रही है। इसके लिए वह पूरे देश में जातीय जनगणना कराने को भी एक लोकप्रियतावादी नारे के रूप में अपने चुनावी विमर्श में इस्तेमाल कर रही है। अगर इस चुनाव की बहसों के निर्माण की प्रक्रिया को देखें, तो साफ लगता है कि भाजपा इस चुनाव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि, सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों पर केंद्रित एवं विकसित भारत की संकल्पना के ईद-गिर्द रखना चाहती है। इस चुनाव में टिकट बंटवारे में परोक्ष जातीय जोड़-घटाव को छोड़ दें, तो उसने अपने घोषणापत्र एवं अपने नेताओं के भाषणों में जातीय अस्मिता की राजनीति से दूरी बनाने की कोशिश की है। वहीं कांग्रेस ने अपने चुनावी विमर्श में शुरू से ही भारतीय समाज में जाति आधारित सामाजिक अन्याय को मुद्दा बनाते हुए पारंपरिक ढंग के आरक्षण आधारित सामाजिक न्याय को लोकप्रिय बहस बनाने की कोशिश की है। इस बार अल्पसंख्यकों के संदर्भ में धार्मिक अस्मिता एवं सामाजिक न्याय के संदर्भ में जातीय अस्मिता कांग्रेस के घोषणापत्र के केंद्रीय तत्व बने हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इन जातीय एवं धार्मिक अस्मिताओं को न्याय-अन्याय जैसी शब्दावली में बार-बार उठाया है। कांग्रेस ने भाजपा के शासन में आने पर 'संविधान बदल दिया जाएगा', 'चुनाव नहीं होंगे' आदि अनेक भय व चिंता जगाने वाले विमर्श खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस के चुनावी विमर्श की इसी रणनीति ने भाजपा को अपने चुनावी विमर्श की रणनीति में परिवर्तन के लिए बाध्य किया। कांग्रेस के इन पारंपरिक राजनीतिक अस्त्रों का जबाब देने के लिए भाजपा ने अपने विकास, भारत गर्व एवं विकसित भारत के विमर्श के साथ ही कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का पारंपरिक अस्त्र चला दिया। इसी तुष्टिकरण के विमर्श में जाति के साथ ही धार्मिक अस्मिता का विमर्श भी सामने आने लगा। भाजपा ने सक्षमता से इसी तुष्टिकरण के विमर्श को सामाजिक न्याय के विमर्श से जोड़ दिया। यह प्रचार शुरू कर दिया कि कांग्रेस एक धर्म के लोगों को संतुष्ट करने के लिए पिछड़ों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के गरीबों का हक छीनकर एक खास धार्मिक समुदाय में बांट देना चाहती है। साथ ही, उसने कांग्रेस द्वारा स्वर्ण एवं संपत्ति के सर्वे की मंशा को भारतीर्य ्त्ररयों, विशेषकर मध्यवर्गीर्य ्त्ररयों के 'मंगल सूत्र' पर खतरे के वृतांत में पीरो दिया। भारतीय चुनावों में वृतांतों या 'नैरेटिव्स' की राजनीति में प्रधानमंत्री मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक माना जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने मध्यवर्गीय मानस को तो झकझोरा ही, गरीबों, पिछड़ों एवं दलितों की अस्मिताओं को भी पारंपरिक जाति आधारित सामाजिक न्याय की राजनीति के खांचे से बाहर निकाल हिंदुत्व, सामाजिक न्याय एवं विकास की आकांक्षा का संतुलित मिश्रण तैयार किया। राजनीति में यह ऐसा मारक आक्रमण है, जिसका सामना कांग्रेस के विमर्शकार कैसे कर पाते हैं, यह देखना होगा। यह बार-बार देखने में आता है कि जाति कई बार सामाजिक न्याय के वितरण की एक इकाई के रूप में मददगार तो होती है, किंतु आगे चलकर अनेक प्रकार के सामाजिक अन्याय को जन्म भी देती है। कांगेस को यह समझना होगा कि जाति से जाति को काटना भारतीय समाज में अत्यंत मुश्किल है। हमने देखा है कि ऐसे अनेक प्रयोग अब तक विफल ही हुए हैं। आजादी के बाद सामाजिक न्याय की राजनीति के एक अनोखे प्रयोगकर्ता कांशीराम शुरुआती सफलताओं के बाद अंततः कमजोर पड़ते देखे गए। समझना होगा कि भारतीय समाज में जाति की धार को आर्थिक विकास की प्रक्रियाओं से ही कुंद किया जा सकता है। अगर गहराई से विवेचना करें, तो भारतीय जनतांत्रिक राजनीति को एक नई भाषा की जरूरत है, एक आधुनिक भाव बोध की भी। इसे एक नई राजनीति भी चाहिए। विकास की राजनीति की भाषा को अन्य प्रकार की राजनीति केंद्रित भाषा की तुलना में ज्यादा अधुनातन, अग्रगामी एवं प्रगतिशील तो माना ही जाता है। जैसे ही इस भाषा को हम जाति एवं धर्म आधारित राजनीतिक भाषा की सीमा में जाने के लिए मजबूर करते हैं, वैसे ही हम तीन-चार दशक पीछे की राजनीतिक परिदृश्य में पहुंच जाते हैं। हिंदी के प्रसिद्ध उपन्यासकार फणिश्वर नाथ रेणु ने अपनी कहानी पंचलाइट (पंचलैट) में एक गांव में एक ऐसे जाति विभाजित समाज का वर्णन किया है, जहां हर जाति को अपना गोल बैठता है एवं उनकी अपनी 'पंचलाइट' (पेट्रोमैक्स) होने की चाह होती है। वह अगर आज जीवित होते, तो स्वयं भी चाहते कि भारतीय जनतंत्र के पास एक विकासमान एवं नए भारत की अंतर्दृष्टि एवं राजनीतिक भाषा हो, जो अन्य अनेक पारंपरिक अस्मिताओं पर केंद्रित राजनीतिक भाषा एवं विमर्शों का चोला उतार फेंके। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# सूरज पर लगातार विस्फोट और एक आकाशगंगा

**(निरंकार सिंह, पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोश)**

इस ब्रह्मांड में रहस्यमय घटनाएं होती रहती हैं, पर कभी-कभी कुछ ऐसी घटनाएं हो जाती हैं, जो वैज्ञानिकों को भी अचरज में डाल देती हैं। ताजा घटना ब्रह्मांड की एक आकाशगंगा में भयंकर विस्फोट की है। इस विस्फोट के बाद आकाशगंगा के केंद्र से 4,47,000 मील प्रति घंटे से भी अधिक गति से गैस बाहर की ओर निकलने लगी। इस गैस का द्रव्यमान इतना ज्यादा है कि इससे हमारे सूर्य जैसे पांच करोड़ सूर्य बन सकते हैं। दूसरी तरफ, हमारे सूर्य की सतह पर भी विस्फोट हो रहे हैं। वैज्ञानिक इनके कारणों की खोजबीन कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने ब्रह्मांड के विर्गो, यानी कन्या क्लस्टर में आकाशगंगा एनजीसी 4383 का अध्ययन किया, जिससे पता चला कि गैस का प्रवाह इतना विराट है कि प्रकाश को एक से दूसरी तरफ जाने में 20,000 साल लगेंगे। यह खोज रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की मंथली नोटिस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी। इंटरनेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोनॉमी रिसर्च (आईसीआरएआर) में यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया नोड के प्रमुख लेखक डॉ एडम वाट्स ने कहा है कि बहिर्प्रवाह आकाशगंगा के मध्य क्षेत्रों में शक्तिशाली तारकीय विस्फोटों का नतीजा था, जो बड़ी मात्रा में हाइड्रोजन व भारी तत्वों को बाहर निकाल सकता था। उत्सर्जित गैस का द्रव्यमान पांच करोड़ सूर्य से अधिक के बराबर है। डॉ वाट्स ने कहा, 'बहिर्प्रवाह की भौतिकी और उनके गुणों के बारे में बहुत कम जानकारी है, क्योंकि बहिर्प्रवाह का पता लगाना बहुत कठिन है।' निकली गैस भारी तत्वों से भरपूर होती है, जो हमें बाहर निकलने वाली गैस में हाइड्रोजन और धातुओं के बीच मिश्रण की जटिल प्रक्रिया का एक अनूठा दृश्य प्रदान करती है। 'इस विशेष मामले में हमने ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, सल्फर और कई अन्य रासायनिक तत्वों का पता लगाया।' आकाशगंगाएं कितनी तेजी से और कितने समय तक तारे बनाती रह सकती हैं, इसे नियंत्रित करने के लिए गैस का बहिर्प्रवाह महत्वपूर्ण होता है। इन विस्फोटों से निकली गैस आकाशगंगा के भीतर तारों के बीच, यहां तक कि आकाशगंगाओं के बीच के स्थान को भी प्रदूषित कर देती है और अंतरिक्ष में हमेशा के लिए तैर सकती है। उच्च-रिजॉल्यूशन मानचित्र का निर्माण एमएयूवीई सर्वेक्षण के डाटा के साथ किया गया था, जिसका सह-नेतृत्व आईसीआरएआर शोधकर्ता प्रोफेसर बारबरा कैटिनेला और लुका कॉर्टिस ने किया था। ये दोनों भी इस अध्ययन में शामिल थे। इस सर्वेक्षण में उत्तरी चिली स्थित यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला के एक बड़े टेलीस्कोप का उपयोग किया गया। प्रोफेसर कैटिनेला ने कहा, 'हमने यह जांचने के लिए 'माउव' को डिजाइन किया कि गैस के बहिर्प्रवाह जैसी भौतिक प्रक्रियाएं आकाशगंगाओं में तारे के निर्माण को रोकने में कैसे मदद करती हैं। 'एनजीसी 4383 हमारा पहला लक्ष्य था, क्योंकि हमें संदेह था कि कुछ बहुत अनोखा हो रहा था, पर डाटा हमारी सभी अपेक्षाओं से अधिक था। दूसरी तरफ, सूरज की सतह पर हो रहा लगातार विस्फोट भी दुनिया भर के वैज्ञानिकों की चिंता का विषय बना हुआ है। अगर विस्फोट होता रहा, तो सैटेलाइट्स, धरती का तापमान व रेडिएशन का स्तर, दूरसंचार व हवाई उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। भारत का आदित्य एल-1 इस पर नजर बनाए हुए है। वह डाटा उपलब्ध करा रहा है। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि भू-चुंबकीय सौर तूफानों के अंश पृथ्वी तक पहुंचकर क्या प्रभाव डालेंगे? आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान- एरीज के निदेशक व आदित्य एल-1 के आउटरीच के सह अध्यक्ष रहे प्रो दीपांकर बनर्जी के अनुसार, सूरज की सतह पर विस्फोट होते रहते हैं, पर इसका प्रभाव पृथ्वी या अन्य किसी ग्रह तक तभी पहुंचता है, जब विस्फोटों की झड़ी लग जाए। इन दिनों सूर्य की सतह पर कुछ ऐसा ही चल रहा है। उन्होंने कहा, सौर तूफानों का प्रभाव कई तरीके से पड़ सकता है। इनमें प्रमुख है, पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगा रहे सैटेलाइट्स पर असर पड़ना या उनकी कार्य-क्षमता प्रभावित होना, धरती की ऊपरी सतह का तापमान तेजी से बढ़ना, दूरसंचार में बाधा आना आदि। जाहिर है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5362

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य साथ देगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और सम्मान मिलेगा। ऑफिस में किसी के साथ विवाद से बचना अच्छा होगा। आप अपने काम पर ध्यान दें और फालतू की बातों से दूर रहें। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा और आपके विरोधी कुछ नहीं कर पाएंगे।

### वृष
आज लाभ का दिन है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको जीविका के क्षेत्र में प्रयास फलीभूत होंगे। काम की अधिकता के कारण आपके अपने काम अटक सकते हैं। किसी भी विवाद में उलझना आपके लिए सही नहीं है। हर मामले में राजनीतिक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों का अंत होगा।

### मिथुन
आज आपको कहीं से रुका पैसा मिल सकता है। धन और ऐश्वर्य में वृद्धि से शत्रु जलन महसूस करेंगे। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। आपका काफी समय से रुका कोई कार्य संपन्न होने से आपको खुशी होगी। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी की संभावना है। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

### तुला
आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव हो सकता है। पैसों के लेन-देन में सावधानी रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें, नहीं तो विवाद हो सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन किसी प्रकार की उधेड़बुन में बीतेगा और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। शाम तक आपकी योजनाएं पूरी होंगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी और आपको करियर से जुड़ी कोई अच?छी खबर मिल सकती है। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आज धन का लेनदेन किसी के साथ न करें।

### धनु
आज करियर और कारोबार से जुड़ी कोई खुशखबरी मिल सकती है। व्यावसायिक योजनाओं को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। विरोधी परास्त होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क
आज आपको कारोबार में सफलता मिलेगी। राजनीतिक दिशा में किए जा रहे प्रयास सफल होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप बढ़ सकता है। आय और व्यय में संतुलन रखें। फालतू के खर्च से बचें और किसी को मुफ्त की सलाह न दें। आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

### सिंह
आज का दिन लाभ देगा। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी और आपको उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपका स्वभाव बदलेगा। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। मैत्री संबंध मधुर होंगे। आपको परिवार के लोगों का हर मामले में साथ मिलेगा।

### कन्या
आज लाभ का दिन है। आपके पद में वृद्धि होगी। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। झगड़े से बचें। शेयर में निवेश न करें और न ही प्रॉपर्टी के मामले में कोई विचार करें।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और आप अपना कर्ज चुका पाएंगे। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का अंत होगा। रोजी रोजगार में सफलता प्राप्त होगी। आपको धन से जुड़े मामलों में लाभ होगा और भाग्य साथ देगा।

### कुंभ
आज धन सम्मान में वृद्धि होगी। रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार और सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा पर जा सकते हैं। प्रियजनों से भेंट संभव है। आज किसी से पैसों के मामले में लेनदेन न करें। धोखाधड़ी हो सकती है।

### मीन
आज हर मामले में सावधान रहने की सलाह है। पैसों का लेनदेन न करें। सहयोगियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता से आपको लाभ होगा। सेहत के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। बिजनस से जुड़ा कोई फैसला न करें।

## वर्ग पहेली 5363

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 16 जून 2007 को यह महिला अंतरिक्ष में लगातार सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला बनी (7)
5. प्रणाम, अभिवादन, नमस्कार (3)
7. सेवा करना वाला, नौकर (3)
8. व्रत, उपवास (उर्दू)(2)
9. मादा या आवेश में आना (4)
13. प्रकाश की किरण, अर्धप्रकाश (1)
14. टूटने-फूटने आदि से उत्पन्न शब्द (2)
15. गति (3)
17. अधिकार, शक्ति, पर्याप्त है कि, समाप्ति सूचक शब्द (2)
18. प्रहार करने की क्रिया (2)
19. गवाह का कथन, साक्ष्य (3)
21. बलमा, प्रेमी, साजन, इस फिल्म मे देवानंद के साथ मीना कुमारी व सुरैया थी (1951) (3)

**ऊपर से नीचे**
1. पुराणानुसार महाराजा जनक की पत्नी का नाम, सुलोचना (4)
2. कड़वी छाल वाले इस वृक्ष की पत्तियां औषधि बनाने के काम में आती है (2)
3. इन्हें सम्राट अकबर के नवरत्नों में गिना जाता है, इनका मूल नाम रामतनुमाल था (4)
4. काबिलीयत, योग्यता, गुण, पात्रता (4)
6. संवारना, आकर्षक और सुंदर बनाना (3)
8. रूपयों का लेन-देन का हिसाब सबंधी बही (5)
10. बंधक बनाया हुआ, जिसे अपराध के सिलसिले में पकड़ा गया हो (4)
12. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
15. प्रस्थित, भेजा गया (3)
16. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते है, तल्लीनता, ध्यान लगाने का भाव (3)
20. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5362 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | | गो | दा | व | री |
| ग | ज | ट | | दा | ता | र | |
| खु | | स्थ | ग | न | | या | मा |
| ल | य | | र्ज | | सं | त्रा | य |
| ना | ज | नी | न | | ता | | |
| | मा | | क | मी | न | गा | ह |
| जा | न | व | र | | ही | र | क |
| ट | | | ना | दा | न | | ला |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# गरीब परिवार को हम एक लाख देंगे

## परिवार में महिलाओं के अकाउंट में डाले जायेंगे पैसे : राहुल गांधी

**चाईबासा, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज झारखंड के दौरे पर आ रहे हैं। राहुल गांधी लगभग 12 बजे सभा स्थल पर पहुंचे। राहुल गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत में जोहार शब्द का इस्तेमाल किया। नरेंद्र मोदी ने 22 अरबपति बनाये। अब कांग्रेस लखपति बनायेंगे। सबसे पहले गरीब परिवारो की लिस्ट बनेगी।



करोड़ों परिवार है जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं। इसमें आदिवासी, दलित, पिछड़े ज्यादा है। हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुनेंगे। उस महिला के बैंक अकाउंट में एक लाख रुपये साल के डाल देंगे। उन्होंने बताया कि मैंने जोहार इसलिए बोला क्योंकि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है।

राहुल गांधी ने कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है क्योंकि महिलाएं 18 से 20 घंटे काम करते हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसा ले लेंगे।

इस सभा से राहुल गांधी ने संविधान की किताब दिखाते हुए कहा कि यह देश की आवाज है। भाजपा वाले इसे फाड़कर फेंकना चाहते हैं। आपको जो भी मिला है इसी किताब ने दिया है। संविधान से ही आपको आरक्षण मिलता है। संविधान से नौकरी मिलती है, संविधान से शिक्षा मिलती है। यह मिट जायेगा तो आदिवासी कहीं का नहीं रहेगा। सारा का सारा 10 से 15 अरबपतियों के हाथ में चला जायेगा। संविधान की रक्षा के लिए हम जान देने को तैयार है। आदिवासी देश की जमीन का पहला मालिक है।

राहुल गांधी ने आदिवासियों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि अगर केंद्र सरकार 100 रुपये का फैसला लेती है तो आदिवासी नेता 10 पैसे का फैसला लेता है। वो आपको वनवासी बोलते हैं क्योंकि उनके लिए आप जंगल में रहने वाले लोग हैं हमारे लिए आप आदिवासी हैं। आपका इस जमीन पर हर संसाधन पर बराबरी का हिस्सा है। आपको वनवासी कहते हैं, और सारे जंगल और जमीन अडाणी, अंबानी को दे रहे हैं। एक दिन जंगल खत्म हो जायेंगे तो आपको कहेंगे जाओ भीख मांगो।

चंपाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, देश में महंगाई कम नहीं हुई। चंपाई ने बताया कि कैसे गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते गये। चंपाई ने बताया कि कैसे झारखंड की प्रथा यहां की परंपरा को भी दबाने का काम किया है।

आज तक केंद्र सरकार ने आदिवासी हित में कोई का नहीं किया। हम विधानसभा में आदिवासी की परंपरा, अस्मिता को सुरक्षित करने के लिए सरना धर्म कोड का नियम बनाया। प्रधानमंत्री जब यहां आये तो सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं मिला। झारखंड सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया लेकिन केंद्र के इशारे पर राजभवन में ही रोक दिया गया।

राहुल के साथ मंच पर सीएम चम्पाई सोरेन,मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, राजेश ठाकुर,मीर, विधायक,निरल पुर्ति, विधायक सुखराम उरांव, प्रत्याशी जोबा माझी मौजूद हैं।गुमला के कोनबीर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। राहुल गांधी की सभा को लेकर कोनबीर में भी काफी संख्या में लोग पहुंच रह रहे हैं। सिमडेगा के कोलेबिरा से भी हजारों की संख्या में लोग वहां पहुंचेंगे। कोनबीर सिमडेगा जिले के सीमांत क्षेत्र से सटा हुआ क्षेत्र है। कांग्रेस ने राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर तैयारी पूरी कर ली है।

# हेमंत ने जनता को भूलकर अपनी तिजोरी भरी : सम्राट



**बोकारो, एजेंसी।** गिरिडीह लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन के बाद बांधडीह खेल मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि देश के अंदर गैर भाजपा शासित राज्यों के हालात सभी को पता है। झारखंड के सीएम पद पर रहकर हेमंत सोरेन, दिल्ली के सीएम केजरीवाल, बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई। जनता की सुविधाओं को भूल अपनी तिजोरी भरने का काम किया। लूट-खसोट का नतीजा यह हुआ कि आज हेमंत व केजरीवाल जेल में हैं और लालू सहित कई सजायाफ्ता हैं।

उन्होंने कहा कि इससे पहले जब मनमोहन सिंह की सरकार थी, तब सोनिया के इशारे पर काम होता था। सोनिया गांधी बोलती थीं, तभी देश के मनमोहन सिंह बोलते थे। लेकिन, अब नरेंद्र मोदी की मजबूत सरकार देश हित में खुद निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि आज जनता सही-गलत का चुनाव करने लगी है। 2014 में पहली बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, तब देश की जनता ने यह सोचा भी नहीं थी कि देश में इतना विकास होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का दुनिया में डंका बज रहा है। कांग्रेस के कार्यकाल में देश की आर्थिक स्थिति 12वें स्थान पर थी, आज प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में 5वें स्थान पर है। देश के 4 करोड़ 35 लाख लोगों को पक्के मकान दिए गए।

सम्राट चौधरी ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर भाजपा की उपलब्धि है।

# टाटानगर सहित देश के 61 स्टेशनों पर खुलेंगे पीएम जन सुविधा केंद्र, रेलवे बोर्ड ने जारी किए निर्देश

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर सहित देश के 61 रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जनसुविधा केंद्र (पीएमबीजेके) खुलेंगे। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।आदेश के तहत सभी स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया (परिक्षेत्र) में ये जनसुविधा केंद्र खुलेंगे। जिसमें दवाएं सहित अन्य उपभोग की वस्तुएं मिलेंगी।



रेलवे बोर्ड ने इसके लिए प्रति स्टाल 12.23 लाख रुपये आवंटित किए हैं। बोर्ड ने सभी जोन को निर्देश दिया है कि वे उक्त राशि से मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के तहत स्टेशन परिक्षेत्र में स्टाल का निर्माण कराएं। चक्रधरपुर मंडल में टाटानगर एकमात्र स्टेशन है जहां प्रधानमंत्री भारतीय जनसुविधा केंद्र खोला जाएगा।

इस सूची में आसपास के स्टेशन में वर्द्धमान, जसीडीह, आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, बरहमपुर, कटक, गोड्डा, बालासोर, रांची, पुरुलिया, बिलासपुर, अनुपपूर सहित अन्य स्टेशन शामिल हैं।

गाड़ी संख्या 09336 हावड़ा-इंदौर स्पेशल ट्रेन की समय सारणी में बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन 5 मई रविवार को हावड़ा से 17.40 बजे खुलने के बजाय 09.35 बजे खुलेगी जो कि 14.20 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहां से 14.30 बजे आगे प्रस्थान करेगी। 15.10 बजे ट्रेन गोमो पहुंचेगी और यहां से 15.15 बजे आगे प्रस्थान करेगी।यहां से 15.30 बजे पारसनाथ पहुंचेगी और यहां से 15.35 बजे आगे को प्रस्थान करेगी। 16.20 बजे ट्रेन कोडरमा पहुंचेगी और यहां से 16.22 बजे आगे को प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 17.00 बजे इंदौर पहुंचेगी।

# 10 साल से जनता को ठग रही केंद्र सरकार: सीएम

**बोकारो , एजेंसी।** केंद्र सरकार ने 2014 से अभी तक देश की जनता को जुमलेबाजी कर ठगने का काम किया है। केन्द्र सरकार ने झारखंड हित में कोई काम नहीं किया है। इस बार चुनाव में झारखंड की जनता उन्हें जवाब देगी। यह कहना है मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का। वे सोमवार को पुस्तकालय मैदान में इंडी गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो के नामांकन के बाद आयोजित चुनावी सभा में बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के कारण महंगाई चरम पर है। भाजपा गठबंधन की सरकार बनने से पहले गैस सिलेंडर 400 और पेट्रोल-डीजल 60 रुपए लीटर था। अब 1000 रुपए में रसोई गैस और पेट्रोल -डीजल के दाम 100 रुपए के पार हो गया है। सत्ता में आने से पहले भाजपा ने कहा था कि देश में अच्छे दिन आएंगे। विदेशों से काला धन लाकर जनता के खाता में बाटेंगे। युवाओं को नौकरी मिलेगी। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा गठबंधन सरकार केन्द्र में 10 साल तक झूठ बोलती रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार लगातार झूठ बोलकर वोट मांग रही है। जो भी सांसद बना है, सभी देश के प्रधानमंत्री के नाम पर वोट मांग रहे हैं। 2019 में राज्य की जनता ने विधानसभा में बहुमत दिया। इसके बाद 4 सालों में हमारी सरकार ने जनता के लिए काम किया है। 20 लाख गरीबों को ग्रीन राशन कार्ड दिया।

वहीं केन्द्र सरकार ने राज्य की गरीब जनता के 11 लाख राशन कार्ड को रद्द कर दिया था। झारखंड की गरीब, वृद्ध को 1000 रुपए पेंशन, बेहतर शिक्षा के लिए मॉडल स्कूल खोला गया। हमारी सरकार ने 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास दिया, जिसमें जून तक 9 लाख को लाभ मिलेगा। जबकि पीएम आवास के लिए झारखंड से 8 लाख की सूची भेजी गई थी, इसकी राशि केन्द्र से नहीं भेजी गई। गरीब, किसानों के बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड शुरू किया गया है। इससे उच्च शिक्षा के लिए अब गरीब व किसान के बच्चों को लोन नहीं लेना पड़ेगा। 55 हजार सखी मंडल को स्वावलंबी बनाने के लिए आठ करोड़ रुपए से अधिक दिया है।

उन्होंने कहा कि 1932 के आधार पर स्थानीयता नीति, आरक्षण नीति को विधान सभा से पारित कर केन्द्र में भेज दिया है। केन्द्र सरकार आरक्षण विरोधी है। कहा कि हमारे देवी देवता, भाषा, संस्कृति को बचाना है। भाजपा को जवाब देने का समय आ गया है। भाजपा गठबंधन की सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। संविधान को बचाना है और भाजपा को जवाब देना है। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मथुरा महतो, जयमंगल सिंह, जलेश्वर महतो, जयप्रकाश पटेल और अनुपमा सिंह आदि मौजूद थे।

# सिर्फ डॉक्टरों से ही नहीं, अब रिम्स में भर्ती मरीजों को भी सीधे दवा बेचने लगे एमआर

**रांची, एजेंसी।** रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार योगदान देने के दिन से ही व्यवस्था में बदलाव की दिशा में काम कर रहे हैं। लेकिन रिम्स आखिर रिम्स है, तुरंत में इसे बदल पाना संभव नहीं है। क्योंकि यहां हर विभाग के हिसाब से सिंडिकेट काम करता है। इसका बड़ा उदाहरण हैं दवा कंपनी के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव। ये रिम्स में बहुत गहराई तक हावी हैं। यह सिंडिकेट रिम्स में इस तरह काम करता है कि संस्थान के डायरेक्टर भी इन्हें भगा पाने में असमर्थ हैं। बताते चलें कि रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार तीन दिन पहले ओपीडी कॉम्पलेक्स का निरीक्षण करने पहुंचे थे तो वहां एमआर को देख उन्होंने फटकार लगाई थी। ओपीडी चलने के दौरान डॉक्टरों के ईर्द-गिर्द न रहने की कड़ी चेतावनी दी थी। उन्होंने डॉक्टरों को भी निर्देश दिया था कि ड्यूटी आवर में एमआर से न मिलें। सारा समय मरीज के इलाज में दें। इधर, डायरेक्टर के मना करने की देर, एमआर ने ओपीडी को छोड़ अब वार्डों में ही कब्जा जमा लिया। निदेशक डॉ. राजकुमार ने कहा कि हमने तीन दिन पहले ही एमआर को चेतावनी दी थी, इसके बाद भी वे किसी भी समय रिम्स में डॉक्टर के पास पहुंच रहे हैं तो यह गंभीर मामला है। हमने यह निर्णय लिया है कि हर शनिवार को ऑफिशियल एमआर को समय देंगे।

# गिरिडीह से निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो को रांची सिविल कोर्ट से अंतरिम राहत, अदालत ने पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**रांची, एजेंसी।** गिरिडीह से निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो को रांची सिविल कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने इस मामले में जयराम महतो के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने मामले में पुलिस से केस डायरी कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों नामांकन के दौरान पुलिस जयराम महतो को गिरफ्तार करने पहुंची थी, लेकिन वे चकमा देकर वहां से निकल गए थे।



जयराम महतो एक मई को नामांकन के बाद डीसी कार्यालय व पिंड्राजोरा स्थित सभा स्थल पर गिरफ्तारी नहीं देने के आरोपित हैं। उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन बोकारो व्यवहार न्यायालय में दिया है। मंगलवार को इस पर सुनवाई हुई।

मामले में जेल भेजे गए तीन आरोपितों में रिजवान अंसारी, फरजान खान और संजय महतो की जमानत सुनवाई के बाद अदालत ने मंजूर कर ली। हालांकि, तीनों आरोपित जेल से बाहर सोमवार को नहीं आ सके। संभव है मंगलवार को तीनों बेल बाउंड भरेंगे।

पूरे मामले की एफआइआर रांची नगड़ी थाना के सब इंस्पेक्टर रितेश कुमार की शिकायत पर दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह नगड़ी थाना में जयराम के खिलाफ दर्ज एक पुराने मामले के अनुसंधानकर्ता हैं।

इस वर्ष 13 मार्च को इस कांड का उन्हें अनुसंधान दिया गया। रांची सिविल कोर्ट से आरोपित के खिलाफ इस मामले में गैर जमानतीय वारंट जारी है। इस वारंट को तामिला के लिए धनबाद के तोपचांची थाना में भेजा गया था।

यहां से वारंट अग्रिम कार्रवाई के लिए वापस पुलिस ने कर दिया। नामांकन की सूचना मिलने के बाद वह रांची मुख्यालय डीएसपी द्वितीय अरविंद कुमार के अलावा ओरमांझी थानेदार आलोक सिंह के साथ जयराम को गिरफ्तार करने आए। यहां भी एसपी से गिरफ्तारी में सहयोग मांगा गया था।

# चर्चित ढेंगा गोलीकांड में गवाही बंद, सरकार अनुसंधानकर्ता व सूचक की नहीं करा पाई गवाही

**रांची, एजेंसी।** हाईकोर्ट और सरकार द्वारा बार-बार एमपी/एमएलए से जुड़े मुकदमों से संबंधित सरकारी/निजी गवाहों को कोर्ट में पेश कर ट्रायल पूरा करने पर जोर दिया जाता है। वहीं, कुछ मामलों में शिथिलता भी बरती जाती है।हजारीबाग जिले के बड़कागांव के ढेंगा में 14 अगस्त, 2015 को हुए चर्चित गोलीकांड के मामले में रांची सिविल कोर्ट के एडीजे सात विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने गवाही बंद कर दी है।मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 167/15 दर्ज किया गया था, जिसमें पूर्व विधायक योगेंद्र साव, उनकी पत्नी निर्मला देवी सहित दर्जनों लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था।सरकार की तरफ से केस के सूचक तत्कालीन एसडीओ अनुज प्रसाद, अनुसंधानकर्ता इंस्पेक्टर अवधेश सिंह और चिकित्सक के साथ तत्कालीन थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा की गवाही नहीं कराई जा सकी।कोर्ट द्वारा बार-बार गवाहों को बुलाने के बावजूद सरकार द्वारा गवाह नहीं पेश किए जाने पर कोर्ट ने गवाही बंद कर आगे की कार्यवाही करते हुए आरोपियों के बयान दर्ज कराने का आदेश दे दिया है।कांड के सूचक अनुज प्रसाद, रामदयाल मुंडा अभी नौकरी में हैं, वहीं कांड के अनुसंधानकर्ता अवधेश सिंह सेवानिवृत्त होकर हजारीबाग जिले के केरेडारी में एक कंपनी में सुरक्षा सलाहकार की नौकरी कर रहे हैं।

# शादी के लिए तैयार नहीं हुई प्रेमिका, तो कर दी हत्या; शव को किया आग के हवाले

**दुमका, एजेंसी।** 29 अप्रैल को तालझारी थाना की पुलिस ने बरमासा के सीमागढ़ा पहाड़ से जिस किशोरी का कंकाल बरामद किया था, उस केस का खुलासा करते हुए किशोरी के प्रेमी पिंकू मंडल उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। युवक ने शादी से इंकार करने पर दो दिन तक युवती को पहाड़ पर बांधकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी किशोरी शादी के लिए तैयार नहीं हुई तो गला दबाकर हत्या कर दी और शव को एसिड डालकर जला दिया।

पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर युवती के कुछ कपड़ें और युवक की बाइक को बरामद किया है। सोमवार को पुलिस सभागार में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि घरवालों ने किशोरी की शादी देवघर में तय कर दी थी।29 अप्रैल को उसकी बारात आनी थी। बरमासा गांव का पिंकू मंडल किशोरी से प्रेम करता था। जब उसे शादी तय होने की बात पता चली तो उसने किशोरी पर शादी का दबाव डाला।

युवक ने 25 अप्रैल को मिलने के बहाने पर पहाड़ पर बुलाया। किशोरी भी शौच के बहाने उससे मिलने के लिए चली गई। पहुंचने के बाद युवक ने उससे कहा कि वह इस शादी के लिए मना कर दे, लेकिन वह इसके तैयार नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पिता ने शादी तय कर दी है, इसलिए घरवालों की मर्जी के खिलाफ नहीं जाएगी। किशोरी को दो दिन तक जंगल में बंधक बनाकर रखा और 27 अप्रैल की शाम उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

साक्ष्य छुपाने के लिए शव को एसिड डालकर जला दिया। मौके पर एसडीपीओ विजय महतो, डीएसपी अमित रविदास व तालझारी थाना प्रभारी अजीत कुमार मौजूद थे।

एसपी ने बताया कि शादी से इंकार करने पर पिंकू ने युवती को रस्सी से बांध दिया और दो दिन तक लगातार उसके साथ गलत काम करते रहा। वह गलत काम करने के बाद अपने घर चला आता था और दूसरे दिन फिर जाकर गलत काम करता था।इसके बाद भी किशोरी नहीं मानी तो गला दबा दिया। बेसुध होने के बाद बाइक पर बैठाकर घटना स्थल से कुछ दूरी पर पेड़ के नीचे ले गया। वहां पहुंचने पर किशोरी की जब मौत हो गई तो एसिड डालकर जला दिया। जिससे उसने एसिड खरीदा था, उसने बेचने की बात स्वीकार की।

एसपी ने बताया कि मृतका और प्रेमी के पिता गहरे दोस्त है। दो साल से किशोरी और आरोपित के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक बार गांव वालों ने दोनों को एक साथ देख लिया था। इसके बाद गांव के लोगों ने समझौता कराकर मामला शांत करा दिया। इसके बाद भी युवक उसके पीछे हाथ धोकर पड़ा रहा।

एसपी ने बताया कि किशोरी के घर वापस नहीं आने पर पिता ने 25 अप्रैल को थाने में बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया।पिता से कई बार पूछताछ की गई, लेकिन उसने प्रेम संबंध की बात स्वीकार नहीं की। अनुसंधान में जब इस बात का पता चला तो इस बिंदु को फोकस मानकर जांच की गई तो सारी बात सामने आ गई।

आरोपित पर पहले से किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज था। शव मिलने के बाद हत्या और दो दिन तक दुष्कर्म करने के कारण पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

तालझारी थाना की पुलिस ने 30 अप्रैल को शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया था। चिकित्सक ने जांच करने के बाद शव को दस दिन तक सुखाने का निर्देश दिया ताकि अच्छी तरह से सूख जाने के बाद उसका डीएनए लिया जा सके।डीएनए की मदद से पुलिस यह जानने का प्रयास करेगी कि पिता ने जिस कपड़ों से शव की शिनाख्त की है, वास्तव में वह उनकी ही पुत्री है। इसलिए अभी स्वजन को कंकाल का अंतिम संस्कार करने के लिए कुछ दिन करीब छह दिन का इंतजार करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बालू निकालने के लिए बनी चार नावों को क्षतिग्रस्त किया गया

**जमशेदपुर , एजेंसी।** एनजीटी के आदेश पर पर्यावरण विभाग व खनन विभाग की टीम ने सोमवार को सुवर्णरेखा नदी के चांडिल गौरी घाट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अवैध बालू के खनन के प्रमाण मिले। अवैध खनन करने वाले ड्राम की सहायता से नाव बनाते हैं और नदी के अंदर से बालू निकाल कर किनारे पर लाते हैं। इस तरह के चार नाव बरामद कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। एनजीटी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केस दायर किया है। स्वतः सुनवाई करते हुए एनजीटी ने झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की टीम का गठन किया है जिसमें पर्यावरण वैज्ञानिक आशुतोष कुमार व क्षेत्रीय पदाधिकारी राम प्रवेश सिंह को शामिल किया गया है। इन दोनों अधिकारियों के अलावा सरायकेला –खरसावां के डीएमओ जेएस नायक व अंचलाधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव ने सुबह नौ बजे ही गौरी घाट पहुंच कर जायजा लिया। मौके पर पाया गया कि यहां से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। नदी के किनारे बालू की क्वालिटी बढ़िया नहीं होने के कारण बालू तस्कर मजदूरों की सहायता से जलजमाव वाले हिस्से में बालू का खनन कराते है। जहां से ट्रक व ट्रैक्टर पर लोड कर जमशेदपुर के सोनारी–कदमा–बिष्टुपुर, गम्हरिया और चांडिल के कांदरबेड़ा–फदलुगोड़ा– आसनबनी के इलाके में खपाया जाता है। एनजीटी के आदेश पर बनाई गई टीम अपनी रिपोर्ट शपथ पत्र के मार्फत कोर्ट को सौंपेगी। एनजीटी के आदेश पर झारखंड सरकार की एक टीम ने पूर्व में भी गौरी घाट का जायजा लिया था। उस दौरान अवैध खनन को रोकने के लिए तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। साथ ही नदी के किनारे पर स्ट्रेच भी काट दिया था। डीएमओ जेएस सत्पथी ने बताया कि मंगलवार को भी गौरी घाट की जांच की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपित ने पीड़िता संग रचाई शादी, हथकड़ी पहन पहुंचा मंदिर; दुल्हन की मांग भरकर फिर गया जेल

**गिरिडीह, एजेंसी।** शहर के दुखिया महादेव मंदिर में अमूमन जलाभिषेक और शादी की शहनाई बजती रहती है, लेकिन सोमवार को मंदिर परिसर में अलग ही माहौल था। यहां एक जोड़े की शादी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था। आखिर, हो भी क्यों नहीं, सेहरा बांधकर आए दूल्हे के हाथों में हथकड़ी जो लगी थी। पुलिस अधिकारी और जवान साथ थे। कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं था। हवाला दिया गया कोर्ट के आदेश का। पता चला कि कोर्ट के आदेश पर लड़का पैरोल पर सुरक्षा के बीच मंदिर पहुंचा था। उस पर दुष्कर्म का आरोप था। उसी लड़की के साथ उसने सात फेरे लिए। दरअसल, इस शादी की पटकथा पहले प्यार फिर धोखे से घिरी रही। अंततः जेल में बंद आरोपित ने पीड़िता के साथ शादी कर ली। न्यायालय के आदेश पर आरोपित बंदी ने हथकड़ी लगाए पीड़िता के साथ सात फेरे लिए ।न्यायालय के आदेश पर आरोपित को सुबह 10 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच अजीडीह स्थित बाबा दुखहरण नाथ मंदिर लाया गया। पीड़िता के परिवार वालों के साथ आरोपित के परिवार के लोग शादी की तैयारी किए थे ।शादी के बाद मंदिर परिसर में रस्म अदायगी के साथ खान–पान की भी व्यवस्था की गई थी। आरोपित बंदी को दोपहर वापस सेंट्रल जेल लाया गया और नवब्याहता को ससुराल विदा किया गया। बता दें कि यह मामला जमुआ थाना क्षेत्र के बदडीहा का है। पीड़िता ने प्राथमिकी में कहा था कि 2020 में लॉकडाउन के दौरान उसे गावां थाना क्षेत्र के युवक से मोबाइल पर जान पहचान हुई थी। फिर दोनों मिलने लगे। युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद शादी से इन्कार कर दिया था।

### तापमान में आएगी गिरावट; 12 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मौसम विभाग ने बारिश–वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 12 मई तक राज्य के कई इलाकों में बारिश, वज्रपात के साथ–साथ तेज हवा चलने की भी संभावना है। मौसम में इस बदलाव का असर तापमान पर पड़ेगा। राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट आ सकती है। झारखंड के कई इलाकों में कल देर रात बारिश हुई। जिसकी वजह से राज्य के कुछ हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आज भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने बदले मौसम के मिजाज को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, रांची , रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और देवघर जिले में ओलावृष्टि की संभावना है। इसे देखते हुए ही मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। आज भी राज्य में बादल छाए रहेंगे और राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश होगी। आज राज्य के कई जगहों पर तेज गर्जन के साथ हवा की रफ्तार भी तेज रहेगी। कल 8 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी , मध्य और दक्षिणी भाग में गर्जन के साथ तेज हवा चलने के आसार हैं। 9 मई को राज्य के उत्तर पश्चिमी भाग में कहीं–कहीं वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गई है। 10 मई को उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भाग में गर्जन और तेज हवा चलने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में मौसम के मिजाज पर नजर डालें तो रांची, गिरिडीह सहित राज्य के कई इलाकों में बारिश हुई। सराइकेला – खरसांवा, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम जिले में हीट वेव की स्थिति देखी गई। राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज कई गई जबकि डाल्टेनगंज में सबसे कम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा ।पिछले 24 घंटे में सामान्य से सबसे अधिक तापमान में परिवर्तन चाईबासा में दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारे बारह पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही: अनु कपूर

**मुंबई, एजेंसी।** बहुत प्रतीक्षित फिल्म हमारे बारह जिसमें अनुभवी अभिनेता अनु कपूर और टेलीविजन के लोकप्रिय अभिनेता पार्थ समथान मुख्य भूमिका में हैं, ने एक नया शीर्षक और आधिकारिक रिलीज़ की तारीख प्राप्त की है। पहले यह फिल्म हम दो हमारे बारह के नाम से जानी जाती थी, जिसे सेंसर बोर्ड के निर्देशानुसार अब हमारे बारह नाम दिया गया है। यह फिल्म 7 जून को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होने वाली है। इस घोषणा को चिह्नित करने के लिए फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जो दर्शकों को फिल्म के बारे में एक झलक देता है। हमारे बारह का निर्देशन कमल चंद्रा द्वारा किया गया है और इसका निर्माण राधिका जी फिल्म और न्यूटेक मीडिया एंटरटेनमेंट, रवि एस. गुप्ता, बिरेन्दर भगत, संजय नागपाल, और शिओ बालक सिंह ने किया है। फिल्म का सह-निर्माण त्रिलोकी प्रसाद ने किया है। इस फिल्म में अश्विनी कालसेकर, राहुल बग्गा , परितोष तिवारी, नवोदित अदिति भतपहरी और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में उत्साहित होकर, बहुमुखी अभिनेता अनु कपूर ने कहा, हमारे बारह पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह फिल्म कुछ जटिल और संवेदनशील विषयों पर आधारित है, और मुझे विश्वास है कि नया शीर्षक हमारी कहानी के साथ अधिक मेल खाता है। मैं दर्शकों को इस परियोजना का दिल और आत्मा अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।फिल्म के बारे में अधिक बात करते हुए, निर्माता रवि एस गुप्ता और बीरेंद्र भगत ने कहा, हमारे बारह का निर्माण करना एक विशेषाधिकार रहा है। इस कहानी को जीवंत करने के लिए सभी टीमों ने अथक परिश्रम किया है, और मैं इतनी सारी बाधाओं के बाद आखिरकार दर्शकों के साथ फिल्म साझा करने के लिए रोमांचित हूं। नया शीर्षक फिल्म के सार को दर्शाता है, और मुझे विश्वास है कि यह दर्शकों को पसंद आएगा। यह फिल्म हमारे देश की सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या को उजागर करेगी और हमें उम्मीद है कि हमारी फिल्म दर्शकों के लिए एक आंख खोलने वाली फिल्म होगी।

### ओसामा बिन लादेन की फोटो और आईएस के झंडे रखने पर किसी को आतंकवादी नहीं मान सकते

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोई ओसामा बिन लादेन की तस्वीर रखता है और आईएसआईएस के झंडे उसके पास पाए जाते हैं तो सिर्फ इसी आधार पर उसके खिलाफ यूएपीए के तहत ऐक्शन नहीं हो सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक केस की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है। आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जाता है। अदालत ने एनआईए बनाम अम्मर अब्दुल रहमान के केस की सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसी सामग्री मिलने भर से किसी को आतंकवादी नहीं कहा जा सकता। महज इसके आधार पर ही इतना कहना ठीक नहीं होगा कि वह व्यक्ति इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठन से जुड़ा है।

### पेपर स्प्रे बेहद खतरनाक हथियार है, कर्नाटक हाई कोर्ट ने कह दी बड़ी बात

**बेंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा है कि पेपर स्प्रे एक खतरनाक हथियार है। कोर्ट ने सी कृष्णैया शेट्टी ऐंड सन्स ब्रैंड के डायरेक्टर सी गणेश नारायण और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को खारिज करने से साफ इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ताओं पर आरोप है कि उन्होंने बेंगलुरु के शिवाजीनगर स्थिति शोरूम में तैनात गार्ड पर पेपर स्प्रे डाला था। इसके अलावा परिसर में काम करने वाले कुछ अन्य कर्मचारियों पर भी इसका इस्तेमाल किया गया था। जानकारी के मुताबिक दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई थी और इसके बाद सी गणेश की पत्नी विद्या नटराज ने पेपर स्प्रे डाल दिया। पीड़ित रणदीप दास ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने सी गणेश और उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। याचिकार्ता ने कोर्ट में कहा है कि उन्होंने आत्मरक्षा के लिए पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया था और आईपीसी की धारा 100 के तहत सबको आत्मरक्षा का अधिकार मिला हुआ है। उन्होंने दावा किया कि दास ने उनकी संपत्ति से छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी।

# दिल्ली-एनसीआर में आसमान से बरस रही आग, पारा 40 डिग्री के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर के इलाके में तेजी से बढ़ती गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि आने वाले दिनों में पारा और तेजी से चढ़ेगा। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम पारा 42 डिग्री पार हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, रात में आंधी आने की भी संभावना जताई गई है। बीते 3 दिन से पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है।

दिल्ली में सोमवार को तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ेगी। सोमवार को सफदरजंग मौसम केन्द्र में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम पारा 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 59 से 23 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने भविष्यवाणी की है कि मंगलवार को तापमान एक बार फिर बढ़ेगा और इसके 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि मंगलवार देर रात धूल भरी आंधी चलने की भी संभावना है और 45 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस सफदरजंग में इस साल का अब तक का सबसे अधिक तापमान था। आईएमडी का कहना है कि सप्ताह के शेष दिनों में अधिकतम तापमान 41 और 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहना चाहिए।

आईएमडी के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली में सोमवार को दिन के दौरान तेज सतही हवाएं दर्ज की गईं, जिससे आसमान साफ होने के बावजूद पारा बहुत ऊपर नहीं चढ़ सका। यही कारण है कि हमने रविवार की तुलना में मामूली गिरावट देखी। मंगलवार को आसमान साफ रहेगा और इससे अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। सफदरजंग में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और शहर के अन्य हिस्सों में इससे भी अधिक हो सकता है।

श्रीवास्तव ने कहा कि किसी स्टेशन पर



मैदानी इलाकों में लू चलने के लिए अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होना चाहिए, साथ ही सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हीटवेव मानदंडों को पूरा करने के लिए एक स्टेशन को 45 डिग्री सेल्सियस को पार करना होगा। देश के अन्य हिस्सों में ऐसी स्थिति होने के बावजूद, दिल्ली में इस साल अब तक गर्मी की लहर दर्ज नहीं की गई है। नोएडा में भी लोग चिलचिलाती धूप और गर्मी से बेहाल दिखे। सोमवार को नोएडा का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के मुकाबले तीन डिग्री ज्यादा है। इस हफ्ते के अंत तक अधिकतम तापमान 42-43 डिग्री तक रह सकता है। गुरुग्राम में झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल

वहीं, गुरुग्राम में झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल हैं। सोमवार को दिन में तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन चढ़ते ही जहां सूरज की तल्ख धूप ने लोगों को झुलसाया, वहीं लू के थपेड़ों ने हर वर्ग के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। सुबह 9 बजते ही सूरज का कहर शुरू हो जाता है, जो दोपहर तक अपने पूरे चरम पर होता है। गर्मी के बढ़ते कहर के कारण लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय बच्चे भी अपने घरों में दुबके रहते हैं। गर्मी के कारण दोपहर के बाद सड़कों व मार्केट में सन्नाटा छा गया। गर्मी से बेहाल लोगों को कूलर पंखों से भी राहत नहीं मिल पा रही है। दरअसल, एक मई से ही शहर का पारा ऊपर चढ़ता जा रहा है। तेज गर्मी ने आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। शरीर को झुलसा देने वाली धूप से बचने के लिए लोग हर कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को शहर का अधिकत्तम तापमान 40.7 रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि रविवार से .3 डिग्री सेल्सियस की हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

## 1500 खरीदारों को नहीं दिया घर, बहन की आलीशान शादी में उड़ा दिए करोड़ों

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माहिरा होम्स समूह के प्रबंध निदेशक सिकंदर सिंह छोकर की पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभास मेहला की अदालत में पेश किया। अदालत ने उनकी रिमांड तीन दिन और बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। ईडी ने छोकर की नौ दिन की और रिमांड मांगी। ईडी ने कोर्ट को अवगत करवाया कि सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स के करीब 1500 खरीदारों से वसूली गई करोड़ों की राशि का दुरुपयोग हुआ है।

राशि से दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तराखंड में बेनामी संपत्ति, लग्जरी कार, गहने अर्जित किए गए हैं। करोड़ों रुपये खातों से नकद निकाले गए हैं। कोर्ट को यह भी बताया कि बहन की आलीशान शादी भी इस राशि से की। ईडी अब तक छोकर, सिकंदर सिंह और विकास के नाम पर 36.5 करोड़ की संपत्ति को इस मुकदमे के साथ जोड़ चुकी है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पांच दिन के रिमांड के दौरान चार लोगों को सामने बैठाकर पूछताछ की गई थी। अब रिमांड के दौरान सात और लोगों से भी पूछताछ करनी है। जबकि प्रबंध निदेशक के वकील ने ईडी के रिमांड मांगने का विरोध किया और उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप गलत है।

कोर्ट ने तमाम साक्ष्यों को देखते हुए ईडी को तीन दिन रिमांड की अवधि और बढ़ा दी। रिमांड के दौरान कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिए कि आरोपी को मेडिकल करवाना होगा। इसके अलावा रोजाना दोपहर को दो से तीन बजे के बीच उनके वकील उनसे मिल सकते हैं।

ईडी ने कोर्ट को अवगत करवाया कि सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स के करीब 1500 खरीदारों से वसूली गई करोड़ों की राशि का दुरुपयोग हुआ है। राशि से दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तराखंड में बेनामी संपत्ति, लग्जरी कार, गहने अर्जित किए गए हैं। करोड़ों रुपये खातों से नकद निकाला गया है। कोर्ट को यह भी बताया कि बहन की आलीशान शादी भी इस राशि से की। ईडी अब तक छोकर, सिकंदर सिंह और विकास के नाम पर 36.5 करोड़ की संपत्ति को इस मुकदमे के साथ जोड़ चुकी है।

ईडी ने बताया कि साईं आईना फार्म प्राइवेट लिमिटेड ने फर्जी बैंक गारंटी देकर सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स को विकसित करने के लिए लाइसेंस लिया था। ईडीसी के नाम पर करीब 2.63 करोड़ और आईडीसी के नाम पर करीब 1.24 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी थी। 31 मई, 2023 को राजेंद्रा पार्क में माहिरा बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ फर्जी दस्तावेज पेश करके 163.41 करोड़ रुपये फ्लैट खरीदारों से वसूलने को लेकर एफआईआर दर्ज है। करीब 104.13 करोड़ रुपये का दुरुपयोग हुआ है। माहिरा होम्स समूह ने सेक्टर 63ए, 68, 95, 103 और 104 में अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी के तहत खरीदारों से करोड़ों रुपये वसूल किए हैं।

## दिल्ली के रण में उतरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं मनोज तिवारी, दूसरे नंबर पर बिधूड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवारों में भोजपुरी गायक से नेता बने 53 साल के मनोज तिवारी सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उनकी कुल संपत्ति 28.05 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि वह गाने गाकर, अभिनय करके और एक सांसद के तौर पर ये आय अर्जित करते हैं। दूसरे नंबर पर दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी हैं, जिनकी कुल संपत्ति 21.08 करोड़ रुपये है। 2022-23 के आयकर रिटर्न के अनुसार, 71 साल के बिधूड़ी की आय 14.93 लाख रुपये थी। तीसरे स्थान पर चुनावी मैदान में पश्चिमी दिल्ली से उतरे आप के उम्मीदवार महाबल मिश्रा (69) हैं। उनकी कुल संपत्ति 19.93 करोड़ रुपये है। चौथे नंबर पर दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज हैं। ऑक्सफोर्ड रिटर्न वकील (40) के पास 19 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति है। इसके बाद आप से नाता तोड़कर बसपा का दामन थामने वाले राज कुमार आनंद का नंबर आता है। वे 17.87 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। नई दिल्ली सीट से पहली बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं बांसुरी स्वराज ने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास पास दो वाहन हैं, जिनमें 2023 में खरीदी गई हाई-एंड मर्सिडीज बेंज भी शामिल है। उनके पास हरियाणा के पलवल में संयुक्त संपत्ति का छठा हिस्सा है, जिसकी कीमत 99.34 लाख रुपये




है और दिल्ली के पॉश इलाकों में तीन फ्लैट हैं - दो जंतर मंतर पर और एक हेली रोड पर स्थित हैं। अपने चुनावी हलफनामे में, स्वराज ने साल 2022-23 में दाखिल आयकर रिटर्न में अपनी आय 68.28 लाख रुपये बताई। दिल्ली की उत्तर पूर्व सीट से तिवारी के खिलाफ रण में उतरे कांग्रेस के कन्हैया कुमार की कुल संपत्ति 10.65 लाख रुपये है। उन्होंने जेएनयू से पीएचडी की है जो 2019 में पूरी हुई। वहीं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की कमलजीत सहरावत ने अपने चुनावी हलफनामे में 1.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 27.60 लाख रुपये की अचल संपत्ति घोषित की है। उनके पास हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला से कॉमर्स में मास्टर की डिग्री है। चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल (64) के पास 6.62 करोड़ रुपये की संपत्ति है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतरे थर्ड जेंडर राजन सिंह (26) ने हाल ही में दक्षिणी दिल्ली सीट से पर्चा दाखिल किया।

## अफसर और नेता सब बांटते थे माल, नौकर के घर मिले नोटों के पहाड़ की पूरी कहानी

**रांची, एजेंसी।**
झारखंड में सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद ऐसी तस्वीरें सामने आईं जिसे देखकर पूरा देश दंग रह गया। नोटों की गड्डियों का ऐसा ढेर वह भी एक नौकर के घर। जिस जहांगीर खान के घर 35 करोड़ से अधिक कैश मिला वह झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सजिव संजीव लाल का नौकर है। बरामद किए गए नोट असल में किसके हैं और जहांगीर के घर तक कैसे पहुंचे, ईडी अब इसकी पड़ताल शुरू करेगी। माना जा रहा है कि जहांगीर के घर मिला पैसा ग्रामीण विकास विभाग में चल रहे कमीशन वाले खेल का एक हिस्सा है।

मूल रूप से चतरा निवासी जहांगीर मंत्री आलमगीर का भी करीबी बताया जाता है। शुरुआती जांच में संजीव लाल ने खुद का पैसा होने से इनकार किया है। ईडी टीम रांची के गाड़ीखाना इलाके में स्थित सर सैयद रेसिडेंसी



पहुंची और फ्लैट नंबर-वन ए में जहांगीर के आवास में छापा मारा। इस दौरान उसके तीन कमरों में आलमीरा बंद मिलने पर ईडी संजीव के यहां से चाबियां लेकर पहुंची। तलाशी में पांच-पांच सौ रुपए के नोट और लाखों के जेवरात मिले। ओएसडी संजीव के यहां से करीब 10 लाख मिले।

13 नवंबर 2019 को एसीबी ने ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के अधीन काम करने वाले जेई सुरेश प्रसाद वर्मा को एक ठेकेदार की शिकायत पर 10 हजार घूस लेते दबोचा था। सुरेश जमशेदपुर में वीरेंद्र राम के मकान में रहता था। एसीबी ने जब सुरेश वर्मा के ठिकानों पर छापेमारी की तो 2.44 करोड़ रुपए मिले। तब सुरेश प्रसाद वर्मा और उसकी पत्नी पुष्पा वर्मा ने दावा किया था कि पैसे वीरेंद्र राम के हैं। उसके रिश्तेदार आलोक रंजन ने रखे थे। इसके बाद ईडी की मामले में इंट्री हुई। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई और करतूतों की जांच ईडी ने शुरू की तो ग्रामीण विकास विभाग व ग्रामीण कार्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार का भी खुलासा हुआ। ईडी ने जांच में पाया है कि विभाग में प्रत्येक ठेके के आवंटन पर 3.2 प्रतिशत का कमीशन तय था, जिसमें वीरेंद्र राम का 0.3 प्रतिशत ही उसका रहता था। ईडी ने जांच में पाया था कि कमीशन का पैसा राजनेताओं, अधिकारियों व इंजीनियरों के सिंडिकेट के बीच बंटता था। इसी दौरान सबसे पहले विभागीय मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल समेत अन्य की भूमिका की जांच शुरू हुई। ईडी के रडार पर राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम पहले से हैं। ईडी ने उनके खिलाफ पहला मामला अप्रैल 2022 में दर्ज किया था।

## कीमत पूछकर नहीं खरीदा मोबाइल कवर, दुकानदार ने खूब पीटा

**जमशेदपुर , एजेंसी।** आमतौर पर लोग पहले सामान की कीमत पूछते हैं, फिर खरीदारी करते हैं। लेकिन झारखंड में कुछ ऐसा हुआ जिसे सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। एक शख्स ने कीमत पूछने के बाद सामान नहीं खरीदा। इस बात पर दुकानदार इतना नाराज हो गया कि उस शख्स को पीटने लगा। मारपीट के बाद आस-पास अफरातफरी मच गई। दुकानदार ने शख्स के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। यह जमशेदपुर के साकची इलाके की घटना है।

जानकारी के मुताबिक, साकची के फुटपाथ दुकान में मोबाइल कवर की कीमत पूछना बिहारशरीफ के दंपती को सोमवार देर शाम महंगा पड़ गया। कवर नहीं खरीदने से नाराज होकर दुकानदार ने युवक से पत्नी के सामने मारपीट और अभद्र व्यवहार किया। इससे साकची गोलचक्कर पर आधे घंटे तक अफरातफरी मची रही।

सूचना पाकर पुलिस पहुंची और हस्तक्षेप कर विवाद शांत कराया। लेकिन बिहारशरीफ निवासी युवक ने साकची थाने में मोबाइल कवर दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामला बिगड़ते देख मोबाइल कवर विक्रेता फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक, शख्स अपनी पत्नी के साथ मोबाइल कवर की दुकान पर गया था। कीमत पूछकर जब उसने कवर नहीं खरीदा तब दुकानदार उसके साथ मारपीट करने लगा। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है। मानगो डिमना बस्ती निवासी युवक द्वारा शादी का झांसा देकर सोनारी आदर्शनगर की युवती का यौन शोषण का मामला सामने आया है। युवती ने सोनारी थाने में अमन कुमार उर्फ विक्की के खिलाफ सोमवार को दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। युवती के अनुसार, जून 2023 से युवक शादी का झांसा यौन शोषण कर रहा है। इधर, सोनारी पीएनबी कॉलोनी निवासी महिला ने विकास सिंह समेत दो महिलाओं के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है।

## 10 लाख में रेट फाइनल; फर्जी छात्रों से दिलाते थे नीट की परीक्षा

**रांची, एजेंसी।**
नीट (यूजी) की परीक्षा के दौरान रांची के पांच केंद्रों से रविवार को गिरफ्तार छह फर्जी परीक्षार्थियों को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। इससे पहले पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया है कि 10-10 लाख रुपए लेकर वे लोग दूसरे की जगह परीक्षा देने बैठे थे। इसके लिए परीक्षा दिलाने वाले गिरोह ने उनसे संपर्क किया था। एडवांस के तौर पर प्रति परीक्षार्थी 50 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक दिए गए। इधर, पांच स्कूलों में बनाए गए केंद्र के प्राचार्यों ने अपने-अपने इलाके के थाने में फर्जीवाड़े की प्राथमिकी दर्ज करा दी है।

फर्जी अभ्यर्थियों ने पुलिस को यह भी बताया कि नीट परीक्षा में शामिल होने के लिए वे चार मई की सुबह रांची पहुंचे थे। उनके रहने और खाने-पीने की सारी व्यवस्था गिरोह के लोगों ने ही किया था। गिरोह ने उनसे कहा था कि परीक्षा देने के बाद उन सबको बाकी राशि



दे दी जाएगी।

आरोपी बिहार, ओडिशा के मेडिकल छात्र पुलिस को पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए सभी फर्जी परीक्षार्थी मेडिकल के छात्र हैं। इनमें आशीष कुमार पीएमसीएच पटना में सेकंड ईयर, जैद अहमद एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर के सेकेंड ईयर, सुमित कुमार और सोनू कुमार सिंह मधुबनी मेडिकल कॉलेज, विकास व जीतेंद्र सैनी ओडिशा के बेहरमपुर मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। विकास और जीतेंद्र दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं।गरीब परिवार के टॉपरों को चुनता है गिरोह जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि गिरोह का नेटवर्क बिहार, ओडिशा और राजस्थान से जुड़ा है। देश की महत्वपूर्ण परीक्षाओं में फर्जी परीक्षार्थियों को शामिल कराने वाला गिरोह पूरी योजना से काम करता है। उसके पास नीट में टॉपर रहे छात्रों की सूची रहती है। उनके निशाने पर खासकर वैसे मेडिकल छात्र होते हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के होते हैं। ऐसे मेडिकल छात्रों से गिरोह संपर्क करता है और दूसरे के बदले परीक्षा देने के लिए बड़ी रकम की पेशकश करता है। फर्जी परीक्षार्थियों ने पुलिस को बताया कि दूसरे की जगह परीक्षा देने के लिए उन पर लालच के साथ दबाव भी दिया गया। बरियातू पुलिस द्वारा गिरफ्तार आशीष कुमार ने बताया कि वह सीवान के रहने वाले प्रियांशु की जगह नीट की परीक्षा दे रहा था। प्रियांशु का भाई सुधांशु उसके साथ पीएमसीएच में पढ़ता है।

## झारखंड में ईडी का बड़ा ऐक्शन, आलमगीर आलम का निजी सचिव गिरफ्तार; मिला था नोटों का पहाड़

**रांची, एजेंसी।**
झारखंड में ईडी का बड़ा ऐक्शन देखने को मिला है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, संजीव लाल को सोमवार देर रात अरेस्ट किया गया है। ईडी ने यह ऐक्शन 35 करोड़ रुपए कैश की बरामदगी के बाद लिया है। दरअसल, सोमवार को निजी सचिव के नौकर जहांगीर आलम के घर ईडी ने छापेमारी के बाद 31.20 करोड़ रुपए जब्त किए थे। वहीं अन्य ठिकानों से भी भारी संख्या में कैश मिले हैं। झारखंड कैश कांड में ईडी ने मंत्री के निजी सचिव के साथ-साथ उस नौकर को भी गिरफ्तार किया है जिसके घर से नोटों का पहाड़ मिला था। सूत्रों के मुताबिक, दोनों को कैश बरामदगी के बाद लंबी पूछताछ कर देर रात पहले हिरासत में लिया गया फिर अरेस्ट किया गया है। इस मामले में जल्द ही ईडी मंत्री आलमगीर आलम को समन करेगी।

दरअसल, ईडी ने सोमवार सुबह चार बजे से छापेमारी शुरू की थी। दिनभर रेड के बाद ईडी ने 35.23 करोड़ रुपए कैश बरामद किए। इसमें 31.20 करोड़ केवल नौकर के घर में मिला। निजी सचिव के यहां भी 10 लाख रुपए मिले। नोट गिनने के लिए एक-दो नहीं बल्कि 8 मशीनें मंगाई गईं। देर रात नोटों की गिनती चलती रही। इस दौरान कई मशीनें बंद भी हो गईं। कुछ मशीनें लगातार नोट गिनने से गरमा गईं। ईडी को कैश के साथ-साथ गहने भी मिले हैं। ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज स्वयं जहांगीर आलम के फ्लैट पर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी मौजूदगी में ही जांच-पड़ताल की। जांच में आए तथ्यों के मुताबिक, ठेके के कट मनी का पैसा यहां एकत्र किया जाता था।



# सूर्या के तूफान में उड़ा हैदराबाद



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 55वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में मुंबई की टीम प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेगी जबकि हैदराबाद अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी।

मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्या और तिलक की 100+ रनों की साझेदारी की बदौलत मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

## मुंबई की सात विकेट से जीत

मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के शतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। एमआई की इस जीत में तिलक वर्मा ने भी अहम योगदान दिया। दोनों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की। आईपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है। मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरुआत हुई।

सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

Saudi Smash 2024

# मनिका बत्रा ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद मान्यु को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मनिका बत्रा ने इस दौरान विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया। मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरुआती गेम हार गईं, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकाबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रविवार को रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह मंगलवार को अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।

## यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि

भारत की 28 साल की इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने उसके खिलाफ जीत हासिल की।

मैं अपने कोच अमन बाल्गु और अपने प्रशिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूं। आपको ऐसा कुछ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना होगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने अगले मैच में इस जज्बे को बरकरार रखूंगी।

## हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

मिक्स्ड डबल्स में हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने अल्वारो रोबल्स और मारिया जिओ की स्पेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-2 (11-5, 5-11, 3-11, 11-7,11-7) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले चिली के निकोलस बर्गोस और पॉलिना वेगा की जोड़ी को 3-2 (11-7, 9-11, 11-4, 4-11, 11-5) से हराया था। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था मुखर्जी की जोड़ी ने मरियम और मारवा अल्होदाबी को 3-0 (11-7, 1-3, 11-4) से हराकर प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

# बुमराह को आराम देने पर बोले कोच पोलार्ड



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है।

मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी। टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है।

मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद को पीटन चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है।

चैंपियंस ट्रॉफी :

# टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा भारत?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है और भारतीय टीम के इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर संशय है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस बारे में बयान दिया है। शुक्ला के अनुसार, अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने पर फैसला केंद्र सरकार की इजाजत पर निर्भर करेगा।

## दोनों देशों के बीच नहीं खेली जाती है द्विपक्षीय सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। भारत और पाकिस्तान की टीमें आखिरी बार पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान भिड़ी थी जिसमें भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अगले महीने न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप के दौरान ग्रुप चरण का मुकाबला खेला जाएगा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से पहले कई कारकों पर चर्चा की जाती है जिसमें राजनयिक और सुरक्षा पहलू भी शामिल है। सुरक्षा मुद्दे और इतिहास को देखते हुए भारत का टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर कोई भी फैसला सावधानी से तथा अधिकारियों से चर्चा के बाद ही लिया जाएगा।

# महिला टी-20 में भारत का बांग्लादेश पर जीत का चौका

- भारत ने मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता
- सीरीज में 4-0 की बढ़त




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत का चौका लगाया। चौथा टी-20 बारिश से बाधित रहा, जिस वजह से मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया। भारत ने यह मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में भारतीय महिला टीम ने 4-0 की बढ़त बना ली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 6 विकेट पर 122 रन बनाए। उसकी ओर से प्लेयर ऑफ द मैच हरमनप्रीत ने 26 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 68/7 का स्कोर ही बना सकी।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर शेफाली वर्मा 4 स्कोर पर आउट हो गई। उन्होंने 4 गेंदों में केवल 2 रन ही बनाए। वहीं स्मृति मंधाना भी 18 गेंदों पर 22 रन बना कर लौट गई। वहीं हेमलता भी 14 गेंदों पर 22 रन बनाईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई। हरमनप्रीत कौर ने 39 और ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई।

## लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी बांग्लादेश की टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत काफी धीमी रही और टीम पावरप्ले के चार ओवर में एक विकेट पर 21 रन ही बना सकी। टीम ने इस दौरान मुर्शीदा खातून (01) का विकेट गंवाया जिन्हें दीप्ति ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच कराया। दिलारा 25 गेंद में दो चौकों से 21 रन की धीमी पारी खेलने के बाद दीप्ति की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हो गईं। एक गेंद बाद रूबिया भी रन आउट हो गईं। शोभना ने कप्तान निगारा सुल्ताना (01) को एल्बीडब्ल्यू आउट किया जिससे चार गेंद के भीतर बांग्लादेश का स्कोर एक विकेट पर 38 रन से चार विकेट पर 39 रन हो गया।

बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 68 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और आशा शोभना ने 2-2 विकेट लिए। वहीं पूजा और राधा यादव को 1-1 विकेट मिले।

टी-20 वर्ल्डकप

# युगांडा ने अनोखे तरीके से टीम का किया एलान, 43 वर्षीय नसुबुगा को भी मिली जगह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कई टीमों ने खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है।

इस वैश्विक टूर्नामेंट में पहली बार 20 टीमें हिस्सा ले रही है और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर-8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी जिसमें से चार टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। हाल ही में भारत ने भी रोहित शर्मा की अगुआई में टीम घोषित की थी। हालांकि, पहली बार टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रही युगांडा की टीम ने अनोखे अंदाज में टीम घोषित की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

न्यूजीलैंड ने भी टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित करते समय अनोखा प्रयोग किया था जिसमें उन्होंने दो बच्चों के द्वारा खिलाड़ियों की घोषणा की थी। अब युगांडा की टीम ने भी नया तरीका अपनाया जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। युगांडा ने एक वीडियो जारी कर टीम की घोषणा की जिसमें एक व्यक्ति बाजार, नाइट क्लब, जिम जा रहा है और हर जगह उसे एक खिलाड़ी के नाम का कार्ड दिया जा रहा है। वह व्यक्ति युगांडा क्रिकेट टीम की जर्सी पहना हुआ है। मालूम हो कि युगांडा ने पिछले साल नवंबर में रवांडा पर नौ विकेट से जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था।

युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। ब्रायन मसाबा टीम के कप्तान होंगे, जबकि रियाजत अली शाह उपकप्तान होंगे।

युगांडा की टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ तीन जून को गुयाना में होने वाले मैच से करेगी। युगांडा की टीम ग्रुप-सी में शामिल है जिसमें न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान वेस्टइंडीज भी मौजूद हैं।

## युगांडा की टीम इस प्रकार है...

ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उपकप्तान), केनेथ वायसवा, दिनेश नकरानी, फ्रैंक नसुबुगा, रौनक पटेल, रोजर मुकासा, कोसमस किवुता, बिलाल हासुन, फ्रेड एचेलम, रॉबिंसन ओबुया, सिमॉन सेसाजी, हेनरी सेंयोंडो, अल्पेश रामजानी, जुमा मियाजी।

**रिजर्व:** रोनाल्ड लुताया, इनोसेंट मवेबजे

## अगर डेवोन कॉनवे उपलब्ध होते तो...

# मजबूरी में आईपीएल 2024 खेल रहे हैं एमएस धोनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 के अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ धर्मशाला के मैदान पर 16वें ओवर के आखिर में 122 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी तो हर किसी को उम्मीद थी कि आज एमएस धोनी को जल्दी बल्लेबाजी के लिए आना पड़ेगा और एक बड़ी और तेजतर्रार पारी उनके बल्ले से देखने को मिलेगी। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। उनसे पहले शार्दुल ठाकुर बल्लेबाजी के लिए आए और ऐसे में धोनी की आलोचना हुई कि अगर वे ऊपर बल्लेबाजी नहीं कर सकते तो उनको क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। हालांकि, सच्चाई कुछ और है। एमएस धोनी चोटिल हैं।

दरअसल, रिपोर्ट की मानें तो एमएस धोनी के पैर में चोट है। इस वजह से वे ज्यादा भाग-दौड़ नहीं कर सकते। यही वजह है कि एमएस धोनी आखिरी के एक या दो ओवर में बल्लेबाजी के लिए आते हैं। सीएसके के सूत्रों ने बताया है कि एमएस धोनी के पैर की एक मसल फटी हुई है, जिसके कारण वे तेज नहीं दौड़ सकते। सूत्र ने बताया है कि वे पूरा आईपीएल इस समस्या के साथ खेल रहे हैं। इसके पीछे की वजह एक और है कि टीम में कोई अन्य विकेटकीपर नहीं है।

डेवोन कॉनवे टीम का हिस्सा थे, लेकिन वे भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

## एक नजर

### शराब के नशे की हालत में चार लोग गिरफ्तार

**नवीनगर (पटना) (नि.सं.)।** नवीनगर थाना पुलिस ने सोमवार की रात गश्ती के क्रम में थाना क्षेत्र के धोबडीहा गांव के समीप शराब के नशे के हालात में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के मटपा सिमरी गांव निवासी अजीत कुमार, रविंद्र पासवान एवं पिपरा गांव निवासी पंकज कुमार मेहता, विकास कुमार मेहता के रूप में की गई है। यह कार्रवाई एसआई देव कुमार ने की है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार चार लोगों की मेडिकल जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया है।

### लोकसभा चुनावः कार्यकर्ताओं की बैठक

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** ओबरा प्रखंड राजद कार्यालय में मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश राम ने की तथा सभा का संचालन विधायक प्रतिनिधि मो कैफ खान ने किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि काराकट लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी राजाराम सिंह का नामांकन 8 मई को होना है। सभी कार्यकर्ता नामांकन में शामिल रहें। इसके साथ ही ओबरा विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इसमें शामिल करें। इस मौके पर अवधेश यादव, चंदन यादव, योगेन्द्र यादव, अर्जुन यादव, शिव यादव, गौरी शंकर, कौशल यादव, जयगोविंद, धनंजय यादव आदि थे।

### पॉक्सो एक्ट के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** सदर प्रखंड की जम्होर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। स्थानीय रोहित कुमार एवं अक्षय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार इन पर पॉक्सो और दुष्कर्म से संबंधित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि इनके विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। पिछले दिनों से यह फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें घर से गिरफ्तार किया गया है।

### निर्दलीय प्रत्याशी किरण प्रभाकर ने गोह के गांवों में किया जनसंपर्क

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** काराकाट संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी किरण प्रभाकर ने मंगलवार को गोह प्रखंड में एक दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से वोट मांगा। उन्होंने प्रखंड के मलहद, सोसुना, बाजार वर्मा, मुड़वां, महदीपुर , दाउदपुर, लिमड़ा, उपहारा, सहरसा, बैजलपुर एवं अरंडा सहित अन्य गांवों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान कहा कि काराकाट मेरा घर है। यहां के मतदाता मेरे परिवार हैं। यहां के लोगों से आग्रह है कि इस बार आप लोग आंख खोलकर एवं सूझबूझ के साथ विचार विमर्श कर वोट दें। आप अपने हित में, बच्चों के हित में, देश हित तथा समाज हित में सोच समझकर 1 जून को सुबह कतार में खड़ा होकर वोट जरुर करें।

### दलित के साथ मारपीट मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** शीर्ष आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने भादंवि की धारा-147, 149, 341, 323, 324, 325, 354, 504, 506 एवं 3(1)(आर)(एस)(डबल्यू)(1)/3(2)(वीए), एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी संख्या-25/24 के अभियुक्तों- बिलारू निवासी रहीस यादव, सुखराम यादव एवं जयराम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### पुलिस ने की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**अम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** शराब विरोधी अभियान के तहत औरंगाबाद के अम्बा और औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अम्बा पुलिस ने गुप्त सूचना पर भलुआरी गांव से एक घर में दालान की चहारदीवारी के अंदर से प्लास्टिक के बोरा में 113 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की कुल-20.340 लीटर शराब के साथ मो. इखलाख को गिरफ्तार किया है।

# कृषि विभाग ने मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला कृषि पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधन एवं डीडीएम नावार्ड, औरंगाबाद के द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (कृषोन्नति योजना) एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अधीन मोटे अनाज (पोषक अनाज) उपजाने के लिए यथा मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी या मडुआ फसल खेती करने के लिए नवीनगर प्रखंड के ग्राम नेम्बो खाप किसानों रू-ब-रू हुए एवं किसानों के द्वारा आश्वासन दिया गया कि हमलोग मोटे अनाज की खेती करेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कृषि विभाग के निदेषानुसार मोटे



अनाज (पोषक अनाज) उपजाने के लिए यथा मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी या मडुआ, कौनी/चीना का कलस्टर निर्माण एवं खरीफ वर्ष 2024-25 की तैयारी हेतु विशेष जोड़ से किया जाना है। इसके अलावा जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि इस जिले में इस वर्ष मोटे अनाज की संचालित विभिन्न योजनाओं में दिये जाने वाले प्रत्यक्षण के बारे में यथा ज्वार प्रत्यक्षण, 1200 एकड़, बाजरा प्रत्यक्षण 500 एकड़, मडुआ प्रत्यक्षण 3282 एकड़ एवं कौनी प्रत्यक्षण 1500 एकड़, 10 वर्ष से कम अवधि के धान प्रत्यक्षण (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना) 1342 क्वीं0, 10 वर्ष से अधिक अवधि के धान प्रत्यक्षण (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना) 293 क्वीं0 एवं मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना (राज्य योजना) 213 क्वीं0 बीज वितरण किया जाना है। मोटे अनाज की खेती कलस्टरवार करना है, प्रत्येक कलस्टर 25 एकड़ का होगा।

# लगातार बढ़ रही गर्मी से बीमार पड़ रहे लोग

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण सदर अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सोमवार को सदर अस्पताल के सभी वार्ड फुल रहे। महिला वार्ड, पुरुष वार्ड और बच्चा वार्ड में काफी संख्या में मरीज भर्ती हुए हैं। 41 ऐसे मरीज हैं जिन्हें डायरिया आदि की शिकायतें हैं। कई लोगों को उल्टी, पेट दर्द आदि की भी शिकायतें हैं। फूड प्वाइजनिंग के भी दो मरीज भर्ती किए गए हैं। इसमें सदर प्रखंड के जम्होर निवासी सूर्यदेव यादव के पुत्र राजकुमार यादव और पड़रिया के नंदकिशोर सिंह की पत्नी सोनामती देवी शामिल हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुल 41 मरीजों को वार्ड में भर्ती कराया गया है और एक भी बेड खाली नहीं




है। अस्पताल प्रबंधन की परेशानी बढ़ी हुई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक रहा और इसके कारण लोगों का घर से बाहर निकलना भी कम हुआ। ओपीडी में कुल 350 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इसमें ज्यादातर लोग सर्दी, खांसी, बुखार, पेट दर्द, सिर दर्द आदि की शिकायत लेकर पहुंचे हुए थे। फिलहाल हीट स्ट्रोक का कोई मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं हुआ है। इस संबंध में सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत राजन ने बताया कि हीट स्ट्रोक की चपेट में आने वाले व्यक्ति को काफी तेज बुखार होता है। ऐसा कोई मरीज अस्पताल में नहीं आया है। गर्मी बढ़ी है और भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। अस्पताल में दवाएं उपलब्ध हैं और इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मी को लेकर सदर अस्पताल में अलग से व्यवस्था की गई है। एक वार्ड तैयार किया गया है जहां मरीज पास आने से भर्ती किया जा सके।

## दशवत खाप प्राइमरी गर्ल्स स्कूल का जर्जर भवन हादसों को दे रहा दावत

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर पंचायत के दशवत खाप प्राइमरी गर्ल्स स्कूल का जर्जर भवन शिक्षकों व छात्राओं के लिए जानलेवा बना है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आए दिन छत की परतें अचानक टूटकर गिरते रहती हैं। कई बार शिक्षक व छात्राएं घायल हुए हैं। विद्यालय में शौचालय की सुविधा भी नहीं है। शिक्षक व छात्राएं शौच के लिए खुली जगह में जाने को मजबूर हैं। इतनी समस्याओं के बाद भी किसी अधिकारी व जनप्रतिनिधि का ध्यान इस ओर नहीं है। इस स्कूल की स्थापना 1953 में हुई थी। पुराने समय का बना भवन ही अभी तक चल रहा है। भवन की हालत काफी जर्जर है। हेडमास्टर बिजेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि 61 छात्राएं नामांकित हैं। दो कमरें हैं, जिसमें वर्ग एक से 5 तक की पढ़ाई होती है। इसी में मध्यान भोजन व कार्यालय का भी काम होता है। यहां पांच शिक्षक व एक तालिमी मरकज स्वयंसेवक पदस्थापित हैं। शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से की जाती हैं। मंगलवार को भी मिशन दक्ष के तहत बच्चों को पढ़ाया गया है। शिक्षक कामाख्या प्रसाद पाल, ममता रानी, सुषमा कुमारी, अनन्या मिश्रा व तालीमी मरकज शाबाना परवीण ने वरीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। डीपीओ सह बीईओ रवि रौशन ने बताया कि इसके लिए विभाग को पत्र लिखा गया है।

## पुलिस ने ईंट भट्ठे पर छापेमारी कर ध्वस्त की दर्जनों शराब भट्ठी

- तलाशी में मिला जावा महुआ विनष्ट कर दिया गया।

निज संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** रिसियप पुलिस ने थाना क्षेत्र के धनु बिगहा ईंट भट्ठे पर छापेमारी कर शराब की दर्जनों भट्ठियां ध्वस्त की है। इस क्रम में पुलिस ने तकरीबन दो हजार लीटर जावा महुआ विनष्ट किया है। शराब बनाने से जुड़े उपकरण भी जब्त किए हैं। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि ईंट भट्ठे पर शराब का निर्माण किया जा रहा है। इस आधार पर छापेमारी की गई। भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों की झोपड़ियों की तलाशी ली गई। ऐसा पाया गया कि दर्जनों झोपड़ियों में शराब निर्माण का काम हो रहा है। सबको ध्वस्त कर दिया गया। तलाशी में मिला जावा महुआ विनष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक लगते सभी मजदूर भट्ठा छोड़कर भाग गए। इस क्रम में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी का यह दौर लगातार जारी रहेगा। विदित हो कि इस थाना क्षेत्र का कुछ भाग काराकाट लोक सभा क्षेत्र में पड़ता है, जहां चुनाव होना है। इसको लेकर वाहनों की जांच, शराब के विरुद्ध छापेमारी जारी है।

## पुलिस ने अलग-अलग गांव से दो वारंटियों को किया गिरफ्तार



**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह पुलिस ने सोमवार की रात दो अलग अलग गांव से दो वारंटी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली की दो गांव के फरार दो वारंटी घर पर ही रह रहा है। पुलिस ने दरधा गांव में छापेमारी करते हुए मौलन सिंह को गिरफ्तार कर लिया।वही पुंडौल गांव से फरार वारंटी सूर्यदेव ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया।दोनो गिरफ्तार वारंटी को जेल भेज दिया गया है।

## लोस चुनाव : ओबरा प्रखंड में चला मतदाता जागरूकता अभियान



निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में एक जून को होने वाले कराकाट क्षेत्र में चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला के स्वीप कार्यक्रम के तहत आज ओबरा प्रखंड के रतनपुर पंचायत के बूथ नं. 273, 274 आदरणीय डीडीसी सर के नेतृत्व में संध्या चौपाल रखी गई। डीडीसी सर ने महिला एवं गांववालों को अपने मत का अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया एवं जागरूकता रैली भी निकाली। बीडीओ ओबरा, सीडीपीओ ओबरा, पीओ मनरेगा ओबरा एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। ग्रामीणों द्वारा शत प्रतिषत मतदान का भरोसा दिलाया।

# तबादले पर एडीजे रत्नेश्वर कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे) रत्नेश्वर कुमार सिंह को यहां से तबादले के बाद मंगलवार को भावभीनी विदाई दी गई। उन्हे बीएचयू से एलएलबी किए हुए अधिवक्ताओं ने आगे भी बेहतर कार्य करने की उम्मीद के साथ शुभकामनाएं दी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अधिवक्ताओं ने उन्हे सराहनीय कार्यो के लिए शॉल, बुके और पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एडीजे रत्नेश्वर कुमार सिंह ने कहा कि हमने भी बीएचयू से ही लॉ की पढ़ाई पूरी की है। कहा कि औरंगाबाद शांतिप्रिय शहर है। यहां



बार, बेंच और शहरवासी सभी बहुत अच्छे हैं। आप सबके आत्मीय लगाव के लिए हम आभारी है। गौरतलब है कि पटना हाईकोर्ट ने उनका तबादला व्यवहार न्यायालय जमुई के लिए किया है। वें औरंगाबाद में 20 दिसंबर 2020 से एसीजेएम पद पर रहे और 13 अप्रैल 2021 से एडीजे के पद को सुशोभित कर रहे थे। उन्होंने बड़ी संख्या में लंबित मामलों का निष्पादन किया। इस अवसर पर अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह, मुकेश कुमार, गुप्तेश्वर कुमार, आशुतोष कुमार पाठक, अभिनंदन कुमार, रोशन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, देवकांत कुमार, कुणाल कुमार सतीश कुमार स्नेही, न्यायालयकर्मी ओमप्रकाश, मनोरंजन, रमेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## अगलगी पीड़ित तीन परिवारों को सीओ ने दिया मुआवजा



**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सीओ कार्यालय में अग्नि पीड़ित परिवार अचूकी गांव निवासी निरंजन पासवान ,डिहवा गांव निवासी मुनिया देवी, दुलारी देवी को सीओ के द्वारा 12 हजार रुपये का चेक दिया गया। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि तीन आग लगी पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा के रूप में 12 हजार रुपये का चेक दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि छोटे सिंह , पंचायत समिति सदस्य कार्तिक शर्मा, अखलाखुर रहमान, इश्तियाक फरहान उपस्थित थे।

# ओबरा-गोह में स्वीप के तहत चला मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

निज संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। काराकाट क्षेत्र में मतदान 1जून को होना है और यहां वीटीआर बढ़ाने के लिए प्रशासन काफी गंभीर है। जिला पदाधिकारी महोदय के निर्देशानुसर हर विधान सभा क्षेत्र में बूथवाइज टीमें बना दी गई हैं। टीमों में आशा, जीविका दीदी, टोला सेवक एवं आंगनवाड़ी सेविका शामिल हैं। ये टीमें घर-घर जाकर जागरूकता फैला रही हैं और सभी को अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

इसी कड़ी में ओबरा एसी के बूथ नं. 345, 346, 349, 150, 151,



152, 153, 154, 155, 156, 157, 267 में घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। '1जून...हम हैं तैयार' का नारा दिया गया। इसी प्रकार गोह एसी में भी लो वीटीआर के बूथ जैसे बूथ नं. 17, 10, 169, 53, 54, 101, 202, 196 में भी जीविका दीदियां, आंगनबाड़ी सेविकाएं द्वार घर-घर अभियान चलाया गया। इसी क्रम में आज नबीनगर एसी-221 में बूथवाइज टीमों ने घर-घर घूमकर लोगो को जागरूक किया। बूथ संख्या 278, 279, 15, 51, 52, 221, 229, 312 म टीमों द्वारा दौरा किया गया। विधानसभा क्षेत्र 221 नवीनगर के अंतर्गत बारून प्रखंड के उज्ज्वल जीविका महिला ग्राम संगठन में लोक सभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत किया गया जिसमें सीसी संजय कुमार, सीएम सविता देवी, बीके कंचन कुमारी सीएम पूनम कुमारी, प्रतिमा कुमारी एवं सदस्य दीदी उपस्थिति रही।

## पटना सिटी में महिला से दो लाख की लूट बेटे की पढ़ाई के लिए लिया था लोन



निज संवाददाता | पटना

पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र में एक महिला से 2 लाख रुपए की लूट हुई है। पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रही महिला से अपराधियों ने रुपयों से भरा बैग छीन लिया। पीड़िता कविता सिंह की शिकायत पर केस दर्जकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मानस पथ निवासी कविता सिंह ने बताया कि बेटे को इंजीनियरिंग में एडमिशन लेना था। जिसके लिए गोल्ड रखकर बैंक से 2 लाख रुपए का लोन लिया था। बैंक से पैसा लेकर घर जा रही थी, इस बीच बाइक सवार दो अपराधी बीच सड़क पर बैग छीनने की कोशिश करने लगे। मैंने काफी विरोध किया, मुझे घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गए। आसपास मौजूद लोग देखते रहे, किसी ने मेरी मदद नहीं की। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। पटना सिटी के डीएसपी-2 डॉ. गौरव कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि महिला की शिकायत पर चौक थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपराधियों के तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## अज्ञात ट्रेन के चपेट में आकर नाबालिग की मौत

निज संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज स्टेशन के पूर्वी केबिन के पास सुबह में अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से काजीचक गांव निवासी राम अवतार चौधरी के 15 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार चौधरी की मौत हो गई ।आरपीएफ इंस्पेक्टर बीके सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 5:30 बजे सूचना मिली कि पोल संख्या 506/22 एवं 24 के बीच पूर्वी केबिन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। आरपीएफ के जवानों को भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद पहचान की गयी। मानसिक रूप से विछिप्त था, सोमवार को ही औरंगाबाद के लिए निकला था । लेकिन घर नहीं पहुंचने पर परिजन द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा था। सूचना मिलते ही परिजन शव के पास पहुंचे और पहचान किया। पंचायत के मुखिया संजय कुमार एवं परिजनों को शव को सौंप दिया गया।

## नेहरू और अटल पथ पर कई जगह स्ट्रीट लाइट खराब

निज संवाददाता

**पटना।** नेहरू पथ और अटल पथ पर कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट खराब हो गया है जिसके कारण रात में लोगों को परेशानी हो रही है। यह इलाका पॉश है तथा बगल में ही अफिसर्स फ्लैट भी है। अधिकारियों और नेताओं को इस रूट से अक्सर जाना जाता होता है लेकिन पिछले एक माह से चिड़िखाना गेट नंबर एक से सरदार पटेल भवन तक कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ा हुआ है। यही स्थिति अटल पथ पर है जिस पर आधा दर्जन स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई है। आयकर गोलंबर से सगुना मोड तक काफी संख्या में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई है। रूकनपुरा में नेहरू पथ पर तो अंधेरा छाया रहता है।

# जून तक होगी पटना के सभी मैनहोल की मरम्मत

निज संवाददाता

**पटना।** पटना नगर निगम की ओर से फरवरी तक सारे ओपन मैनहोल को ढकने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अभी तक यह काम पूरा नहीं हुआ है। अब इसकी तारीख बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। पटना नगर निगम सशक्त स्थाई समिति के सदस्य आशीष सिन्हा ने कहा कि जून तक शहर के सभी खुले एवं टूटे ढक्कन वाले मैनहोल और कैचपिट की मरम्मत कर पटना नगर निगम ओपेन मैनहोल फ्री सिटी घोषित कराने की तैयारी में है। इसके लिए मॉनिटरिंग की जा रही है। पटना नगर निगम देश का पहला निगम बनेगा जो ओपन मैनहोल फ्री रहेगा। निगम की अभियंत्रण शाखा को निर्देश दिया गया है कि वह एक नई सूची तैयार करें। जिससे जानकारी मिल सके कि कितने स्थानों पर मैनहोल के ढक्कन टूटे हैं। नगर आयुक्त के निर्देश के बाद सभी अंचलों में मैनहोल का सर्वे शुरू हो गया है। इसमें वार्ड के सफाई निरीक्षक का सहयोग लिया जा रहा है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433